डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
बुधवार
14.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 04
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-326 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह
जो गुजर गया उसकी चिंता नहीं करनी चाहिए, ना ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। समझदार लोग केवल वर्तमान में ही जीते हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड खेल नीति २०२२ का किया लोकार्पण

राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

स्कूलों में खेल शिक्षकों की होगी नियुक्ति, खिलाड़ियों को प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार के गठन के बाद से ही राज्य में खेल गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। आने वाले 5 वर्षों के लिए हमने नई खेल नीति बनायी है जिसका आज विधिवत रूप से लोकार्पण हुआ है। सरकार द्वारा बनायी गई यह खेल नीति राज्य के खिलाड़ियों, कोच तथा प्रशिक्षकों के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के नौजवानों में खेल के प्रति रुचि, जागरूकता और झुकाव को मैंने काफी करीब से समझने का काम किया है। यहां के खिलाड़ियों को प्लेटफार्म उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि राज्य सरकार द्वारा बनायी गई नई स्पोर्ट्स पॉलिसी हमारे खिलाड़ियों को बिना रुकावट खेल की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए मदद करेगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित झारखंड खेल नीति, 2022 का लोकार्पण एवं खिलाड़ी सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार खेल की दिशा में राज्य सरकार ने अपना कदम बढ़ाया है, निश्चित रूप से खेल के क्षेत्र में झारखंड देश का अग्रणी राज्य बनेगा।

खिलाड़ियों को सहायता राशि न्यूनतम 50 हजार : मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत के हिसाब से पॉलिसी में समय-समय पर बदलाव की जाएगी। मैंने पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग को इस संबंध में निर्देश भी दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में खेल पॉलिसी में बदलाव लाकर खिलाड़ियों को सहायता राशि के रूप में न्यूनतम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

खेलेगा झारखंड तो बढ़ेगा झारखंड

इस अवसर पर पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफिजुल हसन ने कहा कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से झारखंड खेल नीति, 2022 का लोकार्पण आज हो रहा है। यह खेल नीति मुख्य रूप से यहां के खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य, झारखंड में खेल गतिविधियों का प्रसार, युवाओं को रोजगार, आमजनों में आत्मविश्वास एवं झारखंड को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। खेल नीति में खिलाड़ियों को नौकरी एवं शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में खिलाड़ियों की कोई जाति, कोई मजहब, कोई धर्म नहीं होता है। खिलाड़ी केवल खेल भावना एवं राष्ट्रीय भावना से खेलता है और यह दिलों से दिल को जोड़ने का स्थान होता है। उन्होंने कहा कि यह खेल नीति प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित खेल विद्या में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि खेलेगा झारखंड तो बढ़ेगा झारखंड।

हर वर्ग को सहायता प्रदान कर रही सरकार

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि विगत 20 वर्षों में झारखंड में विकास की गति थम सी गई थी, वर्तमान सरकार ने राज्य की आंतरिक संसाधनों को बढ़ाने पर बल दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक-एक राज्य वासियों को सरकार का अंग बनाकर उनकी मदद से विकास की लंबी लकीर खींचने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड में पर्याप्त संसाधनों के अनुरूप ही हमारी सरकार हर वर्ग को कुछ न कुछ, किसी न किसी तरीके से सहायता प्रदान करने का काम कर रही है। हमारी सरकार बुजुर्ग, नौजवान, महिला, बच्चे सभी की चिंता कर रही है। सभी का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की जिम्मेदारी भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की खनिज-संपदा का लाभ हमेशा बड़े-बड़े व्यापारियों- प्रतिष्ठानों को जाता रहा है। हमारी सरकार इससे अलग हटकर राज्य के समस्त जनमानस को लाभ पहुंचाने, आदिवासी-मूलवासी बच्चों की प्रतिभा को निखारने की दिशा में यहां की प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर रही है।

नई खेल नीति पांच साल के लिए लागू होगी

नई खेल नीति पांच साल के लिए लागू होगी। इससे पहले राज्य में वर्ष 2007 में लागू हुई थी। नई नीति में खिलाड़ियों को 6 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति, पूर्व खिलाड़ियों को 10 हजार रुपये तक मासिक पेंशन, खेल प्रशिक्षकों को 10 लाख रुपये तक की सम्मान राशि का प्रावधान किया गया है। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्कूलों में खेल शिक्षकों की बहाली करेगी। इसमें खिलाड़ियों को प्राथमिकता मिलेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इन्हें सम्मान के रूप में 15 हजार से लेकर 10 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी गई। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही विभाग के पदाधिकारियों को न्यूनतम राशि 50 हजार रुपये करने के निर्देश दिए। खिलाड़ियों और कोच को कई सौगात खेल को बढ़ावा देने के लिए हर प्रखंड में अच्छे स्तर के खेल मैदानों का विकास किया जायेगा। योजनाबद्ध तरीके से राज्य के खिलाड़ियों के लिए डे-बोर्डिंग, क्रीड़ा किसलय केंद्र, आवासीय खेल विकास केंद्र व एकलव्य खेल अकादमी को बेहतर किया जायेगा। राज्य के सभी खिलाड़ियों के लिए देश का पहला खेल डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जायेगा। खिलाड़ियों का बनेगा डिजिटल डाटाबेस खेलों से संबंधित बनेंगे कई संस्था ह्य इसके अलावा ग्रामीण खेल केंद्र, खेल अकादमी, खेल विज्ञान, खेल प्रतिभा खोज, खेल संरचना विकास, प्रशिक्षक विकास, फिजिकल फिटनेस प्रोग्राम, खेल ब्रांडिंग और पारदर्शिता का भी प्रावधान किया गया है।

सीमित संसाधनों में तैयारी कर नंबर-1 बनते हैं हमारे खिलाड़ी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आप सभी ने देखा है कि पिछले दिनों देश के दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों ने झारखंड में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है तथा यहां के प्रशिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण भी लेने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के बच्चों ने कई खेलों में राज्य ही नहीं बल्कि देश का प्रतिनिधित्व किया है तथा पदक जीतकर विश्व में राज्य एवं देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी जो पूरी दुनिया में खेल के क्षेत्र में अपना जौहर दिखा रहे हैं, हमारे वे बच्चे बहुत ही सीमित संसाधनों में अपनी तैयारी करते हैं। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि हमारे बच्चे सीमित संसाधनों से निकलकर देश में अपना स्थान पहले पायदान पर रखते हैं और देश में नंबर वन खिलाड़ी के रूप में उभरते हैं। यहां के खिलाड़ियों की इसी जज्बा को और आगे ले जाने के लिए हमारी सरकार ने राज्य में नई खेल नीति लाने का काम किया है।

जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बीएन एस स्कूल ने सौरव राज को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। शहर के झंडा चौक निवासी गौरी शंकर गुप्ता के पुत्र सौरव राज को जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बीएन एस पब्लिक स्कूल तेंदुआ द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक राकेश रोशन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सौरव की सफलता विद्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इसके लिए छात्र के साथ-साथ उनके माता-पिता भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने मेहनत और लगन के बल पर सौरव ने जो मुकाम पायी है। सभी को उसका अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए फूल माला व उपहार देकर सम्मानित किया। मालूम हो कि जेईई एडवांस परीक्षा 2022 में सौरव राज ने ऑल इंडिया रैंक 4041 तथा ओबीसी रैंक 757 प्राप्त किया है। वहीं सौरव राज ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दी है। उसने बताया कि उसने प्रारंभिक से लेकर मैट्रिक तक शिक्षा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एसीबी की टीम ने राजस्व कर्मचारी को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा

मेदिनीनगर। एसीबी की टीम ने मंगलवार को चैनपुर के अचंल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी को 10 हजार रुपया घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार राजस्व कर्मचारी कन्हैया राम पलामू के चैनपुर अंचल में राजस्व कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। जानकारी के मुताबिक राजस्व कर्मचारी कन्हैया राम एक वादी से जमीन के प्लॉट को ऑनलाइन चढ़ाने के मामले में 12 हजार घूस की मांग किये थे। जबकि वादी घूस देने को तैयार नहीं था। जिसके बाद वादी के द्वारा इसकी शिकायत पलामू एसीबी टीम को दी गयी। एसीबी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डीसी के साप्ताहिक जनता दरबार में मानवता की जीत

जमीन पर बैठ सुनी समस्याएं, दिव्यांगता पेंशन किया स्वीकृत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। इससे पूर्व उन्होंने कार्यालय कक्ष के बाहर मिलने आये फरियादियों से मुलाकात की। इस दौरान उपायुक्त स्वयं फरियादियों संग जमीन पर बैठकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान पांडु के तीसीबार से आये चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी ने उपायुक्त को बताया कि उनकी 11 वर्षीय बेटी गीतांजलि जो पैरों से दिव्यांग है। उसका आज तक दिव्यांगता पेंशन नहीं बना है। इस पर उपायुक्त ने त्वरित रूप से संज्ञान लेते हुए सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष को दिव्यांगता पेंशन स्वीकृत करने हेतु निर्देशित किया। जिसके पश्चात आज के जनता दरबार में हुसैनाबाद से आये जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने एसबीआई के पथरा शाखा प्रबंधक के द्वारा ऋण देने के बदले तीस हजार घूस लेने एवं मानसिक प्रताड़ना करने के संबंध में शिकायत की। इस पर उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसबीआई के मुख्य प्रबंधक को बुलाकर मामले की जांच करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने कई अन्य मामलों में शिकायतकर्ता व संबंधित पदाधिकारी को आमने-सामने लाकर उक्त मामले को निष्पादित किया। इसी तरह धान अधिप्राप्ति के अन्य मामलें में चैनपुर से आये अमरजीत प्रसाद की उपायुक्त ने सहकारिता व जिला आपूर्ति ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

तिसीबार ग्रामनिवासी को सरकारी गाड़ी से भेजा घर

अभियान ऑक्टोपस के दौरान बूढ़ा पहाड़ पर पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

पुलिस को भारी पड़ता देख जंगल की ओर निकल गये नक्सली

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। बूढ़ा पहाड़ पर ऑक्टोपस अभियान के दौरान नावाटोली जंगल में मंगलवार को पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ सुबह दस से ग्यारह बजे के बीच हुई है। बूढ़ा पहाड़ पर हुए मुठभेड़ की गोली की आवाज निकटवर्ती गांव तिसिया व कुजरूम तक सुनाई पड़ी। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की ओर निकल गए। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बूढ़ा पहाड़ को खाली कराने के लिए माओवादियों के खिलाफ ऑक्टोपस अभियान चलाया जा रहा है। माओवादियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़ का क्षेत्र 55 वर्ग किमी में फैला हुआ है। बूढ़ा पहाड़ झारखंड के लातेहार व गढ़वा, छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से सटा है। जो माओवादियों का सुरक्षित ठिकाना रहा है। पुलिस अधीक्षक ने आगे बतायाकि बूढ़ा पहाड़ को माओवादियों से मुक्त कराना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती है। वर्ष 2018 के बाद पुलिस ने माओवादियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से तिसिया गांव के समीप बूढ़ा नदी पर पुल का निर्माण भी किया गया है। पुल के बनने से पुलिस को बूढ़ा पहाड तक आवागमन में काफी सहुलियत होगी।

इलाज के लिए सिंगापुर जायेंगे लालू यादव

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव इलाज के लिए सिंगापुर जाएंगे। लालू प्रसाद की ओर से रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में मंगलवार को याचिका दायर कर पासपोर्ट रिलीज करने की अनुमति मांगी गयी है। आरजेडी प्रमुख की ओर से अधिवक्ता ने याचिका दाखिल की है। अधिवक्ता प्रभात कुमार ने बताया कि पासपोर्ट रिलीज करने के लिए सीबीआई के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में याचिका दाखिल की गयी है। उन्होंने बताया कि विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद लालू प्रसाद की याचिका पर सीबीआई की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। सीबीआई के आग्रह को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 16 सितंबर निर्धारित की है। सूत्रों के मुताबिक लालू प्रसाद की ओर इलाज के लिए सिंगापुर के एक अस्पताल से 24 सितंबर का अपॉइंटमेंट लिया गया है, इसलिए विदेश यात्रा पर जाने के लिए सारी कानूनी अड़चनों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले पिछले महीने में चारा घोटाले के अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता लालू प्रसाद की ओर से अपना पासपोर्ट सीबीआई कोर्ट में जमा करा दिया गया है। जून महीने में रिन्यूअल के लिए लालू प्रसाद का पासपोर्ट रिलीज किया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

नेताओं के बच्चे ज्यादा तनाव, मानसिक विचलन और आलोचना के होते हैं शिकार

आरएनएम

नई दिल्ली। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ लिसेस्टर में एक शोध हुआ राज नेताओं के निजी जीवन पर। जिसमें पता चला कि नेताओं के बच्चे स्कूल में दूसरे बच्चों की तुलना में ज्यादा आलोचना के शिकार होते हैं। यदि उन बच्चों के राजनेता मां या पिता किसी कारण से सुर्खियों में हों या उनका नाम किसी घोटाले या अन्य विवाद से जुड़ा हो तब तो बच्चों को बहुत ज्यादा आलोचना व टिप्पणी का सामना करना पड़ता है। यही नहीं ,ऐसे बच्चों को किशोरावस्था को अपने साथियों से ज्यादा विरासत में मिली प्रसिद्धि का दबाव होता है।ऐसे में वे वही चीज अपनी मजी या स्वतंत्रता से नहीं कर सकते, जो दूसरे बच्चे या लोग अपने मन से कर सकते हैं। उनकी गलतियों पर उनकी आलोचना भी अपने साथियों से कहीं ज्यादा होती है, क्योंकि ज्यादातर लोगों की नजर उन पर होती है। इस कारण राजनेताओं के बच्चों में मानसिक विकार होने लगता है। इस बारे में शोधकर्ता प्रोफेसर एलिजाबेथ हुरेन का कहना है कि ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने तो अपने बच्चों को लोगों की नजरों से दूर रखने के लिए अपनी दो बेटियों, 16 साल की फ्रांसिस और 13 साल की लिबर्टी को 10 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

टेलिफोन कंपनियों को 28 के बजाय 30 दिन का प्रीपेड प्लान लाना होगा : ट्राई

अभी 28 दिन से एक साल में एक माह ज्यादा, कुल 13 माह का चार्ज कर रही हैं

-आरएनएम

नई दिल्ली। केंद्र सरकार से सेलफोन उपभोक्ता कई वर्ष से टेलिफोन कंपनियों की मनमानी, ग्राहकों को तरह - तरह से लूटने के तरीके ईजाद करने पर रोक लगाने की गुहार कर रहे हैं। पर अंबानी , वोडाफोन व अन्य कंपनियों को शह दे रही सरकार ग्राहकों व जनता की गुहार पर ध्यान ही नहीं दे रही । आजिज आकर कुछ उपभोक्ता संगठनों ने टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) व उसके आका सरकार के विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा खटखटाया । ऐसे में फंसता देख ट्राई ने सभी टेलीकॉम कंपनियों को मोबाइल रिचार्ज की वैलिडिटी 28 दिन के बजाय 30 दिन देने का निर्देश दिया है। यह भी निर्देश दिया गया है कि इसके साथ ही टेलीकॉम कंपनी को अपने प्लान में अब एक स्पेशल वाउचर, एक कॉम्बो

वाउचर पूरे महीने की वैलिडिटी के साथ लाना ही होगा। वैसे तो ट्राई ने सात माह पहले भी यह निर्देश जारी किए थे, लेकिन टेलीकॉम कंपनियों ने साहब मेहरबान तो हम पहलवान की तर्ज पर इसका पालन नहीं किया था। इसलिए ट्राई ने दोबारा सभी टेलीकॉम कंपनियों को यह निर्देश दिए हैं। अब देखिए केन्द्रीय हुक्मरान के खास सेठ अंबानी की कंपनी व अन्य कंपनियां ट्राई के इस आदेश का भी पालन करती हैं या नहीं।यदि इसका भी पालन नहीं करती हैं ,तो ट्राई कुछ करता है या नहीं? या फिर एक और निर्देश देकर अपने होने की खाना पूर्ति करता रहेगा। मालूम हो कि टेलीकॉम कंपनियों के मौजूदा प्लान में 28 दिन की वैलिडिटी होती है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को एक साल में 13 बार मासिक रिचार्ज कराना होता है। ट्राई के इस फैसले के बाद माना जा रहा है कि ग्राहकों की ओर से एक साल में कराए गए रिचार्ज की संख्या में कमी आएगी। ऐसा होने से ग्राहकों के एक महीने के अधिक रिचार्ज के पैसे बचेंगे।

ट्राई ने निर्देश का पालन करने के लिए 60 दिन का समय दे दिया है : ट्राई ने टेलीकॉम कंपनियों के लिए एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन के मुताबिक, सभी टेलिकॉम सर्विस प्रोवाइडर को 30 दिनों की वैलिडिटी वाले कम से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

जेजेएमपी के दो नक्सली गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र में फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोप में पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उनका संबंध प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) से है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने एके-47 और देशी कट्टा की गोली बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार नक्सलियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के अवसाने में ग्रामीणों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। जिस जगह पर गोली चली थी ग्रामीण उस इलाके से जा रहे थे। इसी क्रम में दो युवकों को ग्रामीणों ने भागते हुए देखा। बाद में ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और थाना ले गई। पूछताछ से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार नक्सली नागेंद्र सिंह चैनपुर के चांदो का रहने वाला है। जबकि राहुल कुमार सिंह लातेहार के छिपादोहर का रहने वाला है। दोनों ने पुलिस अधिकारियों को बताया है कि जेजेएमपी के टॉप एरिया कमांडर सूरज ने दहशत फैलाने के लिए अवसाने इलाके में एके 47 से फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद ग्रामीणों को आता देख सूरज फरार हो गया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बच्चा चोर गिरोह सक्रिय होने की अफवाह से क्षेत्र में भय का माहौल

अनजान को देखते ही खदेड़ने लग रहे हैं ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बच्चा चोर गिरोह के सक्रिय होने का अफवाह फैला हुआ है। बच्चा चोरी के अफवाह से क्षेत्र में भय का माहौल कायम हो चुका है।अफवाह का बाजार इतना गर्म है कि सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में लोग छोटे बच्चे को स्कूल भेजना बंद कर दिये हैं। बच्चों को अकेले घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे है। रात में किसी भी अनजान व्यक्ति को देखते ही लोग गांव से खदेड़ने लग रहे हैं। बच्चा चोरी के अफवाह का इतना असर लोगों के दिलो दिमाग में घर कर गया है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ग्रामीण घेर कर मारने पीटने लग रहे हैं। लोग डर कर रिश्तेदारी में भी जाना छोड़ दिए हैं। बच्चा चोरी का अफवाह कहां से फैलना शुरू हुआ यह

किसी को पता भी नहीं चल पा रहा है। अफवाह से सिर्फ आम लोग ही हलकान नही हैं । बल्कि पुलिस भी सारी रात परेशान रह रही है। रविवार की देर रात तीन लोग रेहला थाना क्षेत्र के भलूही झगरुआ गांव जा रहे थे। इसी बीच बच्चा चोर समझ कर ग्रामीण उन्हें खदेड़ने लगे। तीनो भागते भागते बिश्रामपुर थाना पहुंचे और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई। इन तीनों के पीछे पीछे ग्रामीण भी थाना गेट तक पहुंच गए और बच्चा चोरी के आरोप में सभी को जेल भेजने की मांग करने लगे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर वापस भेजा। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों को उनके घर वापस भेजा। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि अफवाह को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में कोई भी बच्चा चोर गिरोह सक्रिय नही है। किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दें। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। किसी भी परिस्थिति में कानून अपने हाथ में न लें।

सेंट्रो कार जब्त, ब्लेंडर प्राईड शराब की 60 बोतल बरामद

शराब कारोगारी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की रात जेपी चौक के समीप छापेमारी कर एक अवैध शराब कारोबारी समेत शराब लदे बीआरओ 2 एम 4501 सेंट्रो कार को जब्त किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि पुलिस दल रात्रि गस्ती में निकली थी इसी क्रम में सूचना मिली की कुछ अवैध शराब कारोबारी एक कार में शराब लेकर जा रहे है। सूचना की सत्यापन के लिए गस्ती दल में शामिल एएसआई रविरंजन सिंह को दी गई। गस्ती दल में शामिल लोगों ने त्वरित कार्रवाई के लिए उक्त स्थल पर पहुंचे, दूर से पुलिस की गाड़ी को आता देख चालक अपनी कार को रोककर भागने के लगा। लेकिन पुलिस के जवानों ने उसे दौड़ा कर धर दबोचा। जब कार की तलासी की गई। तो उसके डिक्की के अंदर एक जुट के कपड़े में विदेशी शराब भरा हुआ पाया गया। पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम सौरभ कुमार सिंह गांव जयपाल बिगहा, थाना मदनपुर, जिला औरंगबाद का निवासी बताया। गिरफ्तार कारोबारी ने बताया कि जपला आकाशदीप होटल के बगल में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से शराब खरीदा था। थाना प्रभारी ने बताया कि उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पकड़े गए धंधेबाज को मेदिनीनगर न्यायालय भेज दिया गया।

फिल्म निर्माण कार्यशाला में शामिल हुए जीसीपीए कॉलेज के छह छात्र

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। पाटलिपुत्र सीने सोसाइटी द्वारा क्षेत्रीय फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार व झारखंड के चयनित प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें झारखंड से 14 प्रतिभागियों का चयन किया गया था। जिसमें जमशेदपुर से 1, रांची से 1, हजारीबाग से 3 एवं पलामू से 9 प्रतिभागी शामिल हुए। इस कार्यशाला में फिल्म निर्माण से संबंधित बारीकियों पर प्रकाश डाला गया। भारतीय सीने जगत पटकथा लेखक एवं फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित कमलेश पांडेय ने प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से फिल्म निर्माण में भारतीयता का कैसे समावेश सके, इस पर प्रकाश डाला। आपको बतां दे कि पलामू से चयनित 9 छात्र में 6 छात्र गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के थे जो कार्यशाला में भाग लिए। पटना से लौटने के बाद सभी छात्रों को कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल ने उन्हें सम्मानित किया और उनका हौसला अफजाई किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि कॉलेज के सभी चयनित छात्रों ने कॉलेज को गौरवंन्वित करने का कार्य किया है। इसके लिए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। वहीं चयनित सभी छात्रों में धर्मेंद्र, मुकेश , मुन्ना, नागेश, पंचम पुजारी एवं हिमांशु ने भी कॉलेज के संस्थापक सचिव को सम्मानित किया और कहा कि इनके बदौलत ही हम पटना में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया है कॉलेज प्रबंधन के हम सभी आभारी हैं। छात्रों के सम्मनित कार्यक्रम पर कॉलेज के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

ऋतिक व निधि ने आईआईटी व अंकिता ने एनआईटी में मारी बाजी

नवीन मेल संवाददाता



हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के भाई बिगहा निवासी बसंती देवी की पुत्री ने आईआईटी में 2331 व बिन्दुबिगहा निवासी बबलू सिंह के पुत्र ऋतिक ने 9326 वां रैंक प्राप्त किया है। जबकि हैदरनगर बाजार के बैंक रोड निवासी विजय लाल की पुत्री अंकिता के एनआईटी में 6953 वां रैंक पाने की खबर से स्थानीय लोगों में काफी खुशी है। तीनों सफल विद्यार्थियों की प्रारंभिक शिक्षा हैदरनगर में ही हुई है। उनके अभिवावकों के अनुसार इन सफल विद्यार्थियों ने कोचिंग का सहारा भी नहीं लिया है। ऋतिक व निधि ने बताया कि दो वर्ष तक कोविड काल में घर पर ही इसकी तैयारी की। उन्होंने कहा कि माता पिता की प्रेरणा व अनुशासन ही इस सफलता का मूल मंत्र रहा है। उन्होंने कहा कि उनके अध्ययन में मोबाइल फोन का प्रयोग भी काफी सहायक रहा है। उन्होंने कहा कि लगन से पढ़ाई करने वालों बच्चों को इंटरनेट का प्रयोग अनर्गल विषयों में नहीं करनी चाहिए। हैदरनगर के बैंक रोड निवासी विजय लाल की पुत्री अंकिता इनके समाज की पहली बच्ची है। जिसने एनआईटी की परीक्षा में शामिल होकर सफलता हासिल की। इसकी प्रारंभिक शिक्षा बाजार मध्य विद्यालय व मैट्रिक जवाहर नवोदय विद्यालय जपला से हुई। जबकि इंटर जवाहर नवोदय विद्यालय गढ़वा से की है। अंकिता बताती हैं कि उन्हे तैयारी करने के दौरान काफी कठिनाइयों से गुजरना पड़ा है। गत वर्ष परिवार के सभी लोग माता पिता भाई बहन कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। फिर भी इसकी तैयारी में कोई कोताही नहीं की। अपनी मेहनत व परिवार के लोगों की हिम्मत ने उन्हे इस मुकाम तक पहुंचाया है। इनकी सफलता पर विधायक कमलेश कुमार सिंह, जिला पार्षद संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह व शाहनाज प्रवीन, पंसस शैलू जयसवाल, उपमुखिया पवन जयसवाल, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, नंदलाल प्रसाद, सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, पूर्व मुखिया कमलेश सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

भाकपा ने 16वां जिला सम्मेलन का किया आयोजन

देश से सांप्रदायिक ताकतों को उखाड़ फेंकने की जरूरतः भुवनेश्वर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 16 वां पलामू जिला सम्मेलन कामरेड गोपाल पाठक सभागार हॉल गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल बेलवाटिका में किया गया। जिसकी शुरूआत पार्टी का झंडा फहरा कर राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने किया और इसके बाद सभी कार्यकर्ता मांदर के थाप पर पलामू का 16 वां जिला सम्मेलन रहा, जैसे गगनभेदी नारे लगाए। सम्मेलन की अध्यक्षता 4 सदस्यी कृष्ण मुरारी दुबे, मुनाजरूल हक, समसुद्दीन अंसारी एवं सरिता देवी ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन राज्य सचिव भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। उन्होंने कहा कि देश एवं राज्य के अंदर सांप्रदायिक ताकतों को उखाड़ फेंकने की जरूरत है और इसके लिए संगठन को धार धार बनाना होगा। आज भ्रष्टाचार चरम पर है दलित एवं महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है । ऐसी परिस्थिति में कम्युनिस्ट पार्टी की प्रासंगिकता बढ़ गई है। समारोह को राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने संबोधित किया । उन्होंने कहा कि देश में कॉरपोरेट राज कायम है । आज के समय में इन कारपोरेट घरानों आरएसएस जैसी ताकतों से लड़ने के लिए लाल झंडा को संगठित होना होगा। इसके बाद भाकपा जिला सचिव ने अपने तीन साल के कार्यकाल का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिसे सभी लोगों ने ध्वनि मत से इसे पास किया। इसके बाद 50 वर्ष पूरा किए हुए कम्युनिस्ट पार्टी के पांच वरिष्ठ वामपंथी नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, समसुद्दीन अंसारी, संतु सिंह, सच्चिदानंद पाठक को शॉल ओढ़ाकर जिला सचिव ने सम्मानित किया। सम्मेलन में भाकपा माले के जिला सचिव आरएन सिंह,वरिष्ठ वामपंथी नेता नंदलाल सिंह, शौकत अली खान, राजद नेता धीरेंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह, उपेंद्र सिंह, श्रद्धानंद तिवारी, आदि को माला पहनाकर स्वागत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन गढ़वा जिला के साथी गणेश सिंह ने की। अंत में 51 सदस्यी जिला कमेटी का गठन किया गया और इतने ही डेलीगेट हजारीबाग राज्य सम्मेलन 23,24,25 सितंबर के लिए चयनित किये गए। सम्मेलन के अंत में सर्वसम्मति से रुचिर कुमार तिवारी को पुनः पलामू जिला सचिव निर्वाचित किया गया। सम्मेलन में आलोक कुमार तिवारी, भोला सिंह,फेकन उरांव,जीतन उरांव,ललन कुमार सिन्हा, बबन राम, जनेश्वर राम, अलाउद्दीन, सुषमा देवी,बिमला कुअंर अमरेश विश्वकर्मा, गनउरी भूइंया,रंगू मोची,पुरनचनद साव, सोनू खान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सदर एसडीओ व एमवीआई ने की स्कूली वाहनों की जांच

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे के निर्देश पर मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर राजेश कुमार साह एवं एमभीआई रंजीत मरांडी की टीम द्वारा स्कूल वाहनों के जांच हेतु गहन अभियान चलाया गया। परिवहन विभाग द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षित आवागमन हेतु मानक निर्धारित किए गए हैं। जिसे सभी विद्यालय वाहनों पर कड़ाई से पालन किया जाना है। महत्वपूर्ण मानकों में स्कूल वाहनों में स्पीड गवर्नर, जीपीएस सिस्टम लगाना अनिवार्य। वाहन में फर्स्टएड, अग्निशमक यंत्र लगाना अनिवार्य है। वाहनों का रंग सुनहरा पीला होगा, वाहनों का कमर्शियल, फिटनेस एवं परमिट होना अनिवार्य है। टीम ने रांची रेड़मा रोड टीओपी-2 के समीप पांच वाहनों को रोककर उनके इंश्योरेंस, फिटनेस, प्रदूषण, वाहन परमिट,चालक का ड्राइविंग लाइसेंस आदि कागजातों की जांच की गयी। जिसके पश्चात स्कूल के संचालकों द्वारा वांछित कागजात प्रस्तुत किए गये । जिसके उपरांत सभी वाहनों को छोड़ दिया गया। जिले में बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों का संचालन नहीं होगा। इसके लिए स्कूल संचालकों को समय रहते अपने वाहनों फिटनेस करा लेनी चाहिए।

आज सी –टेट उतीर्ण अभ्यर्थी संघ का धरना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनग । अखिल झारखंड सीटेट उतीर्ण अभ्यर्थी संघ द्वारा रांची में बुधवार को धरना दिया जायेगा। जिसमें पलामू सहित राज्य के सभी सीटेट पास अभ्यर्थियों का महाजुटान होगा। संघ के द्वारा बताया गया कि रांची में डोरंडा कॉलेज के मेन गेट के पास सुबह 9 बजे सभी अभ्यर्थियों का जुटान होगा। संघ के प्रतिनिधियों के द्वारा मंत्रीगण से मिलकर ज्ञापन दिया जायेगा।अभ्यर्थियों की मांग है कि राज्य में होने वाली शिक्षक बहाली में सीटेट पास वाले अभ्यर्थियों को भी मौका मिलना चाहिये। ज्ञात हो कि राज्य में अभी तक केवल दो बार ही जेटेट की परीक्षा आयोजित की गई है।

त्रिस्तरीय पंचायत में जनप्रतिनिधियों को दिया जायेग प्रशिक्षण

मेदिनीनगर। त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित विभिन्न प्रकार के योजनाओं के सुचारू रूप,ससमय, एवं सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाना है जिसकी तिथि निर्धारित कर ली गयी है।इस बाबत उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने संबंधित पदाधिकारियों को जनप्रतिनिधियों को सफल प्रशिक्षण दिए जाने को लेकर निर्देशित किया है। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्धारित तिथियों को प्रखंड स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी मूलभूत आवश्यक सुविधाएं तथा वेबकास्टिंग हेतु इंटरनेट उपकरणों की समुचित व्यवस्था रखने हेतु निर्देशित किया है।वहीं उप विकास आयुक्त मेघा भरद्वाज ने सभी बीडीओ को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को गंभीरता पूर्वक लेने एवं इसे सफल बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करने की बात कही है।जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिये जाने को लेकर अलग-अलग प्रखंडों के5 लिए अलग-अलग तिथि निर्धारित की गयी है। वहीं प्रशिक्षक का भी चयन कर लिया गया है।

जनता के कार्यों के लिए नहीं खुलता पंचायत भवन का ताला

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। देश का सबसे प्रिय व गरिमामय वाक्य जो शायद ही कहीं कहीं लिखा मिलता है सत्यमेव जयते। लेकिन जब जनप्रतिनिधि ,सरकारीकर्मी भी इसका मजाक बनाये तो पालन कौन करेगा। पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा का पंचायत भवन जो कभी सदियों से खुलता हीं नहीं है । चाहे कोई भी मुखिया बने या वार्ड सदस्य मात्र कार्यकारिणी बैठक के दिन खुलता है यह भवन। दरवाजा के उपर लिखा शब्द सत्यमेव जयते का भी परिहास किया जा रहा है। ग्रामीण जनता प्रतिदिन पंचायत का चक्कर लगा रहे हैं । राशन कार्ड,पेंशन,आय जाति जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए पंचायत के शंखा कुण्डी सहित अन्य गांव के लोग रोज 10 किलोमिटर की दुरी सफर कर निराश हताश होकर थककर मायूस होकर घुम रहे हैं। गलत जगह पंचायत भवन बना है । वहां जाकर कार्य करना मेरे लिए संभव नहीं है। हम साल में दो चार बार जा सकते हैं।

हुसैनाबाद की ग्रामीण सड़कों की स्थिति जर्जर

किसान ब्रिगेड व ग्रामीणों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद । प्रखंड अन्तर्गत सोनबर्षा, झरी खुर्द, बरवाडीह ,फूलडीहा, पीपरडीह, बेगमपुरा, तरी,तकिया आदि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई हैं। किसान बिग्रेड के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि गड्ढे भरे सड़कों के चलते लोगों को अपने बच्चे को स्कूल, मरीज को अस्पताल तथा बाजार बिना वाहन के आना पड़ रहा है। एक तो पहले से ही सड़क की गुणवत्ता के चलते सड़क कमजोर थी। परंतु विगत कुछ वर्षों से एफसीआइ बेगमपुरा को जाने वाली ओवरलोडेड वाहनों का आवागमन मुख्य सड़क की बजाय इस शॉर्टकट ग्रामीण सड़क से होने लगा है। जिसके चलते ग्रामीणों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली सड़क में तीन से चार फीट गड्ढा हो गया है। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भरने के चलते गाड़ी तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने प्रमुख ग्रामीणों के साथ इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण को ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि मार्ग जर्जर होने के चलते अक्सर राहगीर, स्कूली बच्चें और मरीज दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। अगर ग्रामीणों के आवागमन लायक तत्काल सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो किसान ब्रिगेड शांतिपूर्वक इस सड़क पर धनरोपनी कर विरोध प्रगट करने के साथ चरणबद्ध आंदोलन भी करेगा। आस पास गांवों के ग्रामीण युवाओं के साथ किसान बिग्रेड के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण के द्वारा सरकार से इस सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन देने में क्षेत्र के राहुल कुमार, श्रवण कुमार, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, रजनीश सिंह, विशाल, संजय और सुरेंद्र सिंह आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

कार्यालय जिला परिषद, पलामू
(जिला अभियंता शाखा)
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04/2022–23 (ReTender)

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के संशोधित स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 740/जि0प0, दिनांक 10.09.2022 द्वारा प्राप्त आदेश के आलोक में वित्तीय वर्ष 2021–22 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध निधि अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त– 1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में निबंधित संवेदकों से F_2 प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 16.09.2022 एवं 19.09.2022 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 21.09.2022 (मध्याह्न 12:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 21.09.2022 (अपराहन 02:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6. निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7. निविदा खोलने का स्थान :–जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

ग्रुप क्र0	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
Group-I	चैनपुर	कोशियारा	रामपुर	अमृत सरोवर योजना अन्तर्गत 1 एकड़ सरकारी भूमि पर सरोवर का निर्माण।	1824900.00	36500.00	5000.00	3 माह
Group-II	हुसैनाबाद	बेनी कला	सबानो	अमृत सरोवर योजना अन्तर्गत 1 एकड़ सरकारी भूमि पर सरोवर का निर्माण।	1742700.00	35000.00	5000.00	3 माह
Group-III	हुसैनाबाद	उर्दवार मंजुराहा	घुरूआ	अमृत सरोवर योजना अन्तर्गत 1 एकड़ सरकारी भूमि पर सरोवर का निर्माण।	1755500.00	35500.00	5000.00	3 माह
Group-IV	पाँकी	हुरलौंग	गोगाड़	अमृत सरोवर योजना अन्तर्गत 1 एकड़ सरकारी भूमि पर सरोवर का मरम्मति।	843500.00	17000.00	2500.00	3 माह
Group-V	पाँकी	अम्बाबार	लुकुआ	अमृत सरोवर योजना अन्तर्गत 1 एकड़ सरकारी भूमि पर सरोवर का मरम्मति।	1329900.00	27000.00	5000.00	3 माह

निविदा की शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचला पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.277626 District(22-23):D

न्यूज गैलरी

आपसी मारपीट में युवक घायल

विश्रामपुर। थाना क्षेत्र के कविलाशी गांव में मंगलवार को मामूली विवाद में एक युवक सुजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में किया जा रहा है। घायल युवक की पहचान कविलाशी गांव निवासी तलुसी राम का पुत्र सुजीत कुमार है, प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक सुजीत को एक छोटे बच्चे से मामूली नोक झोंक हुई थी। जिसकी जानकारी छोटे बच्चे के परिजन को हुआ और दोनो तरफ से विवाद शुरू हो गई। जिसमें सुजीत कुमार के हाथ पर (बरछा) भाला से हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोट लगी है। वही परिजनों ने मामले की जानकारी आवेदन के माध्यम से विश्रामपुर पुलिस को दी है। जिस पर पुलिस द्वारा छान बीन की जा रही है।

पलामू सांसद खेल का आयोजन

पाटन। पलामू जिले के हर प्रखंडों में सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता किशुनपुर सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया सुमन गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने आयोजन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। मौके पर बीजेपी कार्यसमिति के सदस्य प्रफुल्ल सिंह, पुलिस निरीक्षक विष्णुदेव पासवान, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, संसद के निजी सचिव अलख दुबे,ओपी प्रभारी बिनोद कुमार राम, प्रखंड खेल कोऑर्डिनेटर ईश्वरी पांडे, अखिलेश पांडे, विनय उपाध्याय, अमरीश श्रीवास्तव, दिनेश कश्यप बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जदयू के वार्ड अध्यक्ष बने लालदीप व उपाध्यक्ष अरूण

हरिहरगंज। युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह के निर्देश पर सोमवार को थाना के समीप नदी रोड स्थित जदयू कार्यालय में युवा जदयू कार्यकर्त्ताओं की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता युवा जिला जदयू अध्यक्ष अमरजीत कुमार यादव ने की। इस दौरान लालदीप यादव हरिहरगंज नगर पंचायत के वार्ड नं 03 के वार्ड अध्यक्ष और अरूण कुमार यादव उपाध्यक्ष बनाये गये। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष अमरजीत यादव ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडो में संगठन की मजबूती के लिए अभियान चलाकर वार्ड से लेकर पंचायत स्तर तक कमिटी का गठन करने का कार्य चलता रहेगा। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को तत्पर रहने का सुझाव दिया। इसके पहले सभी को युवा जिला अध्यक्ष अमरजीत ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर बबलू कुमार, डोमन यादव, लवकुश कुमार, अमित कुमार, अरूण कुमार यादव आदि मौजूद थे।

आईटीआई में ऑफलाइन नामांकन 17 तक

हुसैनाबाद। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हुसैनाबाद में 13 से 17 तक छात्रों का नामांकन ऑफलाइन लेने की सूचना जारी की है। संस्थान प्रबंधन की जारी सूचना के मुताबिक इससे पूर्व आवेदकों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इसके बाद भी रिक्त पड़े सीटों को भरने के लिये ऑफलाइन फॉर्म इच्छुक आवेदकों को भरने का मौका 13 से 17 सितंबर शाम पांच बजे तक दिया गया है। आवेदकों को फॉर्म के साथ मैट्रिक का प्रवेश व अंक पत्र, प्रोविजनल परित्याग प्रमाण, जाति व आवास प्रमाण देना अनिवार्य होगा। नामांकन फॉर्म वर्तमान के स्पष्ट फोटो चिपकाने के निर्देश दिये गए हैं।

भाजपा की बैठक कल

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद स्थित उदय विश्वकर्मा ने पार्टी कार्यालय में 15 सितंबर को हुसैनाबाद विस क्षेत्र के मंडल प्रभारी एवं मंडल के सभी अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है। जानकारी देते हुए हुसैनाबाद नगर मंडल के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया जायेगा। इसमें मुख्य रूप से पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, प्रफुल्ल सिंह, ललन सिंह, विपिन बिहारी सिंह सहित पार्टी के वरीय नेता मौजूद रहेंगे। उन्होंने उक्त बैठक में सभी को ससमय उपस्थित रहने की अपील की है।

कोई भी समस्या हो तत्काल हम से मिलें : सीओ

सतबरवा। भूमि संबंधित कोई भी समस्या हो ,तत्काल हमसे मिलें उक्त बातें सतबरवा सीओ प्रशांत ने प्रभार लेते ही कहा उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता को कोई भी काम हो तो हमसे आकर मिलें। बिचौलिए दलाल से बातें ना करें। हर काम तुरंत होगा। पत्रकार के द्वारा पूछा गया की बहुत दिनों से अंचल कार्यालय में समस्या लंबित पड़ी हुई है । कितने सीओ आये और गये पर समस्या जस का तस पड़ा हुआ है। इस पर उन्होंने कहा कि जितने भी लंबित समस्या है, जल्द से जल्द निपटाने का प्रयास करूंगा और ग्रामीण जनता से आग्रह करता हूं की कोई भी काम हो हमसे फेस टू फेस मिले। किसी के माध्यम से न मिले। बिचौलियों का मेरे ऑफिस में कोई जगह नहीं है।

मठ की भूमि साबित हुई तो अपना दावा छोड़ देंगे : सरोज

हरिहरगंज। शहर के अररूआ खुर्द स्थित मठ की जमीन को लेकर उत्पन्न विवाद में भूमि क्रेता एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुशवाहा तथा शिव यादव ने कहा है कि अगर कोई भी दस्तावेज से उक्त भूमि मठ का साबित होता है। तो उस पर से वह अपना दावा छोड़ देंगे। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि भू राजस्व निर्धारण के माध्यम से रामशरण साव को प्राप्त हुआ था। उनकी मृत्यु के बाद पत्नी सुरजी देवी ने बांके बिहारी जायसवाल को केवाला कर दिया। बाद में बांके बिहारी जायसवाल की पत्नी से वे लोग उक्त भूमि को खरीदा है। बिहारी बिहारिणी प्रमोद वन बड़ी कुटिया अयोध्या के महंत सत्यनारायण दास ने भी उक्त भूमि से अपना बजदावा दे दिया है। इसके बावजूद उक्त भूमि को बिहारी बिहारिणी प्रमोद वन बड़ी कुटिया मठ का बताकर विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर किसी भी सामाजिक बैठक में वह अपना पक्ष रखने को तैयार हैं। मालूम हो कि गत रविवार को सरोज कुशवाहा तथा शिव यादव द्वारा उक्त भूमि पर कब्जा के लिए पायलिंग किया जा रहा था। जिसे उग्र ग्रामीणों द्वारा कार्य को रोक दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि को महादेव लाल नामक व्यक्ति ने वर्षों पहले बिहारी बिहारिणी मठ को दान में दी थी।

पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों ने सौंपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। पलामू सहित अन्य जिले के अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल विधायक और मंत्रियो को नियुक्ति की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने बताया कि दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी नियुक्ति की मांग किया गया था। जिसमें मुख्यमंत्री के द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है।आज कैबिनेट की बैठक होनी है। जिसमें सभी मंत्रियो को पंचायत सचिव के नियुक्ति की मांग को लेकर ज्ञापन दिया जा रहा है। गौरतलब है कि राज्य में 3088 पदों पर पंचायत सचिव की नियुक्ति की जानी है। विगत पांच वर्षों से नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। पंचायत सचिव के नियुक्ति की सभी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

न्यूज गैलरी

मूल कैम्प रसीद खोने पर सनहा दर्ज

मेदिनीनगर। भूमि विकास बैंक में कार्यरत राजीव घोष पिता गोपाल चन्द्र घोष जो धनबाद के निवासी है। अभी वर्तमान में उनका कार्य क्षेत्र छतरपुर में है। मंगलवार के दोपहर राजीव घोष के कैम्प की रसीद जो बैंक से उनके नाम पर है। वह छतरपुर में कही गिर गयी है। मूल कैम्प की रसीद संख्या 241225 से 241250 तक थी। इसकी सूचना उन्होंने छतरपुर थाना प्रभारी को देते हुए सनहा दर्ज कराई है।

समृद्धि की पाठशाला ने नैंसी गुप्ता को सम्मानित किया

मेदिनीनगर। स्थानीय जीएलए कॉलेज की विद्यार्थी नैंसी गुप्ता को मिशन समृद्धि की ओर से परीक्षा में टॉपर होने पर बधाई दी गई और सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है की सत्र 2019-21में अंग्रेजी विषय में नैंसी कॉलेज टॉपर रही। लेकिन कोविड की वजह से कॉलेज में इस वर्ष मार्च में परीक्षा आयोजत की गई थी। जिसका परिणाम अगस्त माह में आया। विगत सात वर्षों से चल रहे निः शुल्क समृद्धि की पाठशाला में नैंसी गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा है। मिशन समृद्धि संस्था की सदस्य बैजन्ती गुप्ता और संतोष गुप्ता की पुत्री है नैंसी गुप्ता। संस्था के पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों के बीच नैंसी का सम्मानित होना एक प्रेरणादाई संदेश है। संस्था के द्वारा उसके मंजिल तक पहुंचने की शुभकामना दिया गया। नैंसी गुप्ता के रूप में कम उम्र से ही समाज के लिए अच्छा काम करना एक अच्छा उदाहरण है। मौके पर संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।

स्व. कुलभूषण नथुनी का 166वां जन्मदिन मना

मेदिनीनगर। शहर के सदीक मंजिल चौक नावाटोली स्थित नीरज वर्मा कंपलेक्स में पलामू जिला चंद्रवंशी समाज के जिला अध्यक्ष विकी चंद्रवंशी के नेतृत्व में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के संस्थापक स्वर्गीय कुलभूषण नथुनी प्रसाद सिंह का 166 वा जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया गया। मौके पर उपस्थित समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे समाज स्वर्गीय कुलभूषण मंत्री प्रसाद चंद्रवंशी जी का जन्म 13 सितंबर 1856 पटना सिटी के मारूफगंज में इन्होंने अपने छोटे से उम्र में ही समाज को एकत्र करने का प्रण लिया था और 1906 में इन्होंने जातीय आधारित रजिस्ट्रेशन का आवेदन किया। जिनको 1912 इसवी में रजिस्टर्ड जातीय संस्था का रजिस्ट्रेशन हुआ । आज इनके विचारों को सभी चंद्रवंशी समाज के युवा लोगों ने संकल्प लिया की हमारे समाज में जो स्व.नथुनी बाबू अधूरा कार्य के छोड़ कर गए हैं ,उसे हम लोग पूरा करेंगे । मौके पर उपस्थित विजय चंद्रवंशी, अमित चंदेल ,नीरज वर्मा, विष्णु चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी ,आकाश कुमार चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, सचिन चंद्रवंशी ,रंजीत चंद्रवंशी ,पिंटू चंद्रवंशी ,शंभू चंद्रवंशी, मुन्ना चंद्रवंशी ,राजेंद्र चंद्रवंशी तथा अन्य चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे।

निरंतर प्रयास से ही होगा विकास कार्य: यास्मीन

मेदिनीनगर। वार्ड संख्या 27 के वार्ड आयुक्त कमर यास्मीन ने अपने वार्ड क्षेत्र के कार्य मे निरंतर लगी रहती है। कोरोना काल के बाद अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर निगम की बैठक में मुखर भी रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक उज्जवला योजना के तहत स्थानीय आस्था गैस एजेंसी से 250 से अधिक लाभुकों को गैस सिलेंडर और चूल्हा का लाभ दिया गया। वही वैसे लाभुक जो आर्थिक रूप से कमजोर है वैसे परिवार को राशन कार्ड का लाभ दिया गया। जिसमें 300 से अधिक परिवारों को राशन योजना से जोड़ा भी गया है। वार्ड में रहने वाले परिवारों में सरकार के द्वारा दी जाने वाली सभी पेंशन जैसे विधवा ,दिव्यांग, तलाकशुदा,एकल वृद्धा पेंशन में 300 लोगो को लाभ दिया गया। आज सभी को पेंशन का लाभ मिल रहा है। जिससे जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब के पास उसका अपना आवास के तहत वार्ड में 200 लोगो का आवास बनाया गया। अभी भी कई लोगो का आवास निर्माणधीन है। उसके अलावा कई लोगों को आवास योजना का लाभ देने की प्रक्रिया चल रही है। अभी तक 20 लाख से अधिक लागत से नाली का निर्माण किया गया। पहले बारिश के मौसम में वार्ड में रहने वाले लोगो के घरो में पानी आ जाती थी। उससे लोगो को निजात मिला। लोगों के घरो तक 22 लाख की लागत से सड़क का निर्माण कराया गया। आज कोई भी घर ऐसा नही है। जहां सड़क नही गई हो। लोगों को सड़क के बनने से आवागमन की सुविधा हुई है। वार्ड में सभी जगहों पर चापाकल लगवाया गया है। अब लोगों को पानी के लिए दूर जाने की जरूरत नही होती है। गर्मी के दिनों में पानी के लिए दूर से पानी भरने की समस्या से लोगों को निजात मिल गई।

हिन्दवासियों के लिये पहचान है हिन्दी,आज हिन्दी दिवस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आज पलामू में हिंदी दिवस मनाई जायेगी। 14 सितंबर को पूरे देश में हिन्दी दिवस के अवसर पर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता हैं । वर्तमान समय में लोग अंग्रेजी भाषा को ज्यादा महत्व देने लगे हैं। जिस वजह से भारत में लोगों को हिंदी भाषा का महत्व समझाने के लिए हिंदी दिवस को मनाया जाता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित करवाने के लिए काका कालेलकर, हजारीप्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविन्द दास आदि साहित्यकारों को साथ लेकर व्यौहार राजेन्द्र सिंह ने अथक प्रयास किये। हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन अफसोस कि अब हिंदी दिवस महज रस्म अदायगी बनकर रह गया है। हर साल हिंदी दिवस के दिन लच्छेदार भाषा में ट्वीट की बाढ़ आ जाती है। बयानों की झड़ी लग जाती है। लेकिन हिंदी की सेहत नहीं सुधरती। आजादी के 75 साल गुजर चुके हैं। हम आजादी के अमृत काल में उत्साह के अमृत कलश में गोते लगा रहे हैं।

क्यों है हिंदी दिवस की जरूरत : आज हमारा पुरा देश ही नहीं बल्कि समूचे विश्व हमारी भारतीय सभ्यता और संस्कृति से प्रभावित है, हमारी संस्कृति को अपना रहे हैं। हमे इसपर गर्व होना चाहिए। परन्तु आज हमे इस विषय पर चिन्तन भी करना चाहिए कि हमारी सभ्यता और संस्कृति के साथ साथ हमारी मातृ भाषा हिंदी की वर्तमान स्थिति क्या है। वर्तमान में एक खास भावना हिंदी भाषी क्षेत्रों में जड़ पकड़ने लगी है कि बिना अंग्रेजी जाने बेहतर भविष्य संभव नहीं है। जाहिर है अंग्रेजी भाषा के बढ़ते अवसर और गैर अंग्रेजी भाषी लोगों के प्रति हिकारत की एक दबी भावना ने इसे और बल दिया है। भारत में अंग्रेजी भाषा को लेकर लोगों की मानसिकता ऐसी है कि लोग अंग्रेजी बोलने वाले लोगों को ही नौकरी में प्राथमिकता देना पसंद करते हैं। धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने वाले को समाज में सम्मान की नजर से देखा जाता है। आखिर हिंद वासियों के मन में अपनी भाषा को लेकर गर्व की भावना क्यों नहीं आई।

हिन्दी की गरिमा बनाये रखने की जरूरत : आज के समय मे आवश्यकता है कि हिंदुस्तान के साधारण लोग अपने अंग्रेजी के अज्ञान पर लजाएं नहीं, वे गर्व के साथ हिन्दी भाषा का प्रयोग करें। एक बार महान समाजवादी विचारक डॉ. लोहिया ने कहा था कि 'मैं चाहूंगा कि हिंदुस्तान के साधारण लोग अपने अंग्रेजी के अज्ञान पर लजाएं नहीं, बल्कि गर्व करें। हमारी मातृभाषा हिंदी एक वैज्ञानिक और सरल भाषा है। हिंदी भाषा के महत्व को लोगों को समझाने के लिए हमें इसे भी बराबर प्राथमिकता देनी होगी। लोगों को यह समझाना होगा कि हिंदी भाषा अंग्रेजी से अधिक महत्वपूर्ण है,हिन्द वासियों की पहचान है हिन्दी।

11 हजार रुपये व मोबाइल लेकर फरार हुआ जालसाज

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के एलआईसी बिल्डिंग रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में दो जालसाजों ने एक व्यक्ति से 11 हजार रूपये नगद और मोबाइल जालसाजी कर फरार हो गये। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम कसमार निवासी अनील यादव मंगलवार को मेदिनीनगर पंजाब नेशनल बैंक में पैसा जमा करने आया था। जब वह काउंटर पर पैसा जमा कर रहा था । तभी दो व्यक्ति उसके पास पहुंचे और उसे एक रुमाल में कागज का बंडल बांधकर दिया और कहा कि यह दो लाख है, इसे पकड़ो हम लोग बाहर से आते हैं । तुम अपना मोबाइल और 11 हजार रुपया हमें दो ताकि हमें विश्वास रहे कि तुम पैसा लेकर नहीं भागोगे। उनके बातों का विश्वास कर अनिल यादव अपना मोबाइल दोनों अज्ञात व्यक्ति को दे दिया। तभी दोनों व्यक्ति बैंक से निकलकर चले गये। जिसके बाद से वह वापस लौट कर बैंक में नहीं आये। एक-दो घंटे बीत जाने के बाद भी जब वह नहीं आए तो अनिल को शक हो गया कि वह दोनों व्यक्ति फ्रॉड थे। इसके बाद अनील ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान शिवा यादव और जावेद अंसारी बैंक परिसर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे की जांच की परंतु उन व्यक्तियों का पता नहीं चल पाया है। वही इस घटना के बाद से पुलिस इस मामले से संबंधित घटना की जांच कर रही है।

16 से 30 सितंबर तक पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पर्यटन स्थलों पर 16 से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पर्यटन स्थलों एवं उसके आसपास के विद्यालयों में चलाया जायेगा। झारखंड सरकार,पर्यटन,कला संस्कृति,खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पखवाड़ा के तहत संभावित कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार कर कार्यक्रम का क्रियान्वयन जन सहयोग-जन अभियान से किया जाना है। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में जिन गतिविधियों को क्रियान्वित किया जाना हैं । उनमें 16 सितंबर से 20 सितंबर तक विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों व स्थानीय लोगों के समूह के साथ सभा करके नो सिंगल यूज प्लास्टिक तथा प्लास्टिक कप के स्थान पर कुल्हड़ एवं पत्ताप्लेट का उपयोग करने हेतु जागरुकता का प्रसार किया जायेगा। इसी तरह 21 सितंबर से 24 सितंबर के बीच पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनाये रखने,प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने,कचड़े को कूड़ादान में ही डालने संबंधित सूचना बोर्ड लगाया जायेगा। 25 से 27 सितंबर तक पर्यटन स्थलों के पास विद्यालयों से सामंजस्य कर पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता हेतु मास लेवल पर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। वहीं 28 से 30 सितंबर तक विभिन्न पर्यटक स्थलों पर श्रमदान से प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन व वेस्ट कलेक्शन कराने हेतु स्वच्छता ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।

स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त के निर्देश पर जिला सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा मंगलवार को अपग्रेडेड राजकीयकृत +2 हाई स्कूल,लोहड़ा व राजकीयकृत +2 हाई स्कूल सिलदाग, छतरपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग,इमरजेंसी सेवाए, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी

गयी। छात्र-छात्राओं को यह भी बताया गया कि कैसे सड़क दुर्घटना के नियंत्रण करने हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करना चाहिए तथा अपने घर परिवार के सदस्यो,मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि सड़क दुर्घटनाएं किसी व्यक्ति विशेष कि नहीं होती । सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है । जिसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। सड़क सुरक्षा सेल के द्वारा स्कूली छात्रों के बीच प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न फिल्में दिखा कर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

भगवान के दर्शन के साथ पौधों का भी अवलोकन करेंगे श्रद्धालु: कौशल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पड़वा प्रखंड के लोहड़ा देवी मंदिर परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल ने 21 विलुप्त प्रजाति के पौधा पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ लगाया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाई। पर्यावरणविद ने पौधरोपण के दौरान कहा कि आने वाले समय में वहां देश-विदेश के 51 प्रजाति के पौधे लगाए जायेंगे। जो दर्शनार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। उसकी छटा ही श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेगा। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि आज जो पौधे लगाए जा रहे हैं । इसमें कई पौधे विदेश के हैं और कई पौधे बिल्कुल विलुप्ति के कगार पर है। जिसमें कल्पतरु,कर्नाटक के सफेद चंदन, हिमाचल के कपूर, भूटान के सिंदूर, तमिलनाडु के लाल चंदन, नेपाल के रुद्राक्ष, नेपाली बेल, परिजात, आंवला, शमी, अमलतास, हरे, कदम, महोगनी, आम, अमरूद, जहरकनैल, करीपत्ता, बरगद और पीपल समेत कुल 21 प्रजाति के पौधों लगाए गए। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि वर्ष 2022 में उन्होंने नेपाल भूटान समेत देश के 10 राज्यों में 2 लाख पौधों का निःशुल्क वितरण, रोपन एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन के साथ पर्यावरण पर बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों में जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण पर संगोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया है। जिसकी शुरूआत प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी के द्वारा जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से माह जुलाई में कर दिया गया है । आज उसी कड़ी में पौधों का रोपण किया गया । इस पुनीत कार्य में उपस्थित श्रीकांत मिश्रा, पारसनाथ मिश्रा ,कृष्णचंद्र मिश्रा, कृष्णानंद तिवारी, आलोक तिवारी ,अवधेश मिश्रा ,आशीष मिश्रा ,विपिन मिश्रा ,गुड्डू भुइयां , नारद महतो, नागेश्वर मिश्रा ,पिंकू मिश्रा ,धीरज गौतम ,अमित मिश्रा ,पंकज मिश्रा ,रामप्रवेश मिश्रा ,सत्येंद्र मिश्रा धनवंत मिश्रा, एवं बैसाखी भुइयां आदि शामिल थे।

सदर अस्पताल से महिला दलाल गिरफ्तार

पुलिस अन्य दलालों की कर रही तलाश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा के नेतृत्व में मंगलवार को एक और महिला दलाल को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिला का नाम नाजिया परवीन है। उक्त महिला के द्वारा सदर अस्पताल में वर्षों से दलाली का काम करने का आरोप है। इस महिला की वजह से कई ग्रामीण बर्बाद हो चुके हैं। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार महिला नाजिया परवीन ग्रामीण क्षेत्र के इलाके से आने वाले मरीजों का पैसा ऐंठने का काम करती है। लोगों को बहला-फुसलाकर सरकारी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराती है। इस महिला को कई बार पुलिस के द्वारा पकड़ा गया। परंतु समझा-बुझाकर छोड़ दिया जाता है। फिर भी इसने सदर अस्पताल में दलाली का धंधा करना नहीं छोड़ा है। इसके साथ कुछ ग्रामीण इलाके की स्वास्थ्य सहिया भी शामिल हैं जो प्रतिदिन सदर अस्पताल में सक्रिय रहते हैं। इन स्वास्थ्य सेवाओं के द्वारा भी ग्रामीण मरीजों को ठगने का काम किया जाता है। अस्पताल के कुछ स्टाफ द्वारा बताया गया है कि महिला वार्ड में एएनएम और काम करने वाली दाई के द्वारा अस्पताल से छुट्टी करने के नाम पर किशोरी महिलाओं के परिजनों से मनमाने पैसे वसूले जाते हैं। बताते चलें कि सदर अस्पताल में ग्रामीण क्षेत्र से गरीब महिला ही इलाज कराने आती है। जिन्हें यहां के दलालों द्वारा प्रतिदिन लूटने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा बाहर में लगे प्राइवेट एंबुलेंस के ड्राइवर भी इस दलाली के धंधे में शामिल हैं, लोगों ने इसकी जानकारी कई बार अस्पताल अधीक्षक और सीएस को भी दिया गया है। इसके बावजूद भी अस्पताल कर्मी व दलालों पर किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की



न्यूज गैलरी

मंझिआंव में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर की गई बैठक

मंझिआंव/गढ़वा। नगर पंचायत क्षेत्र बस स्टैंड मे नवदीप संघ दुर्गा पूजा कमिटी के द्वारा एक बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता रामप्रसाद राम एवम शहजाद अंसारी ने किया। वही दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा महोत्सव शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु युवा में दुर्गा पूजा नवरात्रि के दौरान कार्यों को सफल संचालन हेतु अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव कार्यकारिणी सदस्य सक्रिय सदस्य का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष शनि चन्दरबंशी एवम गुड्डू रंगशाज को अध्यक्ष पद मनोनीत किया गया,वहीं उपाध्यक्ष अजय चन्दरबंशी, जाबेद अंसारी, पिंटू खान को बनाया गया। तो वहीं सचिव सतीश चंद्रवंशी, गुड्डु चंद्रवंशी टिंबर खान,एवम बाबू खान को बनाया गया। संरक्षक राम प्रसाद राम एवं शहजाद अंसारी को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष दीपक राज,अलीम अंसारी एवम अमित वर्मा को बनाया गया। बैठक में सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

हसनदाग-मेराल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की हो निष्पक्ष जांच : सत्येंद्र नाथ तिवारी

गढ़वा। पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने पुलिस अधीक्षक गढ़वा से भेट की। उन्होंने कहा कि हासनदाग की घटना में अनावश्यक रूप से कई निर्दोष लोग को जो अज्ञानता वश भीड़ का हिस्सा तो बने किंतु निर्दोष हैं। पुलिस प्रशासन अविलंब गहन जांच कर जो अनावश्यक रूप से जेल के सलाखों के पीछे बंद है एवं कई लोग घर बार छोड़कर गिरफ्तारी के भय से भागते फिर रहे हैं। सरकार हत्या के कारणों की गहनता से जांच कर इस पूरे घटनाक्रम में चाहे जो भी दोषी हो या प्रशासनिक पदाधिकारी या अन्य कोई भी हो, जिस किसी की भी संलिप्तता हो, उनपर कार्रवाई करे लेकिन निर्दोष लोगों को अविलंब जेल से निकलने का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में काम करे। साथ ही साथ अनावश्यक जो निर्दोष भागते फिर रहे हैं, उनका भी इस केस से नाम हटाया जाए ताकि घर परिवार के साथ सामान्य जीवन जी सकें। पुलिस अधीक्षक ने पूरा भरोसा दिलाया है कि बहुत ही जल्द निर्दोष को बरी एवं दोषी पर कार्रवाई का प्रतिवेदन सुस्पष्ट मंतव्य के साथ समर्पित किया जाएगा।

राजी में दुर्गा पूजा कमिटी का गठन, संकेत श्रीवास्तव बने अध्यक्ष

खरौंधी(गढ़वा)। प्रखंड के राजी बस्ती के ग्रामीण ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मानेंगे। इसको लेकर ग्रामीणों की एक बैठक राजी चौपाल में किया गया। जिसमे दुर्गा पूजा की सफल संचालन हेतू सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमे कमेटी का अध्यक्ष संकेत कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शशि पासवान, सचिव अमर प्रताप मेहता, उपसचिव अनिरुद्ध पासवान, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद गुप्ता तथा आदित्य प्रसाद गुप्ता को बनाया गया। अध्यक्ष संकेत कुमार श्रीवास्तव ने बताया इससे पूर्व लॉकडाउन में दुर्गा पूजा आयोजित करने में पूर्णतः छूट नहीं थी। लेकिन लॉकडाउन के बाद इस वर्ष कमेटी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाएगी। इसके दुर्गा पूजा के लिए कमेटी के लोग आज से ही लग गए है। इसके अलावे महाभारत सीरियल का भी आयोजन किया जायेगा। इस दौरान कमेटी के कृष्णा गुप्ता, मोतीलाल पासवान, राजेश कुमार मेहता, गिरिवर पासवान, अनुज गुप्ता, रमेश पटेल, संजय लाल श्रीवास्तव, रंजन कुमार पासवान, संतोष कुमार मेहता आदि उपस्थित थे।

हिंदुस्तान युनिलीवर के डुप्लीकेट उत्पाद बेचने वाले तीन दुकानों में छापामारी, तीन व्यक्ति गिरफ्तार

गढ़वा। पुलिस ने हिंदुस्तान युनिलीवर के डुप्लीकेट उत्पाद सामान बेचने वाले तीन दुकान में छापामारी कर 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में गढ़वा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा मोहल्ला निवासी स्वर्गीय राम लखन प्रसाद का पुत्र रमेश कुमार पाठक, मोहल्ला निवासी राजेंद्र प्रसाद का पुत्र रोहित राज उर्फ रोहित कुमार एवं राहुल कुमार केसरी के नाम शामिल हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि शहर के इंदिरा गांधी रोड स्थित उन्नति सिंगार बली शाह लाइन तथा सुप्रिया सिंगार में हिंदुस्तान युनिलीवर के डुप्लीकेट उत्पाद सामान बेचने का प्राथमिकी गढ़वा थाने में दर्ज कराया गया था। इसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान तीनों दुकान से हिंदुस्तान युनिलीवर के डुप्लीकेट सामान बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने तीनों के विरुद्ध गढ़वा थाने में कांड संख्या 505 /22 के तहत 12 सितंबर को धारा 420 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

प्रखंड कार्यालय गेट पर जलजमाव होने से आवागमन में हो रही परेशानी

भवनाथपुर। प्रखंड कार्यालय गेट पर जल जमाव से लोंगो को आवागमन में कीचड़ होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सोमवार को प्रखंड कार्यालय में विधायक भानु प्रताप साही के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजन में प्रखंड कर्मियों ने चंदा इकठा कर गढ़ा भरने के लिए मिटी डलवाया था जिससे कीचड़ व गढ़ा भरने के बजाय बारिश होने से और नारकीय स्थिति हो गई । कीचड़ के कारण दो पहिया वाहन चालक व पैदल आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अनाज गोदाम में बड़ी बड़ी गाड़ी से अनाज लाने व लेजाने से और भी काफी कीचड़ हो जा रहा है। बताते चलें कि प्रखण्ड परिसर के अंदर ही सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र, कौशल विकास केंद्र, पशु स्साल, अनाज गोदाम, व प्रखंड अंचल भवन है। जिसमे सैकड़ो महिला पुरूषो को प्रतिदिन कार्य से आना जाना होता है। कीचड़ के कारण लोंगो को काफी परेशानी हो रही है। इस बावत बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि जल्द ही उसमें मोरम पथर डलवा कर ठीक करा लिया जायेगा।

सिविल सर्जन की बैठक का नाराज चिकित्सकों ने किया बहिष्कार, कहा

स्वास्थ विभाग में अधिकारियों की मनमानी काफी बढ़ गई है

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। सदर अस्पताल के चिकित्सकों की नाराजगी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा बुलाई गई बैठक का चिकित्सकों

▶ डीएस और डीपीएम अपमानित करने का लगाया आरोप

ने बहिष्कार किया। 3:30 बजे से आयोजित बैठक में एक भी चिकित्सक उपस्थित नहीं हुए। हालांकि चिकित्सकों ने बैठक के 2 घंटा बाद सिविल सर्जन से मिलने पहुंचे और एक दिन का समय मांगते हुए अगले दिन अपनी बातों को रखने की बात कही। इसपर सिविल सर्जन ने चिकित्सकों पर दबाव बनाते हुए कहा कि चिकित्सकों को जो भी समस्या है, उसे आज ही रखना होगा। उन्होंने चिकित्सकों पर दबाव बनाते हुए कहा कि यदि मंगलवार को ही बैठक में सभी बिंदुओं पर निर्णय नहीं लिया गया तो आगे चलकर सभी चिकित्सकों कठिनाई का सामना करना होगा। सिविल सर्जन ने कहा कि घर का मामला बाहर निकल गया है। ऐसे में मामले को घर में ही बैठकर निपटाने की जरूरत है। उधर चिकित्सकों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए कहा कि स्वास्थ विभाग में अधिकारियों की मनमानी बढ़ गई है। डीएस और डीपीएम चिकित्सकों को अपमानित करने का कार्य करते हैं। चिकित्सकों ने कहा कि सिविल सर्जन के द्वारा आयोजित बैठक का उन लोगों द्वारा बहिष्कार किया गया हैं लेकिन सिविल सर्जन से मिलकर उन लोगों द्वारा अपनी समस्या को रखेंगे। अगर उस पर अस्थाई समाधान नहीं निकल पाया तो आगे के निर्णय पर

बाध्य होगे। विदित हो कि डीएस पर कई गभीर आरोप लगाते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल में इमर्जेंसी दवाएं की कमी के कारण इलाज में बाधा होने तथा उच्चतर संस्थान में रेफर करने को विवश होने की बात कही है। साथ ही वार्ड में भर्ती मरीजों को बेडाशीट व अन्य आवश्यक सामग्री नहीं होने के कारण चिकित्सकों के मरीजों व जनप्रतिनिधियों का कोपभाजन बनने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

मरीज आने पर कार्यरत चिकित्सक को बेवजह परेशानी उठानी पड़ती है

चिकित्सकों ने उपाधीक्षक को स्वमूल्यांकन करने की नसीहत देते हुए कहा कि विगत दिनों उपाधीक्षक ने सदर अस्पताल से हड्डी रोग के मरीज को बाहर रेफर होकर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जैसे बयान दिए थे, लेकिन उस पर कितना अमल हुआ है। जबकि हड्डी के आपातकालीन मरीज के आने पर चिकित्सक द्वारा जिले के एकमात्र हड्डीरोग विशेषज्ञ सह उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह को फोन लगाया जाता है तो वे फोन ही नहीं उठाते हैं। डीएस एवं सिविल सर्जन को जिला मुख्यालय में रहना होता है लेकिन प्रतिदिन शाम होते ही गढ़वा मुख्यालय त्याग देते हैं। ऐसे में हड्डी के मरीज आने पर कार्यरत चिकित्सक को वेवजह परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में हड्डी रोग का

▶ चिकित्सकों ने छुट्टी को लेकर भी डीएस के व्यवहार पर सवाल उठाये

अलग ओपीडी निर्धारित होना चाहिए ताकि हड्डी का मरीज को दिखाने में कोई कठिनाई ना हो चिकित्सकों ने अपनी छुट्टी को लेकर भी डीएस के व्यवहार पर सवाल उठाते हुए कहा कि आपात स्थिति में भी चिकित्सकों को छुट्टी नहीं दी जा रही है। इसके अलावा चिकित्सकों ने डीएस द्वारा चिकित्सकों को संबोधित करने के गलत तौर तरीके, दूसरे चिकित्सक को सहमत कर छुट्टी पर जाने वाले डाक्टर की छुट्टी नहीं देने में मौलिक अधिकार का हनन किए जाने आदि की ओर भी ध्यान दिलाया है। चिकित्सकों ने कहा कि सबसे गंभीर बात तो यह है कि कोई लाचार व्यक्ति जब ब्लड बैंक में ब्लड नहीं मिलने की शिकायत लेकर आता है तो डीएस द्वारा यह कहा जाता है कि आप बाहर से खरीद लें सदर अस्पताल की विधि व्यवस्था इतनी बिगड़ गई है कि सदर अस्पताल में एक भी दवा उपलब्ध नहीं है गरीब असहाय लोगों को अपना गहना गिरवी रख कर सदर अस्पताल में दवा खरीदना पड़ता है गढ़वा सदर अस्पताल हाथी का दांत साबित हो रहा है इससे पूर्व जितना ही संसाधन था उसमें सदर अस्पताल बहुत अच्छे ढंग से चल रहे थे लेकिन नया दिए जाने के बाद अस्पताल में उथल-पुथल मच गया है आम लोगों के साथ साथ चिकित्सक भी सदर अस्पताल के विधि व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिए हैं

विकलांगता को मात देकर दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना खाला गांव के अमज

दिपु सिंह

धुरकी। कुदरत ने पेट दिय है तो उसे आहार भी देते हैं। कहा जाता है कि मेहनत करने वाले कभी भूखे नहीं रहते। चाहे विकलांगता हो या गरीबी परिश्रम करने वाला अपनी दो जून कु रोटी जुगाड़ कर ही लेता है। ऐसा ही धुरकी प्रखंड के पंचायत खाला गांव के अकबर हुसैन अंसारी के 32 वर्षीय पुत्र अमज अंसारी दोनों हाथ व पैर से दिव्यांग है वाह एक कदम भी नहीं चल पाता है। इसके बावजूद भी अपनी मेहनत के बदौलत अपना ही नहीं अपने दो पुत्र एवं अपनी पत्नी का भरण पोषण एक गांव में ही एक सड़क के किनारे पान गुमटी खोलकर कर रहा है। उसने बताया कि हम घर से जब आते हैं तो ट्राई साइकिल पर बैठकर आते हैं। हमे परिवार के लोग हमें लाकर दुकान पर बैठा देते हैं। हम दुकान में पान गुटखा खैनी एवं अन्य सामानों को बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। उसने बताया कि हमें सरकारी लाभ

में पेंशन मिलता है लेकिन हमें राशन व आवास का लाभ नहीं मिला। जबकि हमने इसके लिए कई बार मुखिया व प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिया लेकिन अब तक हमारे आवेदन पर सुनवाई नहीं हुई। उसने बताया कि हम दोनों हाथ व पैर से शत प्रतिशत दिव्यांग हैं, जिसका प्रमाण पत्र भी हमें चिकित्सक के द्वारा मिली है। प्रमाण पत्र के साथ हमने आवेदन किया है। लेकिन अभी तक अंतोदय राशन योजना में नाम जुड़ा नही है ना ही सरकारी आवास उपलब्ध हुआ।

मध्याह्न भोजन बंद हो जाने से छात्रों की उपस्थिति भी हुई कम

विद्यालयों में एमडीएम की राशि खत्म, मध्याह्न भोजन बंद

बिट्टू सिंह

केतार।केतार प्रखंड के सभी 44 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन (मीड डे मील) की राशि समाप्त हो गई है। इन विद्यालयों में छात्रों को भुखे पेट पढ़ाई करना पड़ रहा है।

▶ बच्चे घर से लंच बॉक्स लेकर विद्यालय पहुंच रहे है

विद्यालय प्रबंधन समिति पर किराना दुकान और सब्जी विक्रेताओं का काफी अधिक राशि बकाया हो गया है।

कुछ विद्यालयों में बची हुई राशी या दुकानदार के रहमोकरम पर एमडीएम संचालित हो रही। आधे से अधिक विद्यालयों में मध्याह्न

भोजन बंद हो जाने से क्षइसका असर छात्रों पर पड़ रहा है। जिस कारण विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति पहले की अपेक्षा कम हो गई। वहीं बच्चे घर से लंच बॉक्स लेकर विद्यालय पहुंच रहे हैं। प्रखंड के ,मध्य विद्यालय सिंहपुर, मध्य विद्यालय, पाचाडुमर, मध्य विद्यालय आमवाडीह, मध्य विद्यालय परती, मध्य विद्यालय

आवंटन के अभाव में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बंद है जबकि आधे विद्यालय में प्रधानाध्यापक अपने स्तर से मध्यान्ह भोजन चला रहे हैं।

–राम विजय साह, एमडीएम ऑपरेटर, केतार।

कधवन, मध्य विद्यालय बलीगढ़ ,प्राथमिक विद्यालय नावाडीह, प्राथमिक विद्यालय लतमरवा, प्राथमिक विद्यालय चंदवापर विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से बात करने पर बताया की राशि समाप्त होने के बाद मध्याह्न भोजन बंद कर दिया गया कुछ दिनों तक अपने स्तर से एमडीएम चलाया गया फिलहाल बंद है।इधर वेंडर रामाश्रय प्रसाद ने बताया की ज्यादा खर्च होने के कारण प्रधानाध्यापक राशन नहीं ले जा रहे हैं। जबकि कुछ विद्यालयों में राशन आपूर्ति की जा रही है। सरकार द्वारा मध्यान्ह भोजन के लिए कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्रों को 4.96 पैसा प्रति छात्र और कक्षा पांच से आठवीं के छात्रों को 7.45 रू उपलब्ध कराई जाती है। उल्लेखनीय है की बच्चे स्कूल में नियमित आएं और उनका पोषण स्तर समान्य रहे इस आशय से सरकार ने मध्याह्न भोजन की शुरूआत की है। बच्चों को पुर्व निर्धारित मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन दिया जाना है। मध्यान भोजन मद में केन्द्र सरकार 60 फीसदी वहीं राज्य सरकार 40 फीसदी खर्च वाहन करती है। हालांकि अंडा के लिए शत प्रतिशत राज्य सरकार वहन करती है।

अवैध पैथोलॉजी के जाल में फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं सैंकड़ो मरीज

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। जिले में इन दिनों प्रतिदिन सैंकड़ों मरीज अवैध पैथोलॉजी के जाल में फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस अवैध पैथोलॉजी के कारोबार में समाज के नामी-गिरामी लोग भी शामिल हैं। लिहाजा इनके खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करने से कतराती है। जिले के मरीजों की जिंदगी पूरी तरह भगवान के रहमो-करम पर निर्भर है। एक तरफ जहां जिले के सबसे बड़े अस्पताल सदर अस्पताल का हाल-बेहाल है। वहीं तो दूसरी तरफ झोला छाप डॉक्टरों की वजह से मरीजों की जान सांसत में है। ना केवल डॉक्टर बल्कि पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड तक के मामले में भी पूरे जिले में फजीर्वाड़े का खेल चल रहा है. आलीशान बिल्डिंग से लेकर झुग्गी झोपड़ी तक में डॉक्टरों और नर्सिंग होम के बोर्ड लगे हुए हैं जहां मरीजों का आर्थिक शोषण जारी है। जिला मुख्यालय ही नहीं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्लिनिक और पैथोलॉजी की भरमार है। सूत्र बताते हैं कि जितने भी डॉक्टर प्रैक्टिस कर रहे हैं, उसमें लगभग 50 फीसदी चिकित्सकों के पास ही वैध डिग्री प्राप्त है। इसके अलावा अजब-गजब डिग्री भी बोर्ड पर लिखे होते हैं और विश्व विद्यालय या संस्था के भी नाम भी अजीबो-गरीब होते हैं। खास बात यह है कि इस फजीर्वाड़े के इस खेल से विभागीय अधिकारी ही नहीं जिला प्रशासन भी बखूबी वाकिफ है। बावजूद इसके ऐसे पैथोलॉजी के विरुद्ध ना तो कभी जांच की गयी है और ना ही इन पर नकेल कसने के लिये कोई कार्रवाई ही की गयी है। लिहाजा ये कहना वाजिब ही होगा कि सबों ने एक दूसरे को मौन समर्थन दे रखा है।

कर्मचारियों के लिए भी आवश्यक योग्यता अनिवार्य

जानकारी के मुताबिक केवल एमडी पैथोलॉजिस्ट या डीसीपी डिप्लोमा इन क्लिनिक पैथोलॉजी डिग्री धारक ही कोई पैथ लैब खोल सकते हैं। साथ ही पैथ लैब के कर्मचारियों के लिए भी आवश्यक योग्यता अनिवार्य है। सूत्रों की मानें तो अधिकतर पैथोलॉजी इंटर, बीए पास द्वारा चलाई जा रही है। जो वर्षों बाद डीएमएसटी में डिप्लोमा कर लेते हैं। जबकि इतनी योग्यता रखने वाला व्यक्ति का पैथलैब में सिर्फ सहयोगी का ही काम कर सकता है। कई पैथलैब में एमडी पैथोलाजिस्ट की जगह एमबीबीएस रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करते हैं। इतना ही नहीं उनका सहयोग करने के लिए साधारण टेकनीशियन होते हैं तो कभी-कभी साक्षर भी रहते हैं। गौरतलब है कि किसी भी पैथोलॉजिस्ट के लिए एक दिन में 20 से अधिक स्लाइड देख पाना संभव नहीं है लेकिन जिले में साधारण पैथोलॉजी के कर्मचारियों द्वारा सैकड़ों स्लाईड देखा जाता है।

सड़क पर भवन की सामग्री गिराने वालों पर लगेगा जुर्माना

जमशेदपुर। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर सड़क पर भवन सामग्री, यथा ईट , गिट्टी, बालू, बजरी या कचरा रखने वाले लोगो को चिन्हित करते हुए जुमार्ना राशि वसूल किया गया । पूजा के दौरान किसी भी प्रकार से श्रद्धालुओं का परेशानी नहीं हो रास्ते पर पड़े भवन सामग्री या अन्य से दुघर्टना की संभावना बनी रहती है । अरुण कुमार , संजीत सिंह विद्यापति नगर, मोहन पटेल न्यू ले आउट सीताराम डेरा से कुल रुपए 9000 जुमार्ना वसूल किया गया एवं चेतावनी दी गई 24 घंटे के भीतर सामग्री को स्वतरू नहीं हटाने पर प्रतिदिन जुमार्ना राशि बढ़ाते हुए सामग्री को जब्त कर लिया जाएगा। उक्त कार्यवाई प्रभारी कर दारोगा के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल के द्वारा किया गया ।

बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

श्री बंशीधर नगर। बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्यवन समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने मंगलवार को चितविश्राम ग्राम स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय व मध्य विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया.निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चों की कम उपास्थिति देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिये अभिभावकों की बैठक बुलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों से आवेदन लेकर ही उन्हें छुट्टी दें। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा कोर्स पूरा करा देना महत्वपूर्ण नही है,कोशिश होना चाहिए कि बच्चे कोर्स पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 के बच्चे

भी अंग्रेजी नही पढ़ पा रहे हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उच्च विद्यालय में कक्षा संचालित होने के बाद भी दो शिक्षकों के वर्ग में नही जाने पर उन्होंने कहा कि कक्षा का खाली रहना शिक्षकों के किस मानसिकता को दशार्ता है। एमडीएम के सम्बंध में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो मानक निर्धारित है,उसमें कोताही बर्दास्त नही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शिक्षकों का कर्तव्य है।

भारतीय आदिम जनजाति परिषद केंद्रीय कमेटी के बैनर तले किया गया प्रदर्शन

वन भूमि पर आश्रित परिवार को पट्टा देने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। प्रखंड मुख्यालय के प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को भारतीय आदिम जनजाति परिषद के केंद्रीय कमेटी के बैनर तले विशाल जन प्रदर्शन कर विभिन्न मांगो को लेकर बीडीओ कालिदास मुंडा को राज्यपाल के नाम 21 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस प्रदर्शन में भारतीय भूईया विकास परिषद भारतीय आदिम जनजाति परिषद, भारतीय आदिवासी विकास परिषद, भारतीय वन अधिकार परिषद, झारखंड जन संघर्ष मोर्चा, भारतीय जन मुक्ति पार्टी सहित कई संगठन मिलकर जन आक्रोश रैली का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में रैली के रूप में चिनियां चपकली मोड़ से चलकर चिनिया थाना मोड़ होते हुए पुनः कार्यालय पहुंची ।इस दौरान लोगों ने कई नारे लगाए। मांग पत्र में चिनिया थाना क्षेत्र के डोल गांव के सोनी देवी बलात्कार कर हत्या करने वाले को

लेकर फांसी की मांग की। वहीं आदिम जनजातियों के 35 किलो चावल डाकिया योजना के साथ प्रधानमंत्री राहत योजना के 5 किलो राशन देना सुनिश्चित करने, आदिम जनजाति के चिनिया प्रखंड के राशन घोटाला को जांच करने, धुरकी प्रखंड के व्यास मुनि प्रहिया के हत्याकांड में शामिल आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग की गयी। वहीं श्रम विभाग के माध्यम से आदिवासी आदिम जनजाति गरीब दलित लोग रजिस्ट्रेशन से वंचित है जिसे श्रम कार्ड बनाकर लाभान्वित करने, मझिआंव प्रखंड के जाहरसराई के निर्मला कुंवर के बलात्कारी को हत्यारों को फांसी देने, वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं 2008 कानून के तहत वन भूमि पर आश्रित परिवार को पट्टा दिया जाए भूईया भूईहर खरवार तुरी उरांव मुंडा कोरवा अन्य पिछड़ा शोषित समाज की हडपी हुई जमीन वापस करने की मांग की गयी। वहीं गढ़वा जिला में नवोदय विद्यालय में गरीब दलित आदिम जनजाति के बच्चे बच्चियों को प्राथमिकता देते हुए नामांकन किया जाए। झारखंड के गुमला जिला के सुनीता खा-खा के साथ मारपीट कर घायल करने वाली बीजेपी नेता सीमा पात्रा को सजा दी जाए। झारखंड के दुमका जिला के अंकिता कुमारी के हत्यारे को अभिलंब फांसी की जाए दी जाए। झारखंड के रामगढ़ जिला के स्वतंत्र पत्रकार रूपेश कुमार सिंह को बिना शर्त रिहा किया जाने की मांग राज्यपाल से की गयी। मौके पर चिनिया प्रखंड सहित विभिन्न प्रखंडों के आदिम जनजाति आदिवासी महिला पुरुष हजारों की संख्या में एकत्रित हुए।

मौके पर भारतीय जन मुक्ति पार्टी के सुप्रीमो उमाशंकर बैगा, भारतीय भूईया विकास परिषद के केंद्रीय नेता नरेश कुमार भूईया, प्रखंड अध्यक्ष शिवशंकर प्रहिया, जिला अध्यक्ष सुरेश कोरवा, प्रखंड सचिव जितेंद्र प्रहिया, विजय कोरवा, शिव शंकर परहिया, कमला देवी, किस्मतिया देवी सहित हजारों महिला-पुरुष मौजूद थे ।

प्रमुख ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

कर्मियों के लेट-लतीफी के कारण विकास कार्य प्रभावित : चंद्रावती

नवीन मेल संवाददाता

केतार। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान बारी बारी से प्रखंड कर्मियों के कक्ष में गयी। इस क्रम में पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, रोजगार सेवक राम कुमार प्रजापति, मनोज कुमार, लेखापाल जितेन्द्र कुमार 11:15 बजे तक अनुपस्थित पाये गये। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा की प्रखंड कमीर्यों के लेट लतीफी के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रखंड कर्मियों को समय पर प्रखंड कार्यालय आने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा

की प्रखंड और अंचल कार्यालय का लगातार निरीक्षण किया जायेगा और अनुपस्थित रहने वाले कमीर्यों पर विभागीय करवाई करायी जाएगी। इस सम्बन्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा की अनुपस्थिति कमीर्यों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र साह,उदय प्रसाद, अखिलेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

आम आदमी पार्टी करेगी गरीबों का विकासः परमेश्वर

लातेहार। आम आदमी पार्टी ही गरीबों का विकास करेगी उनकी मूलभूत सुविधाओं का ख्याल आम आदमी पार्टी ही रखेगी। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं के समाधान करने की दिशा में पार्टी लगातार प्रयत्नशील है। दूसरी ओर ग्रामीणों की और से मिलने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता तत्पर भी हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक परमेश्वर गंझू ने लातेहार जिले के उत्सव होटल के सभागार में आयोजित बैठक में कहीं। उक्त बैठक में जिला संयोजक के नेतृत्व में कई दूसरे दल के नेताओं को आम आदमी पार्टी में शामिल किया गया सदस्यता जोड़ो अभियान के तहत झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष विकास भगत बाबूलाल उरांव व लातेहार के फूलचंद्र भगत को माला पहनाकर आम आदमी पार्टी में स्वागत किया गया । मौके पर उपेंद्र नाथ, राजेश उरांव मंनीर अंसारी, रिंकू अंसारी नंदकिशोर सिंह, सुमित भगत सुमेंज भगत, कुलदीप उरांव दिनेश प्रसाद समेत कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चंदवा पुलिस ने खलारी से ऑटो लूटकांड के अभियुक्त को दबोचा, भेजा जेल

लातेहार। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस विशेष छापामारी अभियान चलाकर आटो लूटकांड के अभियुक्त को खेलारी से गिरफ्तार किया। एसपी को मिली सूचना के बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा के नेतृत्व में चंदवा थाना पुलिस की टीम ने आटो लूटकांड के अभियुक्त जोशील केसरी उर्फ अमृत केसरी (पिता रामवृक्ष केसरी, महावीर नगर, खेलारी) से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रेतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा भेज दिया गया। चंदवा थाना में कांड संख्या 90/22 के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने बताया किं चाकू के बल पर चंदवा-माल्हन-मैक्लुसकीगंज पथ पर अपराधी अभियुक्त ने चाकू के बल पर एक आटो लूट की घटना को अंजाम दिया थागिरफ्तार अभियुक्त को अग्रेतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा भेज दिया गया। चंदवा थाना में कांड संख्या 90/22 के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने बताया किं चाकू के बल पर चंदवा-माल्हन-मैक्लुसकीगंज पथ पर अपराधी अभियुक्त ने चाकू के बल पर एक आटो लूट की घटना को अंजाम दिया था।

ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

लातेहार। टोरी-लोहरदगा रेल लाइन पर गरदाग गांव के समीप एक ट्रेन की चपेट में आने से राम गंझू (पिता गंदूरा गंझू, डुमरचुआं, बोदा) गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम गंझू उक्त स्थल से गुजर रहा था। इसी दौरान एक ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना के बाद वह अचेत हो काफी देर तक वहीं पड़ा।वहां से गुजरते एक ग्रामीण ने जब किसी के कराहने की आवाज सुनी तो वहां पहुंचा। पाया कि एक व्यक्ति गंभीर अवस्था में गिरा पड़ा है। इसके बाद रेल प्रबंधन के साथ स्थानीय प्रशासन को संबंधित सूचना दी गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे चंदवा सीएचसी लाया गया। जहां महिला चिकित्सक डा. नीलिमा कुमारी, रमेश राम समेत अन्य स्वास्थयकर्मियों की देखरेख में प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उसका दाहिना हाथ और बायां पैर कट गया था।

मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की बीडीओ ने की समीक्षा

पत्थलगड़ा(चतरा)। मंगलवार को पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ मोनी कुमारी की अध्यक्षता में मनरेगा तथा पीएम आवास योजना की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें उपस्थित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक तथा जेई से बीडीओ ने पंचायतवार पीएम आवास तथा मनरेगा से संचालित कार्यों की जाननकारी लेते हुए अद्यतन स्थित से अवगत हुई। साथ ही पीएम आवास तथा मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश बीडीओ ने सभी संबंधितों को दिया। इसके साथ लंबित योजना को पूर्ण करने व जियो टैग को बढ़ाने का निर्देश दिया। प्रत्येक पंचायत में मानव दिवस सृजन में बढ़ोतरी करने का आदेश दिया। बीडीओ ने वर्ष 16-17 एवं 2017-18 के लंबित पीएम आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

पुलिस की आम लोगों से अपील, अफवाह से बचें, ससमय पुलिस को दें सूचना

मयूरहंड/पत्थलगड़ा(चतरा)। पुलिस ने लोगों से बच्चा चोर के अफवाह से बचने की अपील करते हुए, ऐसे भ्रामक जानकारी मिलने पर ससमय संबंधित थाने को सूचना देने की बात कही है। पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश व मयूरहंड थाने में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चा चोर समझ के किसी व्यक्ति के साथ मारपीट ना करें, तत्काल पुलिस को जानकारी दें। यदी कोई अनजान व्यक्ति पर नजर पड़े तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, बच्चा चोर समझकर किसी को भिड तंत्र का शिकार ना बनाएं। ऐसा होने पर संबंधित लोगों पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिना सत्यापन के कोई भ्रामक पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रसारित ना करें, ताकि समाज में भ्रम की स्थिति उत्पन्न ना हो। पत्थलगड़ा थाना प्रभारी बमबम कुमार ने भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकारों आदि से ऐसे भ्रमक अफवाहों को रोकने में सहयोग करने की अपील की है।

सोलर जलमीनार के स्टार्टर की चोरी

महुआडांड़। नेतरहाट पठार (बाजार) बिरिजिया टोला मे लगा चापाकल 15वें वित्त से लगाये गए सोलर जलमीनार का स्टार्टर अज्ञात चोरो के द्वारा शनिवार की रात चोरी कर लिया गया है। जिससे पठार के लोगों को पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। ज्ञात हो कि पठार में एकमात्र चापाकल है, जिसमे सोलर चलित जलमीनार लगाया गया था. इसे लेकर नेतरहाट मुखिया रामबिशुन नगेसिया के द्वारा नेतरहाट थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरो पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। नेतरहाट के उमेश वर्मा ने बताया कि पठार नेतरहाट का मुख्य बाजार है, लेकिन पेयजल के साधन नही है, एकमात्र चापाकल है, वह गर्मी में सूख जाता है, नेतरहाट पेयजल आपूर्ति विभाग के द्वारा पठार में सप्लाई के लिए नया पानी टंकी बनाया गया है, लेकिन अभी तक पानी सप्लाई सुरू नही कि गई है।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, कहा

लाभुकों को गुमराह कर ठगी करने वाले बिचौलियों को चिन्हित कर कार्रवाई करें

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोग समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त से मिल कर अपनी-अपनी समस्यओं से अवगत कराया। उपायुक्त ने जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समस्याओं से अवगत होते हुए जल्द समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से राजस्व विभा, उग्रवादी हिंसा से संबंधित, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, प्रधान मंत्री आवास योजना, भूमि विवाद व पशुपालन विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। मौके पर

उपायुक्त ने सभी संबन्धित पदाधिकारियों को शीघ्र समस्याओं का समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। वहीं जनतदरबार में पीएम आवास में लाभुकों से पैसे की मांग की शिकायत पर उपायुक्त ने लाभुकों से कहा की बिचौलियों से दूर रहें, अगर आपको किसी भी प्रकार की समस्या है तो सीधा संबंधित पदाधिकारी से संपर्क करें। साथ ही उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्यालय को बिचौलियों से मुक्त करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रकार की शिकायत बर्दास्त नही की जाएगी। अगर बिचौलियों द्वारा लाभुकों से किसी भी प्रकार की ठगी कर मांग की जाती है तो वैसे बिचौलियों को चिन्हित कर कार्रवाई करें। हमारा उद्देश्य शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करना है। ज्ञात हो कि सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।

बीडीओ ने बैंक प्रबंधक व पशुधन योजना लाभुकों के संग की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने बैंक शाखा प्रबंधक व पशुधन योजना लाभुकों के साथ बैठक की। जिसमें बताया गया कि प्रखंड में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वर्ष 2021 में 33 व 2022 में 44 लाभुकों का चयन किया गया था। योजना अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान राशि में मुर्गी, गाय व सुवर लाभुकों को पशुधन योजना से दिया जाना था। योजना के लाभुकों को उनके बैंक खाते में सरकार के तरफ से राशि भेज दी गयी है। बैठक में उपस्थित लाभुकों को बीडीओ ने लाभुकों को अपना पैसा बैंक में जमा कर योजना का लाभ लेने व बैंक में शेष राशि जमा नहीं करने वाले लाभुकों से अनुदान की राशि वसूल योजना रद्द करने की बात कही। साथ ही बीडीओ ने कहा कि लाभुकों को

संबंधित सेड भी दिया जाएगा। बैठक में बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विवेक कुजूर, झारखंड ग्रामीण बैंक प्रबंधक बिनोद पासवान, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, सहायक अभियंता मनोज कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी चितरंजन शर्मा, महेश मिस्त्री, उजवल सिंह, रोजगार सेवक रोहित कुमार यादव, टेक्नारायण राम, स्वर्णलता कुमारी, गोविंद दांगी सहित पशुधन योजना के लाभुक उपस्थित थे।

गिद्धौर व मयूरहंड की प्रमुख ने डीसी को समस्याओं से कराया अवगत

नवीन मेल संवाददाता

मयूरहंड/गिद्धौर(चतरा)। उपायुक्त अबु इमरान से गिद्धौर प्रखंड प्रमुख अनिता यादव व मयूरहंड प्रमुख मिकी देवी ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मुलाकत कर क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। गिद्धौर प्रमुख ने गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र की समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराते हुए बताया कि गिद्धौर प्रखंड में अधिकतर लोग खेती करते है। लेकिन प्रखंड में बेहतर सिंचाई की व्यवस्था नही है। साथ ही बलबल में मां बागेश्वरी गर्म जलकुंड को विकसित करने सहित अन्य मांग उपायुक्त से की। वहीं मयूरहंड प्रमुख मिकी देवी ने उपायुक्त श्री इमरान से शिष्टाचार मुलाकात कर प्रखंड क्षेत्र के

जर्जर सडकों पर ध्यानाकृष्ट कराते हुए मरम्मती करवाने की मांग की। साथ हीं जनवितरण दुकान में हो रहे कालाबजारी व सक्षम परिवारों द्वारा राशन उठाव की जानकारी दी। इसके अलावा झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय मयूरहंड में छात्राओं के लिए बेड उपलब्ध नहीं रहने के कारण जमीन पर सोने की जानकारी दी। उपायुक्त ने समस्याओं के निदान की बात कही।

अवैध अफीम खेती रोकथाम को लेकर हुई बैठक, बोले वक्ता

अफीम की खेती सभ्य समाज के हित में नहीं

नवीन मेल संवाददाता

कुंदा(चतरा)। मंगलवार को कुंदा प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ अवैध अफीम खेती के रोकथाम को लेकर बैठक हुई। जिसका अध्यक्षता बीडीओ खगेश कुमार व संचालक मुखिया मनोज साहू ने किया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अफीम रोकथाम को लेकर सुझाव रखते हुए कहा की अफीम खेती किसी भी दृष्टिकोण से सभ्य समाज हित में नहीं है। यह समाज को मानसिक व शारीरिक रूप से विकलांग बनाता है। बैठक में प्रतिनिधियों ने अपने पंचायत, वार्ड व गांव स्तर पर ग्रामीणों को जागरूक कर अफीम खेती रोकने का संकल्प लिया। वहीं थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने कहा कि आमजन किसी के बहकावे में

नहीं आने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि जनजागरूकता के उपरांत अफीम खेती में सम्मिलिता पाए जाने की सूचना प्राप्त होती है तो संबंधितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा की अफीम की रासायनिक संरचना व गुण दोनों हानिकारक है। इसकी अवैध कमाई आने पर मन में उन्माद जगाता है, जिससे हमारा समाज अपराध की ओर चला जाता है। इसलिए उन्होंने प्रखंड वासियों से आने वाले पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए अफीम खेती छोड़ना होगा। बैठक में अखिलेश यादव, बिनोद साहू, बीपीओ राजेश्वर कुमार, जेई विकास यादव, राजद नेता दिलीप प्रसाद यादव, समाजसेवी संजय भुइंया, सुरेंदर ठाकुर, सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, बीएफटी आदि उपस्थित थे।

18 बकायेदारों का रूपिन-डढुवा में कटा बिजली कनेक्शन

गिद्धौर (चतरा)। मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रूपिन-डढुवा गांव में विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। कनीय अभियंता तरुण कुमार के निर्देश में चलाए गए छापेमारी अभियान में गांव के 18 बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया। बताया गया कि रूपिन-डढुवा गांव के संबंधित बिजली उपभोक्ताओं पर 7 लाख 41 हजार 234 रुपये बकायेदारों पर बिजली बिल बकाया है। बकायेदारों को बगैर बिजली बिल जमा किए विद्युत जलाने पर प्राथमिकी दर्ज करने की भी चेतावनी दी गई। इस अभियान में महावीर दांगी, विकास कुमार,संतोष कुमार निराला आदि कर्मी शामिल थे।

शिक्षा अधिनियम के तहत चला जागरूकता कार्यक्रम, बोले वक्ता

बुनियादी शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड छिपादोहर पंचायत के जुरूहार ग्राम निलंबर पितांबर विद्या मंदिर मे क्लारेशीयन सोसायटी एवं नीलांबर पीतांबर विकास सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान शिक्षा अधिनियम कानून 2009 के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने किया। कार्यक्रम में नीलांबर पीतांबर विद्या मंदिर जमतिया (जुरूहार) स्कूल के बच्चे बच्चियों को शिक्षा के विषय में बताया गया। जिसमे बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवाय शिक्षा अधिनियम कानून 2009 बन जाने के बाद भारत में 6-14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को शिक्षा का मौलिक अधिकार मिल चुका है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे

सोसाइटी के कोषाध्यक्ष देवनाथ सिंह ने कहा की भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2010 से 6से 14 आयु वर्ग बच्चों के लिए बुनियादी शिक्षा का मौलिक अधिकार कानून लागू किए है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कुंदन कुमार ने लड़का लड़की एक समान, शिक्षा से दोनों बने महान, शिक्षा जीवन का अधिकार है। इसके बिना जीवन बेकार, पूरे देश की है अब यही आवाज ,पढ़ा लिखा हो हमरा समाज, शिक्षित राष्ट्र बनाना है,हर घर में शिक्षा को पहुंचाना है आदि नारा दिया। ग्राम शिक्षा कमिटी को शिक्षा कानून के बारे में जानकारी देते हुई उनकी भूमिका पालन हेतु प्रेरित करने पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित हरीश चंद्र वर्मा, लाल बहादुर प्रसाद, विनोद पहिया, सविता देवी, पूनम देवी, सरोजिनी देवी, सुमति कुमार, रमेश सिंह, बिहारी सिंह, कार्यक्रम में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

मूसलाधार बारिश से गिरा गरीब का मकान, बाल-बाल बचे लोग

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के ग्राम भुषाढ़ निवासी मसोमात लालो देवी का कच्चा मकान सोमवार को हुई मुसलाधार वर्षा से भर भराकर पुरी तरह गिर गया है। गनीमत रही कि जब घर गिरने लगा तो घर में मौजूद लोग सपरिवार घर से दौड़कर बाहर निकले नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। घटना की सूचना पर जायजा लेने गए माकपा नेता द्वारीका ठाकुर को प्रभावित लालो देवी ने बताया कि जब मिट्टी का घर गिर रहा था उस समय खुट्टा बल्ली के सहारे घर को बचाना चाह रहे थे लेकिन नहीं बचा पाये और घर गिर गया। जब घर गिरने लगा तो हमलोगो ने सपरिवार भागकर जान बचाई नहीं तो जान का नुकसान हो सकता था।

पीड़ित महिला ने कहा कि रहने के लिए सिर्फ यही घर था घर गिरने से मै बेघर हो गई हुं अब हम आठ सपरिवार कहां जाएं रहने के लिए कुछ समझ नहीं आ रहा है ।परिजनों ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से तत्काल आवास दिलवाने की मांग कि है।

अवैध कोयले का भंडारण किया जब्त

टंडवा (चतरा)। मंगलवार को जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सराढू स्थित सुईयाटांड जंगल से वन विभाग ने तस्करों द्वारा भंडारण किए गए अवैध कोयले को जब्त किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रभारी वनपाल विकास उपाध्याय ने बताया कि रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना की अगुवाई में गश्ती की जा रही थी, तभी झाड़ियों के आड़ में छिपाकर रखे गए लगभग 6 टन कोयला बरामद किया गया है। साथ ही अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए इसमें शामिल तस्करों के धर-पकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अभियान में प्रभारी वनपाल दुर्गेश रविदास, राकेश कुमार, अमरदीप टोप्पो, सत्यनारायण रविदास समेत अन्य शामिल थे।

सेविका चयन में सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं कर रहे सीडीपीओ और सुपरवाइजर

नवीन मेल संवाददाता

गारू। गारू प्रखंड के बारेसांढ़ पंचायत के बारेसांढ़ आंगनबाड़ी-1 के सेविका चयन के लिए आमसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीडीपीओ अनिता कुमारी ने किया।

▶ उपप्रमुख रामदास यादव ने सीडीपीओ पर मनमानी का लगाया आरोप

आंगनबाड़ी सेविका का चयन में उपप्रमुख एवं मुखिया के द्वारा आरोप लगाया है कि सीडीपीओ आनित कुमारी एवं सुपरवाइजर इंदुमती के द्वारा मनमानी एवं सरकार द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है। पर्यवेक्षत के रूप में इनकी उपस्थिति संदेह उत्पन्न कर रही है ।ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पर्वेक्षक द्वारा किसी विशेष

समूह को लाभ देने की कोशिश की जा रही है। चयन परिक्रिया जाती बहुलता के आधार पर किया जाना था जो तीन बार सेविका चयन रदद हो चुकी है। बताते चले कि पोषक क्षेत्र में बारेसांढ़ आंगनबाड़ी 01 में पिछड़ा वर्ग की बहुलता है क्योकि सेविका चयन में सर्वे का आधार वर्ष 2006-12 रखा गया है। सेविका चयन प्रक्रिया में पहला बार रिसर्वे के कारण, दूसरी बार उपस्थिति के कारण एवं तीसरी बार अधिकारी की जनप्रतिनिधि के साथ तालमेल अच्छा नही रहने के कारण चयन को रद्द कर दिया। सीडीपीओ से पूछे जाने पर बताया कि मुखिया आमसभा स्थल पर नही आये इस लिए रद्द किया गया।

वही मुखिया रूपमणि नागेसिया से पूछे जाने पर बताया कि पंचायत सचिवालय में मीटिंग हॉल है। सुबह 10 बजे से मैं यहां काम कर रही हूं बच्चों का जाती आधार समेत कई अन्य काम कर रही हूं पंचायत सचिवालय से 50 मीटर की दूरी पर आम सभा का आयोजन कर 9-9 - 2022 को मुझे 11:30 में ग्रामीण को बुलाने भेजे तो रूपमणि नागेसिया ने कहा कि बारिश का मौसम है। आइये हॉल में ही आमसभा कीजिये तो ना कर्मी माने न अधिकारी इसलिए मैं नही गई। अधिकारी जनप्रतिनिधि की बात नही सुनते है। उपप्रमुख रामदास यादव ने सीडीपीओ पर आरोप लगाया कि मनमानी कर रही है ,और नियम संगत चयन नही कर रही है ।इस सम्बंध में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व उपायुक्त लातेहार को आवेदन दिया गया है। इस सम्बंध में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है की नियमसंगत सेविका का चयन जाय।

रेलवे क्लब दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने जीशान अली, सचिव ऋषि राज

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय की रेलवे क्लब में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जहां सर्वसम्मति से नई कमेटी के अध्यक्ष सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता जीशान अली को बनाया गया है। वही कमेटी में लोको पायलट ऋषि राज सचिव को बनाया गया है। एमएम किशोर मालाकार उपाध्यक्ष, रंजीत कुमार सिंह स्टेशन मास्टर उपसचिव, रणजीत सिंह राणा लोको पायलट, अजय कुमार यादव लोको पायलट को कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार राजू प्रसादवितरण सचिव, बनाने के साथ मुख्य सलाहकार के रूप में अनिल कुमार द्विवेदी स्टेशन प्रबंधक, एच कुमार क्रू कंट्रोलर, जुगनू दास वरीय अनुभाग अभियंता ,अरुण कुमार वरीय अनुभाग अभियंता को बनाया

गया है। वही दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर पूजा समिति के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है जिसको लेकर पूरे रेलवे क्लब परिसर की साफ सफाई के साथ-साथ सजावट का काम भी शुरू करते हुए धन संग्रह करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। रेलवे क्लब के दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष और सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता जीशान अली की माने तो रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पूर्व से आपसी एकता और भाईचारे के साथ इस पर्व को मनाने का काम किया जाता रहा है

न्यूज गैलरी

जिला परिषद बोर्ड की मासिक बैठक 20 सितम्बर को

सिमडेगा। जिला परिषद बोर्ड की मासिक बैठक आगामी 20 सितम्बर को जिला परिषद कार्यालय सभागार में दिन के 11:30 आहूत की गई है जानकारी देते हुए जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डीडीसी अरुण वालटर सांगा ने बताया है कि जिला परिषद अंतर्गत संचालित कार्य एवं विभिन्न प्रकार के बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी उन्होंने उक्त बैठक के लिए सभी जनप्रतिनिधि जिला परिषद सदस्य एवं विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने की अपील की है।

अच्छी बारिश की कामना को लेकर बरगद एवं शिवालय में ग्रामीणों ने किया जलाभिषेक

कुरडेग। कूटमाकच्छार के ग्रामीणों ने मंगलवार को शिवालय एवं बरगद के पेड़ में सामूहिक जलाभिषेक कर अच्छी बारिश की कामना की। मौके पर गांव के सभी महिलाओं और पुरुषों ने सुबह एकजूट हुए इसके बाद पांच किलोमीटर दूर दरीडीह जंगल में स्थित देवस्थान सरोवर पहुंचे। जहां एक साथ स?नान करने के बाद कलश में जल लेकर बाजे गाजे के साथ कूटमाकच्छार शिव मंदिर पहुंचे जहाँ शिवलिंग पर सभी ने जलाभिषेक किया जिसके बाद जगन्नाथ मंदिर परिसर में स्थित बरगद पेड़ के पास पहुंचे जहां गांव के पाहन द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके बाद सभी ने एक एक कर बरगद के पेड़ में जलाभिषेक किया। साथ ही क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना की। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं होने से की गई खेती खतरे में है ' इसको लेकर उन?होंने सामूहिक बैठक कर बारिश की कामना से जलाभिषेक करने का निर्णय लिया था।

यूथ कांग्रेस के पदधारियों को विधायक भूषण बाड़ा ने किया सम्मानित

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने मंगलवार को सिमडेगा पहुंचे युवा कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी दिनबंधु शर्मा एवं युवा प्रदेश अध्यश अभिजीत राज को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके अलावे उनके साथ मौजूद अन्य यूथ कांग्रेसियों को भी उन्होंने सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ें। किसी भी राजनीतिक दल को शिखर पर पहुंचाने में युवाओं का अहम योगदान होता है। क्योंकि आप जैसे नौजवान ही हैं जो किसी भी देश की राजनीतिक में, देश के विकास में अहम योगदान डालते हैं। विधायक ने भाजपा सरकार के राज में देश मे फैली नशाखोरी और बेरोजगारी से तंग हुआ युवाओं को एकजुट होकर आगामी चुनाव में भाजपा का सफाया करके देश मे कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया।कहा कि पार्टी में युवाओं की संख्या अधिक हो इसके लिए अभी से ही जुट जाएं। ताकि पार्टी एवं संगठन को मजबूती मिले। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी।

लर्निंग लाइसेंस को लेकर कुरडेग प्रखण्ड कार्यालय में विशेष शिविर का हुआ आयोजन

कुरडेग। परिवहन विभाग के आदेशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव के निर्देश पर मंगलवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभागार में लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतू विशेष शिविर का आयोजन किया गया। लर्निंग लाइसेंस बनाने को लेकर लगाए गए इस विशेष शिविर में आवेदकों को ऑन स्पॉट लर्निंग लाईसेंस दिया गया। इसके पुर्व सभी आवेदनों का वेरिफिकेशन किया गया जिसके पश्चात सभी का डिजिटल फोटो और हस्ताक्षर कराया गया। प्रखण्ड कार्यालय कुरडेग में लगाये गए विशेष शिविर के संबंध में प्रधान लिपिक राम निवास मिश्रा ने बताया कि परिवहन विभाग के आदेश पर जिले वासियों को उनके घर के समीप ही ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा देने के उद्देश्य से इस तरह के शिविर का आयोजन जिले के सभी प्रखण्डों में किया जा रहा है।

लोहरदगा के संजीवनी और मां यशोदा हॉस्पिटल सील, निजी अस्पताल संचालको में सनसनी

आयुष्मान भारत के तहत चार करोड़ रुपये घोटाले का है आरोप

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। आयुष्मान भारत योजना के संचालन में लगभग चार करोड़ की कथित वित्तीय गड़बड़ी करने के आरोप में लोहरदगा शहर के बाबा मठ कोर्ट रोड स्थित चर्चित संजीवनी हॉस्पिटल और पावर गंज संजय गांधी पथ स्थित मां यशोदा हॉस्पिटल को मंगलवार की शाम स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने सील कर दिया है। एसडीओ अरविंद कुमार लाल के निर्देश पर सिविल सर्जन ने सदर थाना में संजीवनी हॉस्पिटल और मां यशोदा हॉस्पिटल के संचालक संजीव कुमार रेड्डी उर्फ संदीप कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में डॉक्टर के नाम का गलत दस्तावेज प्रस्तुत करने, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, चिकित्सक नियम शर्तों के विरुद्ध मरीजों का इलाज करने समेत अन्य बिंदुओं पर आरोप लगाया गया है। संजीवनी हॉस्पिटल और मां यशोदा हॉस्पिटल का संचालन संजीव रेड्डी उर्फ संदीप कुमार नामक व्यक्ति

करता था। निजी अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई से शहरी क्षेत्र में संचालित लगभग एक दर्जन से अधिक निजी अस्पतालों में सनसनी है। विभागीय नियम शर्तों को हाशिए पर रखते हुए मनमर्जी मरीजों का इलाज कर आयुष्मान भारत योजना मद से लगभग 4 करोड की राशि की हेराफेरी की शिकायत के बाद उच्चस्तरीय जांच के बाद संजीवनी अस्पताल और मां यशोदा हॉस्पिटल को सील किया गया है। प्रारंभिक जांच के दौरान ही इस अस्पताल के सील होकर बंद होने की कयास लगाए जा रहे थे । इस संदर्भ में बताया गया कि संजीवनी हॉस्पिटल में एनेस्थेटिक ,स्त्री रोग विशेषज्ञ मौजूद नहीं है बावजूद डिलीवरी समेत विभिन्न सर्जरी कथित तौर पर किया जाता था। बताया गया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक भी मौजूद नहीं है। कथित तौर पर हड्डी संबंधी इलाज कतिपय चिकित्सकों द्वारा किए जाने की शिकायत लगातार हो रही थी। संजीवनी अस्पताल के विरुद्ध कार्रवाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार

> ◆प्रारंभिक जांच के दौरान ही इस अस्पताल के सील होकर बंद होने की कयास लगाए जा रहे थे । इस संदर्भ में बताया गया कि संजीवनी हॉस्पिटल में एनेस्थेटिक ,स्त्री रोग विशेषज्ञ मौजूद नहीं है बावजूद डिलीवरी समेत विभिन्न सर्जरी कथित तौर पर किया जाता था।

लाल का पत्रांक 939 दिनांक 12.09.22 में कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार दास, फूड सेफ्टी ऑफिसर राजा कुमार, सदर अस्पताल के डॉ संजय प्रसाद, सदर थानेदार अनिल उरांव ,सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार, रमेश कुमार तिवारी, एएसआई गोवर्धन तुरी समेत सुरक्षा बल के जवान को टीम में शामिल किया गया था। उपरोक्त दोनों अस्पताल सील करने के दौरान वहां मौजूद मरीजों को सदर अस्पताल में शिफ्ट कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। फिलहाल उपरोक्त दोनों निजी अस्पताल के विरुद्ध कार्रवाई से निजी अस्पताल संचालकों में सनसनी फैली है।

सेवा पखवाड़ा सप्ताह को लेकर भाजपा की हुई बैठक

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं में देखा जा रहा है उत्साह : लक्ष्मण बड़ाईक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा की एक बैठक जिला कार्यालय में मंगलवार को हुई जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चलने वाले 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा सप्ताह के सफल कार्यक्रम करने को लेकर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं के बीच क्रमवार प्रभारियों का मनोनयन किया गया मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर कार्यकताओं में उत्साह चरम पर है इसी निमित्त भाजपा द्वारा अनेक रचनात्मक कार्य किए जाएंगे।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कार्यकर्ताओं को कहा प्रधानमंत्री के मन की बात बूथ स्तर तक जाकर सुने और लोगों को भी सुना है ताकि देश दुनिया में क्या हो रहा है वह बूथ के लोग भी जाने साथ ही पन्ना प्रमुख भी साथ में बनाएं। वहीं केंद्रीय मंत्री

के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कार्यकताओं को कहा की बूथ स्तर तक सेवा पखवाड़ा सप्ताह सफलतापूर्वक चले कार्यकर्ता सुनिश्चित करें, क्रमवार सेवा पखवाड़ा सप्ताह में होने वाले सभी कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक कार्यक्रम जिला प्रभारी दिपक पूरी ने बताया और मंडल प्रभारियों के 3-3 नाम घोषणा किये।सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने सभी कार्यक्रम का प्रचार प्रसार मंडल स्तर तक किस तरह से हो इस पर प्रकाश डाला।मौके पर जिला कार्यक्रम प्रभारी संजय ठाकुर ,अनूप प्रसाद नवीन सिंह, हीरा राम ,जिप सदस्य कृष्णा बड़ाईक सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

लगातार हो रही बारिश से गिरा कच्चा खपरैल मकान, कोई हताहत नहीं

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा/लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र लगतार हो रही बारिश से कच्चा खपरैल मकान क्षतिग्रस्त हो गया जबकि घरेलू सामग्री नष्ट हो गई। इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुर्की तोड़ार पंचायत के तोड़ार ग्राम में बारिश से कच्चा मकान गिर गया जिससे गरीब का उजड़ा आशियाना । फिलहाल परिवार के बीच रहने की समस्या बना हुआ है। जानकारी के अनुसार बता दें कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में रविवार से रुक रुक बारिश होने से क्षेत्र में मकान ध्वस्त हो रहा है। वहीं किसान वर्ग का साग सब्जी की खेती भी नष्ट हो रहा है। तोड़ार निवासी तजमुल अन्सारी का कच्चा खपड़ैल मकान सोमवार देर शाम गिर गया। जिससे तजमुल अन्सारी के घर मे रखा दैनिक उपयोग सामान थाली, कटोरा, बक्सा, बिछावन सहित अन्य जरूरत का समान दब गया। मकान ध्वस्त होने से पीड़ित को काफी नुकशान की सामना करना पड़ रहा है। तजमुल अन्सारी ने बताया कि छोटा व्यवसाय हूँ गांव बाजार में फेरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। घर गिरने व्यवसाय का सामान भी वही दब गया। साथ ही बताया कि घटना के समय घर में कोई सदस्य नही थे। जिसके कारण अप्रिय हादसा होने से टल गया।

बोलबा में समावेशी शिक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय शिक्षको, अभिभावकों और आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।जिसमें दिव्यांग बच्चों से संबंधित नामांकन, पहचान, गृह आधारित शिक्षण, व्यवसाईक प्रशिक्षण, सकॉट और ट्रांसपोर्ट, दिव्यांगता प्रमाणपत्र, दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने विषय पर विस्तृत रूप से रोहित रिसोर्स शिक्षक द्वारा जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास बोलबा उषा मिंज ने किया । इस मौके पर सुपरवाइजर सुनीता बरला, अंचल अधिकारी बलिराम मांझी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नवल किशोर सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी, प्रखंड साधन सेवी सोनी कुमारी,संकुल साधन सेवी विश्वा सिंह, विलसन बड़ा, शिक्षक रंजीत कुमार, तपेश्वर सिंह, सुरेश प्रसाद,बलराम मेहता, एकिर सीरम बडिंग,जितेंद्र मिंज आदि उपस्थित थे।

डीएवी लोहरदगा के छात्र अंगद भगत ने नीट (यूजी) की परीक्षा में परचम लहराया

लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय के छात्र अंगद भगत पिता कुबेर भगत माता आशा देवी लोहरदगा भंडरा प्रखंड मसमानो गांव का निवासी है। जिसने नीट (यूजी)की परीक्षा में 677/720 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 964वां रैंक तथा ओबीसी में 245वां रैंक अर्जित कर अपने माता पिता के साथ-साथ अपने गांव, राज्य तथा शिक्षण संस्थानों का भी नाम रोशन किया। अंगद भगत ने अपनी दसवीं तक की शिक्षा एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा से पूर्ण की तथा यहां के शिक्षक शिक्षिकाओं को अपनी मजबूत आधारभूत शिक्षा व नींव का श्रेय दिया। दसवीं की परीक्षा में 95% अंक प्राप्त कर अंगद ने विद्यालय को प्रथम बार तथा नीट (यूजी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर द्वितीय बार गौरवान्वित किया है। अंगद भगत ने पूर्ण लगन व सतत अध्ययन को सफलता का मूल मंत्र बताया। अपनी सफलता के पीछे अंगद भगत अपने शिक्षकों,मित्रों व परिवार जनों विशेषकर बड़े भाई आनंद भगत का सकारात्मक सहयोग बताया। डीएवी विद्यालय के माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा ने विद्यार्थी अंगद भगत को विद्यालय आमंत्रित कर उसे उत्कृष्टता का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा डीएवी परिवार की ओर से आगे की सफलता हेतु प्रोत्साहित कर शुभाशीर्वाद दिया।

अग्रोहा धाम से निकली रथ यात्रा का झारखंड भ्रमण कार्यक्रम की सिमडेगा से हई शुरूआत

सिमडेगा। अग्रोहा धाम, हिसार से निकली जन आशीर्वाद रथ यात्रा का झारखंड भ्रमण कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हुआ जिला मुख्यालय के श्री राम जानकी मंदिर से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जहां झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल आदि के द्वारा रथ यात्रा को रवाना किया इस मौके पर विशेष आरती का आयोजन किया गया और जिसके बाद प्रसाद वितरण हो गई। मौके पर जानकारी देते हुए मारवाड़ी प्रांतीय सम्मेलन के अध्यक्ष और उक्त कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक बसंत मित्तल ने बताया सिमडेगा में रात का स्वागत करने के बाद गुमला से आगे बढ़ेगी इसके बाद रथ झारखंड राज्य के अलग-अलग इलाकों में भ्रमण भ्रमण करेगी। यात्रा का उद्देश्य वैश्य समाज को कुल देवी महालक्ष्मी मंदिर, अग्रोहा धाम के प्रति जागरूक करना है। अग्रोहा धाम में भव्य महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। इस मंदिर का इतिहास 5 हजार वर्ष से अधिक पुराना है। इसे भारत के धर्म केन्द्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। अग्रोहा धाम से इस प्रकार के 21 रथ पूरे देश में यात्रा के लिए निकले हैं, जिनमें एक रथ झारखंड आ रहा है। कुलदेवी महालक्ष्मी मंदिर के वास्तुकार राम मंदिर बनाने वाले सीबी सोमपुरा हैं। महालक्ष्मी मंदिर 108 फुट ऊंचा, 108 फुट चौड़ा व 108 फुट लम्बा होगा।

खेत तक पानी नहीं पहुंचने पर श्रमदान कर जीर्णोद्धार कार्य में जुटा किसान

फुलझर नाला में रेत भर जाने पर खेत तक नहीं पहुंच रहा था पानी

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। किसानों के बीच सिंचाई व्यवस्था मुहैया को लेकर फुलझर नहर नाला का निर्माण कार्य सिंचाई विभाग के द्वारा कराया गया था। जिससे किसान को समय समय पर फसल सिंचाई के लिए पानी व्यवस्था हो सके लेकिन वह खुशी किसानों के बीच छनिक सुख के लिए देखा गया। यह नजारा तोड़ार मैना टोली के समीप फुलझर नहर नाला का है। जिसमें रेत भर जाने से किसान के खेत तक चेकडैम का पानी नही पहुंच रहा है। जिसे ग्रामीणों ने श्रमदान कर फुलझर नहर नाला का किया जीणोद्धार बताया जाता है कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुर्की तोड़ार पंचायत के तोड़ार मैना टोली से कल्हेपाट

तक 11 करोड़ 16 लाख 53 हजार के लागत से वर्ष 2017- 18 में जल संसाधन विभाग के तत्वधान में संवेदक द्वारा निर्माण कराया गया था। जो 3 वर्ष बाद जर्जर अवस्था में देखने को मिला। वहीं मैना टोली एवं नीम टोली के ग्रामीण किसानों के खेत तक बरसात के मौसम में पानी नही पहुंचने पर किसान वर्ग के लोग श्रमदान कर जीणोद्धार कार्य में जुटे इतना ही नही बल्कि डेम में लगा गेट भी टूट चुका था जिसे मरमती कराया गया। किसान अमानत अंसारी, सुरेश भगत बताते हैं कि संवेदक द्वारा लापरवाही से निर्माण कार्य किया गया है जिसके कारण हम सभी किसानों को झेलना पड़ रहा है। कार्य गुणवत्ता पूर्ण नही होने के कारण जगह जगह पर टूटना आरम्भ हो गया है। इस प्रकार के कार्य विभाग के उदासीनता को दर्शाता है।

तीन विद्युत ट्रांसफरमर की चोरी, विभाग ने थाने में की शिकायत

कैरो / लोहरदगा । कैरो थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी करने का नया चलन चला है। बीते कुछ दिनों में तीन अलग अलग गावों पर लगी ट्रांसफर्मर के सामान चोरी कर ली गई।ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों चोर इतने सक्रिय हो गए है कि विद्युत लाइन में लगे ट्रांसफार्मर को चालू लाइन में ही निशाना बनाकर चोरी कर रहे है।इसकी शिकायत ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से की। जिसके बाद विद्युत विभाग ने इसकी शिकायत थाने में की है। लिखित आवेदन में कहा है कि नरौली में लगे 10 केवीए का ट्रांसफरमर्र दिनांक 31.08.2022 को, ग्राम-गाराडीह में लगे 16 केवीए का ट्रांसफरमर्र दिनांक 04.09.2022 को व ग्राम- बिराजपूर में लगे 10 केवीए का ट्रांसफरमर्र दिनांक 08.09.2022 को रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है।

कार्डधारियों की शिकायत पर बीडीओ ने पीडीएस दुकान का किया निरीक्षण

अगस्त माह का राशन वितरण नहीं करने का ग्रामीणों ने पीडीएस दुकानदार पर लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। कार्डधारियों के शिकायत पर उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ ने पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बंसरी गुरिया टोली में संचालित सरना महिला मंडल पीडीएस दुकान संचालक द्वारा कार्डधारियों को 2022 में माह अप्रैल, जुलाई और अगस्त का प्रधानमंत्री गरीब किसान अन्न योजना का राशन वितरण नहीं करने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अवगत कराते हुए जांच कर पीडीएस दुकान संचालक का बदलाव का मांग किया गया था। जिसके आलोक में उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक

कुमार चोपड़ा ने बंसरी गुरिया टोली में संचालित पीडीएस दुकान का निरीक्षण कर लाभुकों से जायजा लिया। राशन वितरण नहीं करने के आरोप पर कार्डधारी लाभुकों ने प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं बीस सूत्री अध्यक्ष को आवेदन देकर पूर्व में अवगत कराया था। वहीं पीडीएस धारक के शिकायत को ध्यान में रखते हुए सरना महिला मंडल द्वारा संचालित पीडीएस दुकान का निरीक्षण करते हुए दुकान का वितरण पंजी व स्टॉक पंजी का जाँच किया और साथ ही ग्रामीणों का लिखित बयान लिया गया। मौके पर उप प्रमुख पॉल पन्ना, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, सत्यकाम श्रीवास्तव सहित कार्डधारी ग्रामीण मौजूद थे।

बोलबा प्रखण्ड के पीडियापोंछ में पुलिस-पब्लिक हॉकी टूर्नामेंट का फाईनल मैच 15 सितम्बर को

बोलबा। प्रखण्ड के पीड़ियापोंछ पेरिस मैदान में चल रहे पुलिस-पब्लिक महिला पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का फाईनल मैच आगामी 15 सितम्बर को होगी आयोजन समिति ने बताया कि यहाँ प्रत्येक वर्ष राधाकृष्ण स्मृति पुलिस पब्लिक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है इस भी वृहत खेल का आयोजन किया गया है। झरखण्ड, उड़ीसा एवं छतीसगढ़ राज्य के हॉकी टीम शामिल हुए है । समिति के लोगों ने बताया कि फाईनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, विधायक विक्सल कोंगाडी, विधायक भूषण बाड़ा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित कई अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवियों को आमंत्रित किया गया है।

उचित राशि की मांग को लेकर किस्को सीओ से मिले ग्रामीण, रखी मांग

बाइपास सड़क निर्माण पर जमीन के बदले उचित राशि दे सरकार : ग्रामीण

> ■ जमीन मालिक सरकार से उचित मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर सरकारी कार्यालयों का चक्कर काटते हुए नजर आ रहे हैं।

नवीन मेल संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। जिले में बाइपास सड़क निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर लंबे अर्से से मांग रही है। उल्लेखनीय है कि यदि बाइपास सड़क का निर्माण कार्य हो जाता है तो शहरी क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी। इसे लेकर केन्द्र व राज्य सरकार बाइपास सड़क निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पूरी तरह से तैयारी कर चुकी है। परंतु बाइपास सड़क निर्माण कार्य में लगने वाली जमीन को लेकर जमीन मालिक सरकार से उचित मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर सरकारी कार्यालयों का चक्कर काटते हुए नजर आ रहे हैं। इधर मंगलवार को किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया और बेटहट पंचायत के सैकड़ों जमीन मालिक किस्को अंचलाधिकारी बुड़ाये सारू से लिखित आवेदन देकर सरकार से बाइपास सड़क निर्माण कार्य में लगाई जा रही जमीन के बदले उचित मुआवजा राशि दिलाने की मांग रखी। जिसपर सीओ बुड़ाये सारू ने कहा कि आपके मांग को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। सीओ ने कहा कि सरकार के निर्देशों के अनुसार सभी जमीन मालिक को उन्हें उनका उचित मुआवजा निश्चित रूप से दी जायेगी।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानव तस्करी को लेकर चलाया जागरूकता

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर पुलिस के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कस्तूरबा हाई स्कूल ठेठईटांगर, उसुर्लाइन कॉन्वेंट जामपानी, एवं सप्ताहिक बाजार में 'मानव तस्करी' विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानव तस्करी जैसे संगीन अपराध को रोकना तथा छात्रों को जागरूक करना था। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि मानव तस्करी कानूनन एक संगीन अपराध है। इस प्रकार के अपराध को रोकने के लिए हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है। मानव तस्करी भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक गंभीर व संवेदनशील समस्या बनकर उभर रही है। मानव तस्करी से पीड़ित व्यक्ति से देह व्यापार, घरेलू काम तथा गुलामी इत्यादि कार्य उसकी इच्छा के विरुद्ध करवाए जाते हैं। यदि इस समस्या को जड़ से खत्म करना है तो पूरे समाज को जागरूक करना होगा।

न्यूज गैलरी

2020 से आठ प्रमुख शहरों में 16 नए शॉपिंग मॉल परिचालन में आए

नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में पिछले 30 माह में 1.55 करोड़ वर्ग फुट के पट्टे पर दिए जाने योग्य क्षेत्र के 16 नए शॉपिंग मॉल परिचालन में आए हैं। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नाइट फ्रैंक ने मंगलवार को एक वेबिनार में रिपोर्ट थिंक इंडिया, थिंक रिटेल 2022-रिइन्वेंटिंग इंडियन शॉपिंग मॉल्स' जारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर, 2019 (कोविड-पूर्व) के समय देश के आठ प्रमुख शहरों...अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, एनसीआर और पुणे में कुल 255 शॉपिंग मॉल में 7.74 करोड़ वर्ग फुट पट्टा योग्य क्षेत्र था। नाइट फ्रैंक ने कहा कि 2022 के कैलेंडर साल के पहले छह माह में आठ प्रमुख शहरों में 9.29 करोड़ वर्ग फुट पट्टा योग्य क्षेत्र के 271 मॉल परिचालन में थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 माह में करीब 1.55 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र और जोड़ा गया है। नाइट फ्रैंक के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, खुदरा रियल एस्टेट एक नए स्तर की परिपक्वता में पहुंच गया है जहां छोटे और निचले ग्रेड के स्थल ग्रेए ए के मॉल के लिए रास्ता दे रहे हैं।

निर्यात शुल्क नहीं देना चाहते खरीदार बंदरगाहों पर फंसे 10 लाख टन चावल

नई दिल्ली। सरकार द्वारा चावल निर्यात पर रोक लगाने के फैसले से निर्यातकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विदेशी चावल खरीदारों ने अतिरिक्त शुल्क चुकाने से मना कर दिया है। इससे बंदरगाहों पर 10 लाख टन चावल फंस गए?हैं।?पिछले दिनों सरकार ने घरेलू बाजार में चावल की कीमतें बढ़ने से रोकने के लिए निर्यात पर प्रतिबंध के साथ ही 20 फीसदी अतिरिक्त शुल्क चुकाने का भी नियम लगा दिया था। भारतीय चावल निर्यातक संगठन के अध्यक्ष बीवी कृष्ण राव ने कहा, सरकार ने तत्काल प्रभाव से शुल्क लगा दिया लेकिन खरीदार इसके लिए तैयार नहीं थे। फिलहाल हमने चावल का लदान रोक दिया है। दुनिया के सबसे बड़े चावल निर्यातक भारत के रोक लगाने के बाद अब पड़ोसी देशों सहित दुनिया के चावल आयातक देशों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारत हर महीने करीब 20 लाख टन चावल का निर्यात करता है। इसमें सबसे ज्यादा लोडिंग आंध्र प्रदेश के कनिकड़ा और विशाखापट्टन बंदरगाह से होती है। बंदरगाहों पर फंसे चावल का निर्यात चीन, सेनेगल, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की को होना था। इसमें सबसे ज्यादा शिपमेंट टूटे चावल का था।

भारत में 64 प्रतिशत कंपनियां अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगी : सर्वे

नई दिल्ली। देश में नई नियुक्तियों का परिदृश्य काफी मजबूत नजर आ रहा है। भू-राजनीतिक तनाव के बीच विकासशील देशों के लिए वृद्धि के अवसरों की संभावनाओं के मद्देनजर करीब 54 प्रतिशत कंपनियों ने अगले तीन माह में नई नियुक्तियों की योजना बनाई है। मैनपावरग्रुप के मंगलवार को जारी रोजगार परिदृश्य सर्वे के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर, 2022 के लिए श्रम बाजार की धारणा मजबूत दिखाई दे रही है। इस सर्वे में 41 देशों और क्षेत्रों के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के 40,600 नियोक्ताओं की राय ली गई। सर्वे के अनुसार, भारत में 64 प्रतिशत कंपनियां अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगी। वहीं 10 प्रतिशत ने कर्मचारियों की संख्या कम करने की बात कही। 24 प्रतिशत का कहना था कि उनकी कर्मचारियों की संख्या में किसी तरह का बदलाव करने की योजना नहीं है। इस तरह मौसमी रूप से समायोजित शुद्ध रोजगार परिदृश्य 54 प्रतिशत बैठता है। नियुक्तियों की संख्या के मामले में ब्राजील के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। ब्राजील में 56 प्रतिशत नियोक्ताओं ने नई नियुक्तियों की बात कही। सर्वे में कहा गया है कि पिछले साल की समान अवधि से तुलना की जाए, तो नियुक्तियों की धारणा में 10 प्रतिशत अंक का सुधार हुआ है। वहीं पिछली तिमाही की तुलना में इसमें तीन प्रतिशत का सुधार है। मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, ह्यह्यभारत की बुनियाद मजबूत है।

भारत में बहुत जल्द टेलीकॉम कंपनियां 5जी सेवा लांच करने की तैयारी में

नवीनमेलसंवाददाता

नई दिल्ली। भारत में बहुत जल्द टेलीकॉम कंपनियां 5जी सेवा लांच करने की तैयारी में है। देश में 5जी मोबाइल सर्विस का ट्रायल हो गया है जिसके बाद अब देश भर में 5जी नेटवर्क को रोल आउट करने के लिए तैयार है। भारत में आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से पूरे देश में 5जी नेटवर्क पहुंचाना काफी कठिन प्रोजेक्ट है, जिसके लिए कंपनियों की योजना बिजली के खंभे, ट्रैफिक लाइट, बस टर्मिनल और बस शेल्टर के साथ केंद्र/राज्य सरकार की कंपनी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम पर भी टावर लगाने का प्लान तैयार है। बता दें कि इसके लिए उत्तर प्रदेश और गुजरात में प्रक्रिया को लगभग पूरा कर लिया है, जबकि केंद्र कई अन्य राज्यों को फिनिशिंग लाइन पर जाने के लिए कह रहा है। इस मामले से

जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। भारत सरकार की टीम गति शक्ति इस योजना पर अमल करने की कोशिश कर रही है. टीम गति शक्ति उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के रसद विभाग की टीम गति शक्ति ने हाल ही में सभी राज्यों को एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया है, जिसमें उनसे कहा गया है कि वह आम लोगों को 5जी नेटवर्क उपलब्ध कराने के वैकल्पिक उपाय के बारे में जानकारी दें। इसमें बिजली के खंभे, ट्रैफिक लाइट, बस टर्मिनल/शेल्टर,

> वह आम लोगों को 5जी नेटवर्क उपलब्ध कराने के वैकल्पिक उपाय के बारे में जानकारी दें। इसमें बिजली के खंभे, ट्रैफिक लाइट, बस टर्मिनल/शेल्टर, सरकारी बिल्डिंग आदि की जानकारी भी शामिल है।

सरकारी बिल्डिंग आदि की जानकारी भी शामिल है। भारत का 5जी रोलआउट के लिए स्मॉल सेल्स टेक्नोलॉजी पर पूरा फोकस है। छोटे सेल पोर्टेबल, कम शक्ति वाले रेडियो एक्सेस नोड या बेस स्टेशन होते हैं जिनकी कवरेज कुछ मीटर से लेकर कुछ 100 मीटर तक होती है। बता दें कि स्मॉल सेल कहीं भी ले जाए जा सकते हैं, कम पावर का रेडियो स्टेशन होता है जो आसपास के इलाकों में नेटवर्क का अच्छा कवरेज दे सकता है।

शेयर बाजार में दूसरे दिन भी उछाल जारी, 18000 के ऊपर खुला निफ्टी

नई दिल्ली। कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन भी शेयर बाजार में उत्साह दिखाई दिया। बेहतर वैश्विक संकेतों के बीच सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर कारोबार करते दिखाई दिए। बाजार खुलते ही निफ्टी में करीब 99 अंकों की तेजी देखी गई। यह 18 हजार अंकों के ऊपर कारोबार कर रहा है तो वहीं सेंसेक्स में करीब 300 अंकों का उछाल आया। शेयर बाजार 60,400 अंकों के ऊपर कारोबार करता दिखाई दिया। बाजार के एक्सपर्ट्स का कहना है कि घरेलू बाजार में यह तेजी अमेरिकी शेयर मार्केट में आए उछाल की वजह से है। मंगलवार को बजाज फिनसर्व के शेयर में पांच प्रतिशत से ज्यादा तेजी दिखाई दी। वहीं एचसीएल के बाजार में गिरावट दिखी। इसके अलावा निफ्टी के टॉप गेनर्स में, HDFC LIFE, BAJAJ FINSV, SBI LIFE, BRITANNIA और COAL INDIA शामिल रहे।

7 साल बाद दवाओं की आवश्यक सूची जारी

384 मेडिसिन की लिस्ट, 26 दवाएं बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आम लोगों को वाजिब और सुलभ रूप में आवश्यक दवाओं को उपलब्ध कराने पर लगातार बल दिया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अब आवश्यक दवाओं की नई राष्ट्रीय सूची जारी की है, जिसमें 384 मेडिसिन को शामिल किया गया। इससे संबंधित लिस्ट केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की ओर से जारी की गई है। जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की ओर से जो 384 दवाओं की सूची जारी की है उसमें 34 नई दवाओं को आवश्यक दवाओं की लिस्ट में शामिल किया गया है। वहीं केंद्र सरकार ने निवर्तमान दवाओं की लिस्ट से 26 दवाओं को हटाने का काम भी किया है। अहम बात यह है कि केंद्र सरकार की ओर से इससे पहले 2015 में आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची जारी की गई थी। बताते चलें कि स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से समय-समय पर आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में संशोधन और बदलाव करने का काम किया जाता रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए

गहन चर्चा और विचार विमर्श के बाद ही दवाओं की सूची में से पुरानी को हटाकर नई दवाओं को शामिल किया जाता है। इस मामले पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया का कहना है कि 2015 के बाद अब 2022 में आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में बदलाव किया गया है। इस प्रक्रिया में कई चरण शामिल हैं। इस सभी के बाद ही अंतिम फैसला लिया जाता है। उन्होंने बताया कि एक एक्सपर्ट कमेटी की लंबी चर्चा और मंथन के बाद ही लिस्ट को तैयार किया गया है। इसमें सुरक्षा, उपलब्धता और कम कीमत में लोगों तक दवा को मुहैया करवाया जाए, इस पर विशेष बल दिया गया है। मंत्री मंडाविया ने कहा कि इस सूची को जारी करने के पीछे का मकसद आम लोगों तक मेडिसिन सस्ती, सुलभ और आसान उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि आम लोगों तक सस्ती मेडिसिन उपलब्ध हो।

गुजरात में वेदांता-फॉक्सकॉन का सेमीकंडक्टर संयंत्र देगा एक लाख लोगों को नौकरियां

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वेदांता-फॉक्सकॉन का गुजरात में स्थापित होने वाला सेमीकंडक्टर संयंत्र इलेक्ट्रोनिक समानों के आयात को कम करते हुए सीधे तौर पर एक लाख नौकरियां उपलब्ध कराएगा। कंपनी इस परियोजना पर 1.54 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह जानकारी वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने मंगलवार को दी। वेदांता ने अपने विशाल चिप-निर्माण संयंत्र के लिए गुजरात को चुना है। श्री अग्रवाल ने एक ट्वीट में कहा, यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वेदांता-फॉक्सकॉन का सेमीकंडक्टर संयंत्र गुजरात में स्थापित होगा। वेदांता का 1.54 लाख करोड़ रुपये का एतिहासिक निवेश भारत के आत्मनिर्भर सिलिकॉन वैली को वास्तविकता देगा। उद्योगपति ने कहा कि प्रस्तावित परियोजना भारत में एक मजबूत विनिर्माण आधार बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को पूरा करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, यह हमारे इलेक्ट्रोनिक समानों के आयात को कम करेगा और सीधे

तौर पर एक लाख कौशल से जुड़ी नौकरियां प्रदान करेगा।ह्व उन्होंने कहा कि भारत अपनी सिलिकॉन वैली की राह पर एक कदम अग्रसर है। श्री अग्रवाल ने कहा, भारत सिर्फ अपने देश के लोगों की डिजिटल जरूरतों को ही नहीं पूरा करेगा बल्कि दूसरे देशों को भी सेवा प्रदान करेगा। चिप लेने से आगे बढ़ते हुए चिप बनाने की यात्रा आधिकारिक रूप से शुरू हो गयी है।'

भगवंत मान ने जर्मनी की कंपनी को टिकाऊ कृषि समाधान के लिए दिया न्योता

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को जर्मनी की अग्रणी कंपनी बेवा को राज्य में कृषि क्षेत्र के मशीनीकरण में मदद के लिए टिकाऊ कृषि व्यवसाय समाधान मुहैया कराने का न्योता दिया। फिलहाल जर्मनी के दौरे पर गए मान ने ज्यूरिख में बेवा के मनोनीत मुख्य कार्यपालक अधिकारी मार्कस पोलिंगर के साथ मुलाकात के दौरान उन्हें पंजाब में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

राज्य सरकार की तरफ से यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने जर्मन कंपनी के शीर्ष अधिकारियों को पंजाब के कृषि-प्रधान अर्थव्यवस्था होने की जानकारी दी।

अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प ने संजय खन्ना को दी भारत के सीईओ की जिम्मेदारी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक एकीकृत भुगतान कंपनी अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प (एईबीसी) ने संजय खन्ना को भारत का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और कंट्री मैनेजर नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि श्री खन्ना कंट्री एक्जीक्यूटिव टीम का नेतृत्व करेंगे जो इस संगठन के कंज्यूमर एवं कॉमर्शियल बिजनेस में वृद्धि को गति प्रदान करेंगे। भारत में कंपनी के रणनीतिक निर्णयों को आगे बढ़ाने और उन्हें मजबूती से लागू करने के लिए उनका पद महत्वपूर्ण होगा। अमेरिकन एक्सप्रेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष (इंटरनेशनल कार्ड सर्विसेज) रॉब मैकलीन ने कहा कि उन्हें इस नयी भूमिका में श्री खन्ना का स्वागत करते हुए खुशी है। इस उद्योग में 30 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ उनके भीतर आगे रहकर मोर्चा संभालने की स्वभाविक समझ के साथ मजबूत परिणाम देने की असाधारण विश्वसनीयता है। उन्हें पूरा भरोसा है कि हर चीज में उत्कृष्टता लाने की उनकी प्रतिबद्धता, उनके दृढ़ मूल्य और कार्य की नैतिकता से भारतीय बाजार में इस ब्रांड की स्थिति और अग्रणी होगी। श्री खन्ना ने कहा, भारत निःसंदेह विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जिसके पीछे इसका तेजी से बढ़ता उपभोक्ता आधार, उभरती जीवनशैली और खर्च की जरूरतें हैं।

आर-इन्फ्रा के दावे में दम नहीं : अडाणी ट्रांसमिशन

एटीएल ने कानून के तहत लगभग 13,400 करोड़ रुपये का दावा किया है

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अरबपति उद्यमी गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी समूह ने कहा कि रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर (आर-इन्फ्रा)की मुंबई की बिजली वितरण कंपनी के अधिग्रहण के सौदे को लेकर उस कंपनी के नये दावे में कोई दम नहीं है। अडाणी समूह का यह बयान ऐसे समय आया है जबकि आर-इन्फ्रा ने एक दिन पहले कहा था कि उसने अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) को मुंबई में अपना विद्युत वितरण कारोबार बेचने के सौदे को लेकर मध्यस्थता कानून के तहत लगभग 13,400 करोड़ रुपये दावा किया है। अडाणी समूह का कहना है कि आर-इन्फ्रा की ओर की किए जा रहे दावे का कोई आधार नहीं है और यह सौदा हो जाने के बाद उत्पन्न ऐसा

विचार है जो कानून के सामने टिक नहीं सकता है। अडानी ट्रांसमिशन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, आर-इंफ्रा ने इस साल फरवरी और अगस्त में अतिरिक्त विवाद और दावों को उठाते हुए मध्यस्थता फोरम पर पूरक अनुरोध दायर किए हैं। हमारे विचार में, ये दावे बाद के उपजे विचार हैं और इनका कोई ठोस आधार नहीं हैं। आरइन्फ्रा ने पिछले सप्ताहांत शेयर बाजार बीएसई को दी गयी एक नियामक सूचना में कहा था कि उसने शेयर खरीद समझौते की शर्तों के उल्लंघन के संबंधी विवाद में मुंबई अंतरराष्ट्रीय मध्य-निणय केंद्र (सेंटर फॉर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन) के समक्ष लगभग 13,400 करोड़ रुपये का दावा दायर किया है। कंपनी ने मुंबई के विद्युत वितरण कारोबार को अडानी ट्रांसमिशन को बेचन के लिए शेयर खरीद समझौता 21 दिसंबर 2017 को किया था।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
याँत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर–मेदिनीनगर
अतिअल्पकालीन ई.–कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्याः– 01/2022–23

झारखण्ड सरकार, जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत डैम/जलाशय/वीयर /नहर के याँत्रिक कार्य हेतु प्रयुक्त होने वाले याँत्रिक सामग्रियाँ अनुसूचित दर 2022 में सम्मिलित नहीं होने के कारण **Non-Scheduled item** का दर(**GST** एवं **Labour Cess** छोड़कर सभी करों सहित) प्राप्त करने हेतु ई.–कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। दर दाता झारखण्ड सरकार के वेबसाईट Http://jharkhandtenders.gov.in पर सामग्रियों की सूची **Download** कर सकते हैं एवं अपना दर **Online** दिनांक 15.09.2022 समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 20.09.2022 से समय 5:00 बजे अपराह्न तक **Freeze** कर सकते हैं।

उक्त कोटेशन दिनांक 21.09.2022 को समय 3:30 बजे अपराह्न में **Online** खोला जायेगा।

नोटः–उक्त प्राप्त दरों का उपयोग विभागीय स्तर पर याँत्रिक कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार करने के उपयोग मात्र में लाया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
याँत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार,
शिविर–मेदिनीनगर।

PR 277625 District(22-23)D

झारखण्ड सरकार
न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर, वन प्रमण्डल

उपस्थिति सूचना

दिनांक 31.05.2019 को मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के कुन्दरी वन प्रक्षेत्र के अन्तर्गत् पांकी–बालूमाथ मुख्य सड़क पर ग्राम–ताल में अवैध रूप से पातन एवं परिवहन के आरोप में दो टेम्पू संख्या–शून्य, दोनों वाहनों का इंजन संख्या एवं चेचीस संख्या अपठनीय एवं 5 क्विंटल जलावन के साथ वन क्षेत्र पदाधिकारी, कुन्दरी प्रक्षेत्र के कर्मचारियों ने जप्त किया है। उक्त दोनों वाहन एवं 5 क्विंटल जलावन के विरूद्ध अधोहस्ताक्षारी के न्यायालय में अधिहरण वाद संख्या 09/2022 विचाराधीन है।

इस सूचना के माध्यम से वाहन स्वामियों एवं काष्ठ स्वामियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.10.2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि वाहन स्वामियों एवं काष्ठ स्वामियों को इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वाहनों एवं 5 क्विंटल जलावन को राज्यसात कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी
मेदिनीनगर वन प्रमण्डल

PR 277627 Forest, Environment and Climate Changes (22-23)_D

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

–:निविदा सूचनाः–

गढ़वा जिला में राज्य योजनान्तर्गत कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिये जिला में निर्धन, दिव्यांग, विधवा, भूमिहीन, निःसहाय, वृद्ध, वृद्धा एवं भिक्षुकों के बीच मुफ्त कम्बल वितरण करने हेतु GeM portal के माध्यम से निविदा/Reverse Auction करने के निमित निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रय किये जाने वाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग 38850 (अडतीस हजार आठ सौ पच्चास रूपये) अदद है, यह संख्या घट–बढ़ सकती है। कम्बल की विवरणी निम्नवत है :–

क्र० सं०	सामग्री का नाम	साईज	वजन	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
01	कम्बल (ऊनी)	90''X60''	02 कि०ग्रा० (न्यूनतम)	3''X3'' Dimension का (झारखण्ड सरकार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, रॉची) **Logo** सभी कम्बलों में लगाना अनिवार्य होगा।

निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 27.09.2022 (05:00 PM) तक निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की शर्ते एवं विवरणी **GeM Portal (https://gem.gov.in)** तथा **www.garhwa.nic.in** पर देखी जा सकती है।

ह०/–
उपायुक्त,गढ़वा

PR 277698 Social Welfare,Women and Child Development(22-23).D

कार्यालय, प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

अल्पकालिन निविदा सूचना

निविदा संदर्भ सं0 व्य0न्या0, लोहरदगा/01/2022–23

माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लोहरदगा, झारखंड के आवासीय कार्यालय के लिए एक 10 केबीए साईलेंट जेनरेटर की आवश्यकता है। अतः उक्त एक 10 केबीए जेनरेटर की राशि से संबंधित एजेन्सियों से बंद लिफाफे में नीचे दी गयी विवरणी के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

01.	कार्य का नाम	माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय के लिए एक 10 केबीए जेनरेटर।
02.	आपूर्ति करने की अवधि	15 दिन
03.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	30/09/2022, समय 02:00 बजे अपराह्न तक
04	निविदा खुलने की तिथि	30/09/2022, समय 02:00 से 04:00 बजे अपराह्न तक
05.	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के नाम एवं पता	प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय लोहरदगा
06.	कॉनटेक्ट नंबर	8825206756
07.	हेल्पलाइन नंबर	9430121770

प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन,
व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

PR277697 (Lohardaga)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 11/2021–22
(PR No. – 257279 का सप्तम् आमंत्रण)

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 16.09.2022 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.09.2022 को अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 24.09.2022 को अपराह्न 3.30 बजे तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 27.09.2022 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 9431516030
9. कार्य की विवरणी :– **Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Scheme on Solar Energy based Mini Water Supply Scheme in different blocks of Lohardaga District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 years Operation and maintenance works on "Turn-key basis" under D.W.& S.Division, Lohardaga for the year 2021-22 under JJM.**

क्र0	प्रखण्ड	ग्रामों की संख्या	टोलों की संख्या	योजना की संख्या	FHTC की संख्या	ग्रुप संख्या	प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Kisko	09	69	81	1350	Loh/SVS/Cluster-01B	6,29,79,000.00	6,30,000.00	10,000.00	09 months

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का **UCAN** निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR.NO.277690 Lohardaga(22-23):D

सम्पादक की कलम से...

झामुमो खेमे में हर्ष

झामुमो सुप्रीमो व सांसद शिबू सोरेन के खिलाफ चल रही सुनवाई पर दिल्ली हाईकोर्ट ने 13 दिसम्बर तक रोक लगा दी है। इस सूचना ने झामुमो को बोलने का अवसर दिया है। यही कारण है कि पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का गलत प्रयोग कर रही है। निशिकांत दुबे और भाजपा की ओछी मानसिकता से सभी वाकिफ हैं। एक आदिवासी सीएम द्वारा जनता की सेवा करना इन्हें रास नहीं आ रहा। इसलिये सामंतवादी और मनुवादी सोच वाले इन भाजपाई नेताओं द्वारा येन-केन प्रकारेण कई प्रकार के हथकंडों को अपनाया जा रहा है जिसमें वे बार-बार विफल भी हो रहे हैं। यह सच है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रति देश के करोड़ों मूलवासी, आदिवासी, दलित, शोषित लोगों की श्रद्धा है। वे हर वक्त मनुवादी और सामंतवादियों के खिलाफ संघर्षरत रहे हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है। लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं हो सकता कि भारत के संविधान से कोई बड़ा है। अगर कोई कानून से जुड़ा मामला है तो उसकी सुनवाई होगी। ऐसे संकट के समय में सभी को संयम बनाने की जरूरत है। कानून अपना काम करेगा। यह सच है कि आज कोई भी पार्टी सत्ता से ज्यादा दिनों तक दूर रहना नहीं चाहती है। ऐसे में झारखंड में पिछले दो सालों से अधिक समय से भाजपा सत्ता से दूर है। ऐसे में भाजपा के अंदर विचलन होना स्वभाविक है। ऐसे में वे कभी सरकार गिराने की साजिश करते हैं। कभी विधायकों को खरीदने का प्रयास, कभी संवैधानिक संस्थाओं की मदद से झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन, सीएम हेमंत सोरेन, सरकार के मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ सुनियोजित षडयंत्र करते हैं पर वे चारों खाने चित्त हो जा रहे हैं। ऐसे में यहां यह जानना जरूरी है कि आखिर लोकपाल के समक्ष क्या है मामला। झामुमो के मुताबिक निशिकांत दूबे ने शिबू सोरेन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला 5 अगस्त 2020 को दर्ज कराया था। 15 सितंबर, 2020 को लोकपाल ने सीबीआई को मामले की प्रारंभिक जांच करने को कहा। लोकपाल में इस निर्देश के विरुद्ध झामुमो अध्यक्ष ने अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत चुनौती याचिका दाखिल की थी। 12 सितंबर, 2022 को दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल में चल रही सुनवाई पर 13 दिसंबर 2022 तक रोक लगा दी है। जस्टिस यशवंत वर्मा ने मामले पर रोक लगाते कहा है कि मामले पर विचार करने की जरूरत है। झामुमो अध्यक्ष द्वारा आपत्ति की गयी थी कि तथाकथित घटना के 7 साल से अधिक समय के बाद शिकायत दर्ज की गयी। लोकपाल और लोकायुक्त एक्ट 2013 की धारा 53 के अनुसार उक्त अवधि (7 साल) समाप्त हो जाने के बाद ऐसी कोई जांच नहीं की जा सकती। चुनौती याचिका में यह भी कहा गया था कि लोकपाल के समक्ष 5 अगस्त 2020 को शिकायत दर्ज की गयी थी, सीबीआई ने जुलाई 2021 में शिबू सोरेन और उनके परिवार के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की जबकि फरवरी 2022 के अंत तक शिकायत की कोई प्रति याचिकाकर्ता को प्रदान नहीं की गयी। ऐसे में दिल्ली होईकोर्ट ने जो रोक लगायी है,उसे लेकर झामुमो के अंदर खुशी का माहौल है। अब आगे देखना है कि आगे-आगे होता है क्या?

आज का इतिहास

1996 : फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।
1997 : अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
1998 : गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
2006 : संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।
1882 : शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
1884 : प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
1933 : जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
1943 : जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
1946 : हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1948 : इजरायल और मिस्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
1956 : डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
1931 : पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म।
1932 : टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरूआत की।
1949 : त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
1961 : लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
1978 : सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
1988 : उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी।
1990 : बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन।
1990 : सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोबार्चोव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।

क्या मोदी ने सुधारी ऐतिहासिक भूल

'लालकिले पर तिरंगा फहराने का सपना भी नेताजी और आजाद हिंद फौज का ही था, न कि किसी और नेता का। नेहरूजी ने नेताजी के लिए लालकिले के सामने स्मारक न बनाने के पीछे तर्क दिया कि वह जगह देश के स्वाधीनता-संग्राम के सभी शहीदों के लिए एक स्मारक बनाने के लिए सुरक्षित रखी गई है। वह किसी रायचौधरी का हवाला देते हैं कि उन्होंने उस स्मारक पर काम करना शुरू भी कर दिया है। लालकिले के सामने नेहरूजी की शहीद स्मारक योजना का क्या हुआ, आजतक किसी को उसका कुछ पता नहीं। रायचौधरी कौन-सा शहीद स्मारक लालकिले के सामने बना रहे थे।'

बात साल 1960 की है। दूसरी लोकसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा था। 2 दिसंबर 1960 को निचले सदन में एक प्रस्ताव रखा गया कि जापान के रेंकोजी मंदिर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस की अस्थियों को भारत लाया जाए। नेताजी की अस्थियों के लिए दिल्ली के लालकिले का सामने एक भव्य स्मारक बनाने की भी बात थी उसमें। भारतीय संसद में और संसद के बाहर, पूरे देश में यह मुद्दा गरम था। मांग हो रही थी कि अगर सरकार मानती है कि रेंकोजी मंदिर में जो अस्थि-अवशेष नेताजी सुभाषचंद्र बोस के हैं, तो उन्हें भारत मंगवा लेना चाहिए। संसद के इस प्रस्ताव के संबंध में उसी दिन 2 दिसंबर 1960 को नेहरूजी ने डॉ. बिधान चंद्र रॉय को एक पत्र लिखा। बिधान चंद्र रॉय तब पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री थे। नेहरूजी का वह पत्र गोपनीय था। उसमें नेहरूजी ने लिखा कि नेताजी की अस्थियों को भारत लाने की कोशिश भारत सरकार तभी करेगी, जब नेताजी का परिवार उसके लिए पहल करे। यह बात तो समझ में आती है। लेकिन, इसी पत्र में वह नेताजी के लिए लालकिले के सामने स्मारक का प्रस्ताव ठुकरा देते हैं। नेहरू लिखते हैं, 'मैं नहीं सोचता हूं कि उस तरह की चीज यानी नेताजी का स्मारक लालकिले के सामने बन सकता है'। नेहरूजी को ऐसा क्यों लगता था, यह तो उन्हें ही पता होगा, लेकिन उनका यह कहना कि वैसी चीज (नेताजी का स्मारक) लालकिले के सामने नहीं बन सकती, यह तो समझ से परे है। नेहरूजी बिधान चंद्र रॉय को लिखी अपनी उसी चिट्ठी में लालकिले के सामने स्मारक न बनाने के अपने निर्णय के साथ-साथ एक अजीब सलाह भी देते हैं। सलाह यह कि यदि नेताजी के अस्थि-अवशेष भारत लाये जाते हैं, तो उन्हें कलकत्ते में ही रखना चाहिए। नेहरूजी को शायद यह याद नहीं रहा कि नेताजी का नारा था, 'दिल्ली चलो, न कि कलकत्ते चलो।' उनका यह नारा बांग्ला में नहीं, हिंदुस्तानी में था। लालकिले पर तिरंगा फहराने का सपना भी नेताजी और आजाद हिंद फौज का ही था, न कि किसी और नेता का। नेहरूजी ने नेताजी के लिए लालकिले के सामने स्मारक न बनाने के पीछे तर्क दिया कि वह जगह देश के स्वाधीनता-संग्राम के सभी शहीदों के लिए एक स्मारक बनाने के लिए सुरक्षित रखी गई है। वह किसी रायचौधरी का हवाला देते हैं कि उन्होंने उस स्मारक पर काम करना शुरू भी कर दिया है। लालकिले के सामने नेहरूजी की शहीद स्मारक योजना का क्या हुआ, आजतक किसी को उसका कुछ पता नहीं। रायचौधरी कौन-सा शहीद स्मारक लालकिले के सामने बना रहे थे, उसका कोई सबूत हमें नहीं मिलता। हां, इस बात का सबूत जरूर मिलता है कि नेताजी का स्मारक न बनाने के लिए वह तर्क दिया गया था। देश के लिए शहादत क्या होती है, देश के लिए त्याग क्या होता है, उसका सबसे बड़ा आदर्श नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने पेश किया था। नेताजी ने अपनी शहादत से पहले भारत की आजादी के लिए शहीद हुए आजाद हिंद फौज के वीर सपूतों की स्मृति में सिंगापुर में 8 जुलाई 1945 को आईएनए स्मारक की आधारशिला रखी। एक पराए देश में एक पराधीन देश के स्वाधीनता-सेनानियों के लिए एक भव्य स्मारक की योजना नेताजी की अटूट देशभक्ति और अपने साथी सैनिकों की देशभक्ति के प्रति श्रद्धा का ही सबूत है। उस स्मारक पर जो प्रेरणा-मंत्र था, उसके तीन शब्द थे- इत्तिहाद, ऐतमाद और कुरबानी यानी एकता, विश्वास व बलिदान। कोई भी देश, कोई भी कौम इन्हीं बीज मंत्रों से तरक्की करता है। उस स्मारक को माउंटबेटन ने, जापान पर इंग्लैंड के कब्जे के बाद तुड़वा दिया था। बाद में उसी माउंटबेटन को स्वाधीन भारत को अपना पहला गवर्नर जनरल स्वीकार करना पड़ा। सिंगापुर का आईएनए स्मारक फिर से स्थापित हो गया। लेकिन क्या तब की सरकार को अपने जांबाज सपूत के लिए दिल्ली में मुनासिब जगह पर एक स्मारक नहीं बनवाना चाहिए था? इंडिया गेट पर शहीद स्मारक की नई रूपरेखा और उसके केंद्र में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा निश्चित रूप से उस गलती को देर से ही सही, ठीक करने की कोशिश है। देश की विरासत पर कोई अंतिम फैसला किसी सरकार का नहीं होता, अवाम का होता है। नेताजी इस देश के अवाम की सांसों में जिंदा हैं, जिंदा रहेंगे।

■ अखिलेश झा

धुंध भरा इंतजार

देश में गंगा उल्टी होकर बहती है तो ऐसी धुंध पैदा हो जाती है कि खत्म ही नहीं होती। इस धुंध के आगे-आगे चलते हैं ऊंचे स्वर के कर्कश मसीहा, जो कल आपकी जिंदगी को दूभर कर रहे थे, आज उसे स्वर्ग बना देने की कसमें खाते हैं। या यों कह लें कि कल तक जो आपके घर में दूध में पानी मिला कर बेचते थे, उन्हें अगर आज मिलावट के विरुद्ध और कुपोषण के खिलाफ जंग छेड़ते देखते हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि आपके इलाके में जल संकट गहरा हो गया है। दूध को गाढ़ा करने वाले पाउडर के दाम बढ़ गये हैं, इसलिए उनके मन में बिना मिलावट दूध बेचने का पुण्य कमाने का जज्बा पैदा हो गया है। आज शायद हींग लगे न फिटकरी रंग भी चोखा आय का नया चलन पैदा हो गया है। अब दूध में पानी मिलाने का झंझट काहे पालना, जब इसके विरुद्ध विशुद्ध संस्कृति का नारा लगाने से ही आपकी पालकी को किराये के कहार उठा लेते हैं। दाम चुकाओ तो आज क्या नहीं मिल जाता। पहले किराये पर रैलियां सजती थीं, भीड़ जुटती थी, मंच सजते थे, मतदान केंद्रों के बाहर जाति और धर्म के नाम पर बिके वोटरों की कतारें सजती थीं, अब तो बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया में सेंध लग जाती है। आपका वाट्सऐप बिकने लगा। मोहल्ले में वोट मांगते नेता अब आपकी चिरौरी करते नजर क्यों आएं? वाट्सऐप से आपके मन और रुझान की खाना तलाशी करते हुए मनभावन घोषणाओं से अपने वोटरों का मन जीत लें, और राजनीति में वंशवादी परंपराओं को स्थापित कर लें। परंपरा को जीना और उसकी गरिमा ग्रहण करना जैसे एक व्यावसायिक फामूर्ला बन गया और इसके साथ ही उभर आई देश की मिट्टी को माथे पर लगाने की पुकार, चाहे यह मिट्टी लगी उस माथे पर हो जो पहले ही धूल धूसरित थे। इसीलिए समझाया जाता है कि बंधु, जमाना बदल गया है। नेकनीयती के सपने न देखो। नई सदी ने नई समझ दे दी है। अब सदियों से पिछड़े हुए इस देश की गुरुतर आबादी को हर समस्या का हल वृहत परिप्रेक्ष्य में करना सीखना होगा। अब समझ की व्याकरण ही न बदलो, अपने नये शब्दकोशों में शब्दों के अर्थ भी बदल डालो। वर्तमान से असंतुष्ट लोगों को अतीत की गरिमा से सराबोर कर दो। आंकड़े बताते हैं कि मिलावटी दूध के कुपथ्य ने पांच साल की उम्र के आधे से अधिक और बारह साल की उम्र तक आधे से कम बच्चे मौत के हवाले कर दिये, तो लोगों को वर्तमान के प्रति असंतोष की ज्वाला में दहकने न दो, बल्कि उन्हें बताओ कि हमारे यहां तो शुद्ध पवित्र वातावरण में कामधेनु गायों के मिल जाने की परंपरा है। तब आम के आम और गुठलियों के दाम मिलेंगे। मगर बंधुवर, हथेलियों पर सरसों तो नहीं जमाई जा सकती। इस देश में कामधेनु और कल्पवृक्ष का युग भी लौट कर आयेगा। तब यह जीवन, समाज और गलत भौतिकवादी मूल्यों का गंदलापन छंट जायेगा।

■ सुरेश सेठ

इस पदयात्रा से क्या हासिल होगा?

कुछ और हासिल हो या न हो इस 'भारत जोड़ो' पदयात्रा से, इतना तो तय है कि अगले पांच-छह महीनों के लिए राहुल गांधी भारत माता की सरजमीं को छोड़ कर कहीं नहीं जायेंगे। छोटी बात नहीं है यह। याद रखें कि नेहरू-गांधी परिवार के इस वारिस की आदत है हर दूसरे महीने चुपके से खिसक जाना किसी रहस्यमय विदेश यात्रा पर। कुछ दिन गायब रहने के बाद लौट आते हैं, लेकिन तब तक कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के हौसले कम हो ही जाते हैं। पिछले तीन सालों में देश की इस सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी से कई वरिष्ठ नेता हार मान कर चले गये हैं। आखिरी जाने वाले ऐसे नेता थे गुलाम नबी आजाद, जिन्होंने जाते-जाते राहुल गांधी को कांग्रेस छोड़ने का मुख्य कारण बताया, वो भी उनकी माताजी को पत्र लिख कर। इस पत्र को आजाद साहब ने मीडिया और सोशल मीडिया में खूब प्रचारित किया। खैर, लौट कर आती हूं उस पदयात्रा पर, जो पिछले गुरुवार को चल पड़ी है कन्याकुमारी से और जिसका गंतव्य है कश्मीर। वादा है राहुल गांधी का कि इस यात्रा का नेतृत्व वे खुद करेंगे शुरू से अंत तक। यात्रा शुरू करने से पहले राहुल ने समुद्र किनारे एक आमसभा को संबोधित किया। मैंने उनके भाषण को ध्यान से सुना और इस लेख को लिखने से पहले उसको अखबारों में ध्यान से पढ़ा। ऐसा करने के बाद एक दो बातों का विश्लेषण किया। नई चीज यह पाई कि पहली बार कांग्रेस के इस पूर्व (और शायद भावी) अध्यक्ष ने राष्ट्रवाद और देशभक्ति को वापस कांग्रेस के हाथों में लेने की कोशिश की है। अभी तक उनका ज्यादा ध्यान रहा है मोदी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने में, उनको गरीबों का दुश्मन और कुछ 'मुट्ठी भर' धनवानों का दोस्त साबित करने में। इतनी बार कह चुके हैं राहुल इस बात को पिछले आठ सालों में कि आरोप अब खोखला लगने लगा है। इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मतदाताओं को यह आरोप बेबुनियाद लगा, वरना कांग्रेस का यह हाल न होता कि 2018 के बाद एक भी चुनाव जीती नहीं है। लेकिन अगर राष्ट्रवाद के परचम और उस 'पुराने' इंडिया की सबसे बड़ी शक्ति, जो उसकी विभिन्नता थी, कांग्रेस वापस लेने में सफल होती है, तो 2024 में मोदी को चुनौती देने में भी सफल हो सकती है। अब सुनिये, राहुल ने अपने भाषण में कौन-सी बातें कहीं, जिससे मुझे लगा कि वे समझ गये हैं कि मोदी की सबसे बड़ी कमजोरी है कि वे इस देश के हर वर्ग को अपने साथ लेकर नहीं चल रहे हैं। हिंदू हृदय सम्राट बेशक बन गये हैं, लेकिन इस देश में और भी कौमें हैं, जिनमें सबसे बड़ी है मुसलमानों की कौम, जिनको पूरी तरह लगने लगा है मोदी के राज में कि उनको हिंदुओं से कम दर्जा देने की कोशिश हुई है। सो, जब राहुल ने तिरंगा उठा कर कहा कि यह हर भारतीय का है, किसी एक वर्ग का नहीं, उनकी यह बात मुझे बहुत अच्छी लगी। इसके बाद राहुल ने कहा, 'भारत का इतिहास, उसकी भाषायें, उसकी सभ्यता हम सबकी है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रयास है कि यह झंडा, यह देश उनकी निजी जायदाद है। समझते हैं ये लोग कि इस देश का भविष्य सिर्फ वे तय कर सकते हैं। बांटना चाहते हैं देश को धर्म-मजहब और भाषाओं को लेकर दरारें पैदा करके। 'इन बातों का महत्त्व मेरी नजर में यह है कि यही एक मुद्दा है, जिसको लेकर मोदी और उनकी 'न्यू इंडिया' वाली भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस का किसी भी हाल में मुकाबला नहीं कर सकती है। बल्कि यह कहना कि वे इस स्पर्धा में हैं ही नहीं, गलत न होगा। बिल्कुल वैसे जैसे कांग्रेस की सबसे बड़ी कमजोरी है परिवारवाद, उसी तरह मोदी के भाजपा की कमजोरी है उसका उग्र हिंदुत्व, जो खोखला कर चुका है बहुत पहले मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' वाले नारे को। नफरत का ऐसा माहौल बन गया है देश में कि अर्शदीप सिंह ने भारत-पाकिस्तान वाले क्रिकेट मैच में कैच क्या गिराई कि उसको खालिस्तानी कहने लगे सोशल मीडिया पर, ऐसे लोग जो गर्व से कहते हैं कि वे मोदी भक्त हैं। बाद में भारत सरकार की तरफ से कहा गया कि शरारत शुरू की थी पाकिस्तान में बैठे कुछ लोगों ने। शायद शुरू वहां से हुई है, लेकिन इस गंदे खेल में शामिल हुए हैं ढ़ेर सारे भारतीय, जो मोदी भक्त हैं। पांच महीने पदयात्रा पर रहने से पता नहीं कांग्रेस पार्टी अपना खोया हुआ जनसमर्थन वापस ले पायेगी कि नहीं, लेकिन अगर वह साबित कर देती है कि असली देशभक्ति और राष्ट्रवाद का परचम उसके पास है, तो 2024 वाले आम चुनावों में वह एक शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी बन के उतर सकती है युद्धभूमि में। इस देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं जो हिंदू हैं, लेकिन हिंदुत्ववादी नहीं हैं, इसलिए कि देख चुके हैं मोदी के राज में कि इस विचारधारा ने न सिर्फ सनातन धर्म को बदनाम किया है, देश को भी बांटने का काम किया है। ढूंढ़ रहे हैं विकल्प, लेकिन इस देश में एक ही राजनीतिक दल है, जो विकल्प बन सकता है और वह है कांग्रेस। इस राजनीतिक दल का पुनर्जीवित होना देश के हित में है, लेकिन अभी तक गांधी परिवार के तीनों सदस्य ऐसे पेश आए हैं जैसे कांग्रेस को बचाने से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है गांधी परिवार को बचाना।

■ तवलीन सिंह

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले-[हे राजन्!] उन दोनों दैत्योंको मारा गया देखकर मरनेसे बचे सभी सैनिक भागकर राजा शुम्भके पास गये। कुछ सैनिकोंके अंग बाणोंसे छिद गये थे, कुछके हाथ कट गये थे, उनके पूरे शरीरसे रक्त बह रहा था; वे सब रोते हुए नगरमें पहुंचे।।1-2।।

दैत्यराज शुम्भके पास जाकर वे सब बार-बार चीख-पुकार करने लगी-हे महाराजा! हमें बचा लीजये, बचा लीजिये; नहीं तो आज हमें कालिका खा जायगी। उसने देवताओंका मर्दन करनेवाले महावीर चण्ड-मुण्डको मार डाला और वह बहुत-से सैनिकों को ख गयी। अंग-भंग हुए हमलोग इस समय भयसे व्याकुल हैं।।3-4।।

हे प्रभो! मरे पड़े हाथियों, घोड़ों, ऊंटों तथा पैदल सैनिकोंसे उस कालिकाने युद्धभूमिको अत्यन्त डरावना बना दिया है।।5।।

उसने समरभूमिमें रक्तकी नदी बना डाली है, जिसमें मांस कीचड़की भांति, मस्तकके केश सेवारके सदृश और टूटे हुए रथोंके पहिये भंवरके समान, सैनिकोंके कटे हाथ आदि मछली के समान और सिर तुम्बीके फलके तुल्य प्रतीत हो रहे हैं। वह [रूधिर-नदी] कायरोंको भयभीत करनेवाली तथा देवतओंके हर्षको बढ़ानेवाली है।।6-7।।

हे महाराज! अब आप दैत्यकुलकी रक्षा कीजिये और शीघ्र पातालोक चले आइये; अन्यथा क्रोधमें भरी वह देवी आज ही [सभी दानवोंका] विनाश कर डालेगी; इसमें सन्देह नहीं है।।8।।

हे दानवेन्द्र! अम्बिकाका वाहन सिंह भी युद्धभूमिमें दानवोंको खाता जा रहा है और कालिकादेवी अपने बाणोंसे [दैत्य सैनिकोंका] अनेक तहरसे वध कर रही है। अतएव हे राजेन्द्र! आप भी कोपके वशीभूत होकर अपने भाई निशुम्भसहित मरनेका व्यर्थ विचार कर रहे हैं।।9-10।।

हे महाराज! राक्षसकुलका नाश करनेवाली यह क्रूर स्त्री, जिसके लिये आप अपने बन्धुओंको मरवा डालना चाहते हैं, यदि आपको प्राप्त हो ही गयी तो यह आपको क्या सुख प्रदान करेगी?।।11।।

हे महाराज! जगत्में जय तथा पराजय दैवके अधीन होती है। बुद्धिमान्को चाहिये कि अल्प प्रयोजनके लिये भारी कष्ट न उठाये।।12।।

हे प्रभो! जिसके अधीन यह सारा जगत् रहता है, उस विधाताका अद्भुत कर्म देखिये कि इस स्त्रीने अकेले ही सम्पूर्ण राक्षसोंका संहार कर डाला।।13।।

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

सड़क जाम मुक्त हो

शहर में कई क्षेत्रों में रोज दिन कहीं न कहीं नया निर्माण हो रहा है। कई जगहों पर मॉल का निर्माण हो रहा है। ऐसे में शहर नये युग में प्रवेश कर रहा है। पहले हम बड़े शहरों में ही मॉल देखा करते थे। अब हमारे शहर में भी मॉल बन रहे हैं। लेकिन शहर में कई क्षेत्र रोज दिन जाम की चपेट में आते रहते हैं। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। बाजार की सड़को के बीच जो लोग अपने बाइक को लगा रहे है उसे प्रशासन के लोग थाना ले जा रहे है और उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं गाड़ी को लगाये तो कहा लगायें। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर चलाये जा रहे अभियान सही है। लेकिन इसके साथ बाइक के लिए प्रशासन पार्किंग की व्यवस्था करें। ऐसे में शहर में बाइक पार्किंग की बहुत शिद्दत के साथ जरूरत महसूस की जा रही है। शहर में अधिकांश सड़क बाइक व अन्य दो पहिया वाहनों के कारण जाम रहते हैं। अगर इन बाइकों के लिए शहर में एक उचित जगह देखकर उनका पार्किंग स्थल बना दिया जाये तो शहर को जाम से मुक्ति मिल सकती है। ज्ञात हो कि शहर में रोज दिन गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग बाइके से आते हैं। मैं आपके लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से प्रशासन व निगम से बाइक पार्किंग बनाने का अनुरोध करता हूं।

■ अनुराग तिवारी मेदिनीनगर।

देश की हर सीमा की पुख्ता सुरक्षा जरूरी

पिछले सप्ताह दिल्ली में आहूत एक बैठक में जम्मू-कश्मीर संभाग की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कहा कि प्रधानमंत्री एक शांतिपूर्ण और समृद्ध कश्मीर देखना चाहते हैं। चूंकि बैठक जम्मू-कश्मीर के लिए हो रही थी, इसलिए प्रधानमंत्री की मंशा जम्मू-कश्मीर को लेकर क्या है, उसे साझा किया गया। लेकिन, हमारी सीमा तो सात देशों-बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और अफगानिस्तान से भी लगती है। यदि हम भूटान की सीमा को भी जोड़ दें तो आठ देशों से भारत की सीमा लगती है। निश्चित रूप से अन्य देशों, जिनसे हमारी सीमा जुड़ती है, के लिए भी अलग-अलग बैठकें होती होंगी, लेकिन इनमें से कुछ देश हमारे मित्र हैं। उनसे हमारे अच्छे संबंध हैं, इसलिए उन देशों की सीमाओं के साथ हम उतने आक्रामक नहीं होते हैं। पाकिस्तान चूंकि हमारे लिए महत्वपूर्ण इसलिए हो जाता है, क्योंकि उसका जन्म ही भारत विरोध के लिए हुआ है और वह भारत पर हर समय किसी-न-किसी रूप में हमला करने की ताक में लगा रहता है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि बंटवारे के बाद से अब तक उसके जितने भी शासक हुए, किसी ने संबंधों को सुधारने की दिशा में कोई पहल नहीं की। पाकिस्तान के राजनेताओं की राजनीति चलती ही भारत विरोध पर है, फिर वह इसे सुधारने का प्रयास करें तो क्यों? हमारे देश की सीमा पाकिस्तान से 2,900 किलोमीटर लंबी, यानी 1,800 मील की है, जिसकी सुरक्षा करना टेढ़ी खीर है। विभाजन की घोषणा 3 जून की शाम को आल इंडिया रेडियो पर माउंटबेटन ने की थी। महीनों के व्यस्त और गहन विचार-विमर्श तथा वार्ता, जिसमें लंदन में ब्रिटिश सरकार, भारत सरकार और एक भारतीय राय रखने वाले व्यापक क्षेत्र शामिल थे, और साथ में इस खेल के केंद्र में मौजूद थे कांग्रेस, मुस्लिम लीग और सिख प्रतिनिधि। लंदन में प्रधानमंत्री एटली ने दोपहर 3.30 बजे हाउस ऑफ कॉमन्स में एक बयान दिया। यह भारत के रेडियो पर प्रसारित किया गया था। संबोधित माउंटबेटन ने किया था। वर्ष 2000 में एक बार बाघा बॉर्डर पर सीमा पार के एक पाकिस्तानी नागरिक से पूछा कि इतनी लंबी सीमा सुरक्षा के लिए आपके पाकिस्तान की क्या भूमिका रहती है? उसका उत्तर बहुत ही विचलित करने वाला था। उसका कहना था कि यह फेंसिंग आपने अपने देश की सुरक्षा के लिए लगाई है। ऐसे में पाकिस्तान इसकी सुरक्षा की जहमत क्यों उठाये। इसी का तो परिणाम है कि जब भी देखें, सेंध मारकर वे हमारी सीमा में घुसकर उत्पात मचाते हैं। शायद ही कोई दिन ऐसा जाता हो, जब पाकिस्तान द्वारा किसी-न-किसी प्रकार के आतंक की सूचना न मिलती हो। कश्मीर घाटी के निवासी तो इन घटनाओं को सियासतदानों का खेल मानते हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तान कंगाल देश है। उसकी यह हैसियत नहीं कि वह हिंदुस्तान में घुसकर यहां के आबोहवा को खराब करे। घुसपैठ और आतंक फैलाना शुद्ध सियासी खेल है और नुकसान आम भारतीय जनता को उठाना पड़ता है। गृहमंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस छद्म युद्ध को जीतने के लिए सीमापर आतंकियों, हथियार व गोला-बारूद की आवाजाही का डर पूरी तरह समाप्त करना जरूरी है। पुलवामा जैसी घटनाओं से अब जनमानस त्रस्त हो गया है। उसकी यह इच्छा कभी नहीं होती कि खामख्वाह उस पर कथित आतंकी हमला हो और वे अशांत रहें। अपनी यात्रा के दौरान कई स्थानीय निवासियों ने कहा कि हम वर्षों से अशांत हैं और यहां के लगभग सभी निवासी इस आतंकी युद्ध में अपने परिवार के किसी-न-किसी को खोया है। इसलिए अब और नहीं। यह खेल बंद होना चाहिए। सरकार को इस पर कड़ाई से निर्णय लेने की जरूरत है। पाकिस्तान तो चोर की तरह घुसकर हमारे यहां बार-बार घुसपैठ करता रहता है, लेकिन वहीं चीन को देखें, तो वह डाकू की तरह हमारी सीमाओं में घुसकर अपना गांव तक बसा लेता है। दादागीरी यह कि इसे मानने के लिए भी वह तैयार भी नहीं होता। देश बड़ा हो तो स्वाभाविक है उसकी सीमाएं भी बड़ी होंगी। चीन अंतरराष्ट्रीय मैक मोहन सीमा-रेखा को नहीं मानता है भारत-चीन की सीमा 4,047 किलोमीटर की है, जो भारत के पांच राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश जैसे दुरूह राज्यों से गुजरता है।

■ निशिकांत ठाकुर

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

अंडरराइटर कैसे बनें व क्या कौशल आवश्यक है इसके लिए?



अंडरराइटर अपने अनुभव के आधार पर यह निर्णय लेता है कि अनुबंध जोखिम भरा होगा या यह लेने लायक होगा या नहीं। उदाहरण के लिए एक हामीदार जो स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ काम करता है, आवेदकों के स्वास्थ्य जोखिमों का विश्लेषण करता है।

वित्तीय उद्योग विभिन्न पेशेवरों से भरा हुआ है जो कई अलग-अलग क्षमताओं में सेवा करते हैं। बैंक टेलर, बीमा एजेंट, वित्तीय सलाहकार, पोर्टफोलियो मैनेजर कुछ ऐसे पद हैं जो इस उद्योग को बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि कौन से पेशेवर क्रेडिट और उधार देने के फैसले के पीछे जोखिम का आकलन करते हैं? इन व्यक्तियों को हामीदार या अंडरराइटर कहा जाता है।

अंडरराइटर्स मूल्यांकन करते हैं और मूल्यांकन करते हैं कि वित्तीय जोखिम लेने लायक है या नहीं। आप वित्तीय उद्योग के विभिन्न हिस्सों में अंडरराइटर्स पा सकते हैं, जिसमें उधार, बीमा, इक्विटी बाजार और यहां तक कि सुरक्षा व्यापार भी शामिल है। जब भी आप व्यक्तिगत ऋण, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी, या बंधक के लिए आवेदन करते हैं तो कुछ कंपनियां अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (initial public offerings - IPOs) लॉन्च करती हैं, जबकि अन्य आपके आवेदन की समीक्षा करती हैं।

यदि आपको यह एक रोमांचक करियर पथ की तरह लगता है, तो आप शैक्षिक आवश्यकताओं और पेशेवर योग्यताओं के बारे में सोच सकते हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी।

अंडरराइटर की भूमिका क्या होती है?

अंडरराइटर अपने अनुभव के आधार पर यह निर्णय लेता है कि अनुबंध जोखिम भरा होगा या यह लेने लायक होगा या नहीं। उदाहरण के लिए एक हामीदार जो स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ काम करता है, आवेदकों के स्वास्थ्य जोखिमों का विश्लेषण करता है। एक अंडरराइटर के काम में उम्र, वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति और चिकित्सा और पारिवारिक इतिहास सहित आवेदक के विवरण की जांच करना शामिल होता है। इस जानकारी का उपयोग करते हुए और अन्य औपचारिकताओं के बाद वह अंडरराइटिंग सॉफ़्टवेयर में जानकारी दर्ज करता है। सॉफ्टवेयर प्रीमियम की राशि और बीमा प्रदाता कंपनी को पॉलिसी पर लागू होने वाली शर्तों का निर्धारण करता है।

एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी का हामीदार चिकित्सा जानकारी की समीक्षा करता है, जबकि एक ऋण हामीदार ग्राहक के क्रेडिट इतिहास जैसे कारकों का आकलन करता है। अंडरराइटर का काम जटिल होता है। बीमा हामीदार व्यक्तियों को जोखिम के स्वीकार्य स्तर को निर्धारित करने में सक्षम होना चाहिए। जटिल परिस्थितियों की जांच करते समय एक हामीदार को शोध करने और बहुत सारी जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता हो सकती है। एक हामीदार ऋण और इक्विटी बाजार, गिरवी और बीमा जैसे क्षेत्रों में किसी अन्य पार्टी के जोखिम का आकलन करता है।

अंडरराइटर बनने के लिए आवश्यकताएं

यदि आप एक हामीदार बनना चाहते हैं तो कुछ चीजें हैं जिन्हें आपको ध्यान में रखना होगा। आवश्यकताएं अक्सर उप-क्षेत्र और उस क्षेत्राधिकार के आधार पर भिन्न होती हैं जिसमें आप काम करते हैं।

अंडरराइटर बनने के लिए आपको स्नातक की डिग्री की आवश्यकता हो सकती है जिसमें अर्थशास्त्र, व्यवसाय, लेखा, वित्त, या गणित में शोध शामिल होता है। अंडरराइटिंग के लिए विश्लेषणात्मक, कंप्यूटर, संचार और गणित कौशल सहित विशेष कौशल की एक श्रृंखला की आवश्यकता होती है। नए कर्मचारियों को वरिष्ठ हामीदारों से ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण मिलता है और उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रमुख प्रमाणन कार्यक्रमों को पूरा करना होगा। आप एंट्री-लेवल की नौकरी से लेकर वरिष्ठ पद तक, उच्च वेतन के साथ पाँच से 10 वर्षों के भीतर अपना काम कर सकते हैं।

एक हामीदार बनने के लिए आपको आमतौर पर स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। गणित, बिजनेस, अर्थशास्त्र और वित्त के पाठ्यक्रम इस क्षेत्र में फायदेमंद होते हैं क्योंकि वे निश्चित रूप से आपके द्वारा किए जा रहे किसी भी काम में उपयोगी हो सकते हैं। एक अच्छा हामीदार भी विस्तार-उन्मुख होता है और उसके पास गणित, संचार, समस्या-समाधान और निर्णय लेने में उत्कृष्ट कौशल होता है।

एक बार काम पर रखने के बाद आप आमतौर पर वरिष्ठ हामीदारों की देखरेख में काम पर प्रशिक्षण लेते हैं। एक प्रशिक्षु के रूप में आप सामान्य जोखिम कारकों और हामीदारी में उपयोग किए जाने वाले बुनियादी अनुप्रयोगों के बारे में सीखते हैं। जैसे-जैसे आप अधिक अनुभवी होते जाते हैं आप स्वतंत्र रूप से काम करना शुरू कर सकते हैं और अधिक जिम्मेदारी ले सकते हैं।

शिक्षा ही एकमात्र ऐसी चीज नहीं है जो आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद कर सकती है। विशेष कौशल का एक सेट भी है जो आपको अपना करियर बनाने में और आगे बढ़ने में आपकी मदद कर सकता है। यहां कुछ प्रमुख कौशल दिए गए हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगीः

- **विश्लेषणात्मक कौशल**
- **संचार कौशल**
- **कंप्यूटर कौशल**
- **गणित कौशल**

अंडरराइटिंग में कॅरियर शुरू करने का सबसे आसान तरीका अच्छी शिक्षा प्राप्त करना है। गणित, लेखा, अर्थशास्त्र और किसी भी अन्य संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री मदद करती है। सुनिश्चित करें कि आपके पास विश्लेषणात्मक और संचार कौशल सहित सही कौशल हैं और प्रमाणित हों। एक बार जब आपके पास वह सब कुछ हो जाए तो प्रवेश स्तर की नौकरियों की तलाश करें जो आपको वह प्रशिक्षण प्रदान कर सकें जो आपको अपने कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए चाहिए।

❖ **जे. पी. शुक्ला**

डीआरडीओ में निकली हैं बंपर नौकरियां दसवीं पास भी कर सकते हैं आवेदन

अधिसूचना के मुताबिक डीआरडीओ ने सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट बी और टेक्निकल ए के लिए नौकरी आवेदन मांगे हैं। इन पदों के लिए 1900 से ज्यादा भर्ती किए जाने की योजना है। इन पदों के लिए दसवीं पास से लेकर ग्रेजुएट व्यक्ति तक आवेदन कर सकते हैं। पदानुसार शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई हैं। सरकारी नौकरी की चाह तो हर व्यक्ति की होती है और इसके लिए लोग बहुत सी तैयारियां भी करते हैं। अगर आप भी एक सरकारी नौकरी पाने की इच्छा रखते हैं तो अब डीआरडीओ आपके लिए एक सुनहरा मौका लेकर आया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, ने 1900 से अधिक नौकरियो के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें दसवीं पास से लेकर ग्रेजुएट व्यक्ति तक आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

किन पदों के लिए निकली है नौकरी : अधिसूचना के मुताबिक डीआरडीओ ने सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट बी और टेक्निकल ए के लिए नौकरी आवेदन मांगे हैं। इन पदों के लिए 1900 से ज्यादा भर्ती किए जाने की योजना है।

आवेदन के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता : इन पदों के लिए दसवीं पास से लेकर ग्रेजुएट व्यक्ति तक आवेदन कर सकते हैं। पदानुसार शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई हैं। जहां सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट बी के लिए उम्मीदवार के पास एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से साइंस में ग्रेजुएट की डिग्री या इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी या कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा होना आवश्यक है। वहीं, टेक्निकल ए पद के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं का सर्टिफिकेट व मान्यता प्राप्त संस्थान से आईटीआई का सर्टिफिकेट होना चाहिए। जारी अधिसूचना के अनुसार उम्मीदवार की उम्र 18-28 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

पदों की संख्या की विस्तृत जानकारी : डीआरडीओ ने कुल 1901 पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। जिसमें सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट बी के लिए 75 पद और टेक्नीशियन ए के लिए 826 पद के लिए नौकरियां निकली हैं।

कैसे कर सकते हैं आवेदनः अगर आप इन पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो आप डीआरडीओ की आधिकारिक वेबसाइट https://www.drdo.gov.in/ पर जाकर आवेदन कर सकते है। इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया 3 सितंबर से शुरू हो चुकी है और आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2022 तक है।

हिन्दी से मुहब्बत

हिन्दी से है हमें मुहब्बत,
हिंदी से ही प्यार है।
हिंदी भाषा जन जन की,
तन मन से स्वीकार है।
हिन्दी से पाया अपनापन, हिंदी से पहचान है।
हिंदी दिलों में भर देता हुंकार है,
हिंदी ज्ञान का फैलाता विस्तार है।
प्यार अगर मेहबूबा से हो तो हिंदी में इजहार है।
देशभक्ति हो या फिर दुश्मन को लगानी फटकार है।
झट से हिंदी आती जुबां पर सबको यह स्वीकार है।
हिंदी से है हमें मुहब्बत,
हिंदी से ही प्यार है।
हिंदी ऐसा है सब्जेक्ट,
जिसका नहीं कोई साइड इफेक्ट।
हिंदी में इसलिए सब है परफेक्ट।
हिंदी ने हमें दिया रिस्पेक्ट और कई उपहार है,
हिंदी से ही है रौनक, हिंदी से ही विश्व पटल पर
भारतीयों की छवि दमदार है।
लाख मुश्किलें आये फिर भी हिंदी ही गुलजार है।
हिंदी की फैली है जग में खुशबू,
हिंदी से ही बागों में बहार है।
हिंदी से हमें मिली शोहरत,
हिंदी से ही संस्कार है।
हिंदी से ही नभ और ब्राह्मांड,
हिंदी से ही मिला भरा पूरा परिवार है।
हिंदी से है हमें मुहब्बत,
हिंदी से ही प्यार है।
हिंदी में करो बातें,
हिंदी में ही रखो मोबाइल और लैपटाप
हिंदी में ही टाइप करों जज्बातें
हिंदी में लिखो बायोडाटा और किताबें।
हिंदी में कविता व कहानियां की भरमार है।
हिंदी से है हमें मुहब्बत,
हिंदी से ही प्यार है।
इंग्लिश विंग्लिश सुनने,बोलने में होती दिक्कत,
फिर क्यों इंग्लिश पीपुल्स की भारत में भरमार है।
फिरंगियों को भी हमने हिंदी में लगायी फटकार है।
हिंदी का हम मान करें, हिंदी का सम्मान करें हिंदी है हमारी राष्ट्रभाषा,
हिन्दी से पूरी कर पाता हरकोई अपनी अभिलाषा।
हिंदी से है हमें मुहब्बत, हिंदी से ही प्यार है।

❖ **ऋतुराज वर्षा**

गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की स्वदेशी वैक्सीन तैयार

डॉ सिंह ने कहा कि बड़े पैमाने पर रोके जाने योग्य होने के बावजूद गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर दुनियाभर में कैंसर से होने वाली लगभग एक-चौथाई मौतों के लिए जिम्मेदार है। वर्तमान अनुमान बताते हैं कि हर साल लगभग 1.25 लाख महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के मामले सामने आते हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान और प्रौद्योगिकी; राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पृथ्वी विज्ञान; पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री, डॉ जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को गर्भाशय-ग्रीवा (ऊी१५्रू') कैंसर की रोकथाम के लिए भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित वैक्सीन के विकास की घोषणा की है।

चतुष्कोणीय मानव पैपिलोमा वायरस (क्यूएचपीवी) वैक्सीन पर पिछले लगभग 10 वर्षों के दौरान किये गए वैज्ञानिक अनुसंधान के सभी चरणों की समाप्ति की घोषणा करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने इस उपलब्धि को हासिल करने में वैज्ञानिकों एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), और इसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम- जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बाइरैक) के प्रयासों की सराहना की। डॉ सिंह ने कहा, 'यह भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के करीब ले जाता है। यह घोषणा की गई है कि वैक्सीन की खुराक के पर्याप्त मात्रा में उत्पादन और वितरण की तैयारी होने के बाद वैक्सीन को लॉन्च किया जाएगा। यह वैक्सीन 9-14 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों को दो खुराक, और 15-26 आयु वर्ग की लड़कियों एवं महिलाओं को तीन-खुराक के रूप में दी जाएगी। डॉ सिंह ने कहा कि बड़े पैमाने पर रोके जाने योग्य होने के बावजूद गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर दुनियाभर में कैंसर से होने वाली लगभग एक-चौथाई मौतों के लिए जिम्मेदार है। वर्तमान अनुमान बताते हैं कि हर साल लगभग 1.25 लाख महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के मामले सामने आते हैं। भारत में इस बीमारी से हर वर्ष 75 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

भारत में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक कारकों के कारण निवारक चिकित्सा के बारे में कम जागरूकता की बात को रेखांकित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'आयुष्मान भारत' जैसी योजनाओं की बदौलत गरीब और कमजोर आबादी को अब 05 लाख रुपये तक का बीमा कवरेज प्राप्त है, जिससे निवारक दवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुँच आसान हुई है। कोविड-19 के लिए वैक्सीन विकास और निर्माण प्रक्रिया के दौरान नवंबर 2020 में; जाइडस बायोटेक पार्क अहमदाबाद, भारत बायोटेक हैदराबाद, और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया पुणे में प्रधानमंत्री द्वारा की गयी समीक्षा यात्राओं का उल्लेख करते हुए, डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उस समय रेखांकित किया था कि 'भारत टीकों को न केवल अच्छे स्वास्थ्य, बल्कि वैश्विक बेहतरी के रूप में देखता है, और यह भारत का कर्तव्य है कि हम अपने पड़ोसी राष्ट्रों सहित अन्य देशों को वायरस के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में सहायता करें।' उन्होंने यह भी बताया कि कार्यान्वयन के एक वर्ष के भीतर 'मिशन कोविड सुरक्षा' ने कैडिला हेल्थकेयर द्वारा कोविड-19 के लिए दुनिया की पहली डीएनए वैक्सीन के विकास से लेकर भारत की पहली ेफ्ठअ वैक्सीन और इंट्रानैसल वैक्सीन उम्मीदवार के विकास के लिए समर्थन जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के खिलाफ नया टीका, जिसे 'सवार्वैक' नाम दिया गया है, बिल ऐंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के साथ डीबीटी और बाइरैक की साझेदारी में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने ऐसे परिणाम-उन्मुख उत्पादों के लिए एकीकृत दृष्टिकोण की भावना के साथ अकादमिक, अनुसंधान और उद्योगों की समान भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया है। डॉ राजेश गोखले, सचिव, डीबीटी; डॉ एन. कलाइसेल्वी, डीजी, सीएसआईआर; और अदार सी. पूनावाला, सीईओ, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे ने आशा व्यक्त की कि नये टीके का सफल विकास देश में शोधकताओं और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

डिम्बग्रंथि के कैंसर के खिलाफ बहादुरी से लड़ने और जीत हासिल करने वाली फिल्म स्टार मनीषा कोइराला वर्चुअल रूप से समारोह में शामिल हुईं और वैक्सीन लाने के लिए सभी हितधारकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'यह भारत और दुनियाभर की महिलाओं के लिए एक खास दिन है।'

डॉ अलका शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार, डीबीटी और एमडी, बाइरैक ने सभा का स्वागत किया। जबकि, डॉ शिर्शेंदु मुखर्जी, प्रभारी, मिशन कोविड सुरक्षा, बाइरैक ने प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

हिंदी सच्चा रंग

सुनते जो बोले वही,
हिंदी सच्चा रंग।
अपनी भाषा जानिए,
जीतेंगे हर जंग।।
अंग्रेजी बंधन सदा,
बंधे हैं हम लोग–
हिंदी अपना लो सभी,
जीवन भरे उमंग।।

माँ हिंदी संस्कार की,
अंग्रेजी का राज।
निज भाषा की दुर्दशा,
करते हैं हम आज।।
हिंदी को सम्मान दें,
करें नहीं अपमान –
चकाचौंध सब खो गए,
आरत सकल समाज।।

❖ **खुशबू बरनवाल 'सीपी'**

इन फलों को एक साथ खायेंगे तो हो जायेंगे बीमार

हम सभी ने ऐसा कभी ना कभी किया ही है। पपीता काटकर उस पर नींबू निचोड़कर चाट का स्वाद लिया है। लेकिन इस संयोजन से बचना बेहतर है। इससे आपको एनीमिया या हीमोग्लोबिन असंतुलन की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, बच्चों को तो कभी भी पपीता व नींबू साथ में खाने के लिए ना दें। फलों को सेहत का साथी माना गया है। हर व्यक्ति को यह सलाह दी जाती है कि वह अपनी डेली डाइट में तरह-तरह के फलों को अवश्य शामिल करें। कई तरह के विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर यह फल आपकी सेहत का ख्याल रखने में मदद करते हैं। लेकिन यह देखा जाता है कि अक्सर लोग अपने टेस्ट बड को शांत करने के लिए कई तरह के फलों को एक साथ काटकर व चाट बनाकर इनका सेवन करते हैं। हालांकि, कई फल ऐसे होत हैं, जिन्हें एक साथ खाने की सलाह नहीं दी जाती है।

खरबूजे के साथ मिलाएं अन्य फल

अगर आपको तरबूज या खरबूजा खाना बेहद अच्छा लगता है तो कोशिश करें कि आप इनके साथ किसी अन्य फल के साथ मिक्स करके ना खाएं। हालांकि, तरबूज व खरबूजे का सेवन एक साथ किया जा सकता है। दरसअल, यह अन्य फलों की तुलना में अधिक तेजी से पचते हैं। खरबूजे में पानी की मात्रा अधिक होती है, इसलिए फलों के साथ मिलाने पर वे ठीक से पच नहीं पाते हैं।

खट्टे फलों और मीठे फलों को ना खाएं एक साथ

अगर आप अंगूर, स्ट्रॉबेरी, सेब, अनार और आड़ू जैसे एसिडिक या सब-एसिडिक फल का स्वाद ले रहे हैं तो उन्हें केले और किशमिश जैसे मीठे फलों के साथ नहीं मिलाना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे ना केवल पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं, बल्कि मतली और सिरदर्द भी हो सकता है।

पपीते की चाट में ना मिलाएं नींबू

हम सभी ने ऐसा कभी ना कभी किया ही है। पपीता काटकर उस पर नींबू निचोड़कर चाट का स्वाद लिया है। लेकिन इस संयोजन से बचना बेहतर है। इससे आपको एनीमिया या हीमोग्लोबिन असंतुलन की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, बच्चों को तो कभी भी पपीता व नींबू साथ में खाने के लिए ना दें।

सब्जियों के साथ ना खाएं फल

कुछ लोग अपने सलाद के बाउल में बहुत सारे फल और सब्जियों को शामिल करते हैं। लेकिन वास्तव में आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। फल और सब्जियां अलग तरह से पचती हैं। पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, वे आंत तक पहुंचने तक आंशिक रूप से पचते हैं। उदाहरण के लिए, गाजर और संतरे को एक साथ खाने की सलाह नहीं दी जाती है क्योंकि इस संयोजन से पित्त की अधिकता हो सकती है और यहां तक कि हार्ट बर्न भी हो सकता है।

आज का राशिफल

मेष राशि : बातचीत में भी सन्तुलित रहें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानसिक शान्ति रहेगी। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

वृष राशि : धैर्यशीलता में कमी रहेगी। परिवार का साथ रहेगा। बौद्धिक कार्यों में सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आत्मसंयत रहें।

मिथुन राशि : कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। आय की स्थिति में सुधार होगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।

कर्क राशि : मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

सिंह राशि : घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शांति रहेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

कन्या राशि : आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यभार और आय में वृद्धि हो सकती है, परन्तु खर्च भी बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

तुला राशि : कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

वृश्चिक राशि : शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखें।

धनु राशि : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मकर राशि : आलस्य भी अधिक हो सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

कुंभ राशि : मन परेशान रहेगा। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। बातचीत में संयत रहें।

मीन राशि : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। वस्त्रों एवं वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

दुबई में भव्य हिंदू मंदिर का निर्माण, देखने को उमड़े लोग

दुबई (एजेंसी)। दुबई के जेबेल अली के वर्शिप विलेज में भव्य हिंदू मंदिर का निर्माण कराया गया है। इसकी पहली झलक पाने के लिए रोजाना हजारों लोग पहुंच रहे हैं। इसी महीने की शुरूआत में इसे आगंतुकों के लिए खोला गया है। अधिकृत रूप से इस मंदिर को पांच अक्टूबर को खोला जाएगा। यहां सभी धर्मों के लोगों को आने की अनुमति होगी। गल्फ न्यूज के अनुसार यहां हिंदू पूजा कर सकेंगे। अन्य धर्मों के दूसरे आगंतुकों को 16 देव प्रतिमाओं एवं भीतरी सज्जा देखने की अनुमति होगी। मंदिर प्रबंधन ने एक सितंबर को अपनी वेबसाइट के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित प्रवेश का समय बुक कराने वाली प्रणाली सक्रिय की है। सप्ताहांत के दिनों में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती। भीड़ प्रबंधन के लिए क्यूआर कोड से प्रवेश नियंत्रित रखने और शारीरिक दूरी का पालन करना सुनिश्चित किया गया है। मंदिर सुबह 6:30 बजे से रात आठ बजे तक खुला रहता है। खास बात है कि अक्टूबर के अंत तक सप्ताहांत का कोई भी दिन खाली नहीं हैं। अक्टूबर के अंत तक बुकिग प्रणाली काम करेगी। इसके बाद लोग मंदिर खुले रहने के दौरान आने-जाने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। इस समय भारत से पहुंचे 14 पंडितों का समूह यहां वेद पाठ कर रहा है।

शोपियां में ग्रेनेड विस्फोट तीन स्थानीय लोग घायल

शोपियां (एजेंसी)। शोपियां जिले के हेफ शीरमाल इलाके में मंगलवार को हुए एक ग्रेनेड विस्फोट में तीन स्थानीय लोग घायल हो गए हैं। घायलों की पहचान किशोर यावर अहमद, बिलाल अहमद कुमार और किफायत अहमद के रूप में की गई है। यह विस्फोट हेफ शीरमाल इलाके में उस जगह पर हुआ, जहां सोमवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर आतंकियों द्वारा फेंका गया एक ग्रेनेड बिना फटे रह गया था। मंगलवार को तीन स्थानीय लोगों ने इस बिना फटे ग्रेनेड के साथ छेड़खानी की, जिससे उसमें विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में उपरोक्त तीनों लोग घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर इनका उपचार जारी है।

जेपी नड्डा 18 सितंबर से हिमाचल प्रदेश के दौरे पर

शिमला (एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 18 सितंबर से हिमाचल प्रदेश दौरे पर आयेंगे। उन्होंने कहा कि श्री नड्डा के दौरे का कार्यक्रम को भी अंतिम रूप दे दिया है। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने आज यहां दी। उन्होंने कहा कि 18 सितंबर को शिमला जिला में, 19 हमीरपुर जिला में, 20 को मंडी जिला और 21 सितंबर को कांगड़ा जिला जायेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी, कहा-

चुनाव लड़ने का हक मौलिक अधिकार नहीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव लड़ने के अधिकार पर एक बड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि चुनाव लड़ने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और ना ही सामान्य कानून बल्कि यह कानून द्वारा दिया गया अधिकार है। इस टिप्पणी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा दायर की गई विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान पीठ ने कहा कि कोई व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता है कि उसे चुनाव लड़ने का अधिकार है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के साथ चुनाव आचरण नियम, 1961 में भी नामांकन फॉर्म भरते समय उम्मीदवार के नाम को प्रस्तावित करने की व्यवस्था है। अदालत ने कहा कि कोई व्यक्ति

इस शर्त को अपने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं बता सकता।

दरअसल, याचिकाकर्ता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अपनी याचिका में कहा कि 21 जून 2022 से 1 अगस्त 2022 तक सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों की सीटों को भरने के लिए 12 मई, 2022 को राज्यसभा के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई थी और नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस चुनाव के लिए उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया था, हालांकि उनके नाम का प्रस्ताव करने वाले उचित प्रस्तावक के बिना नामांकन दाखिल करने की अनुमति उन्हें नहीं मिली थी। इस मामले में उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग की अधिसूचना के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसमें प्रस्तावक होने की अनिवार्यता दी गई थी। मामले में उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा था कि उनके भाषण और अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के उनके अधिकार का उल्लंघन किया गया था। हालांकि हाई कोर्ट ने उनके इस तर्क को खारिज कर दिया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के 10 जून के आदेश को चुनौती देते हुए एक याचिका दाखिल की। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ इसे खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने शीर्ष अपने आदेश में कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष दाखिल रिट याचिका पूरी तरह से गलत थी और वर्तमान विशेष अनुमति याचिका भी गलत है। चुनाव लड़ने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही सामान्य कानून। यह एक कानून द्वारा प्रदत्त अधिकार है। इस दौरान पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसलों का भी हवाला देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को संसद द्वारा बनाए गए कानून के अनुसार राज्यसभा के लिए चुनाव लड़ने का कोई अधिकार नहीं है।

अगले साल 9-10 सितंबर को नयी दिल्ली में आयोजित होगा जी-20 शिखर सम्मेलन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत इस साल 1 दिसंबर से एक वर्ष के लिए जी-20 का अध्यक्ष बनने जा रहा है। इस दौरान भारत देशभर में 200 से अधिक जी-20 बैठकों की मेजबानी करेगा। इसमें सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के स्तर पर होने वाला जी-20 नेताओं का शिखर सम्मेलन है। इसे अगले साल 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि देश जी-20 प्राथमिकताओं को मजबूत करने की प्रक्रिया में हैं। जी-20 या ग्रुप ऑफ ट्वेंटी दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है। इसके सदस्य 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके, यूएसए) और यूरोपीय संघ (ईयू) हैं। भारत वर्तमान में जी-20 ट्रोइका (वर्तमान, पिछला और आने वाले जी-20 के अध्यक्ष देश) का हिस्सा है जिसके अन्य दो देश इंडोनेशिया और इटली हैं। भारत की अध्यक्षता के दौरान इंडोनेशिया और ब्राजील इस तिकड़ी का निर्माण करेंगे। यह पहली बार होगा जब ट्रोइका में तीन विकासशील देश और उभरती अर्थव्यवस्थाएं शामिल होंगी।

सिकंदराबाद में होटल में आग लगने से आठ की मौत, 13 घायल

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना के सिकंदराबाद में रूबी रतन होटल में कल देररात आग लगने से आठ लोगों के मौत हो गई और अन्य 13 घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की पुलिस ने आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि अग्निकांड की जांच की जा रही है। पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने अनुमान जताया है कि आग होटल के बेसमेंट में रूबी इलेक्ट्रिक व्हीकल के शोरूम में एक बाइक की बैटरी के फटने से लगी। इसके बाद आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। पुलिस के अनुसार जब आ लगी तब वहां करीब 25 पर्यटक थे। आग की लपटों में घिरने और धुआं के कारण आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी है। करीब 13 लोग घायल हो गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ लोगों ने होटल की खिड़की से नीचे कूदकर जान बचाने की कोशिश में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सबसे पहले मौके पर पहुंचकर कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस होटल में 25 कमरे हैं। 12 से अधिक कमरों में पर्यटक ठहरे थे। दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग बुझाते हुए करीब 15 लोगों को बचाया। तीन मृतकों की पहचान हो गई है। उनमें चेन्नई के सीतारमण, बिहार के वीरेंद्र कुमार और विजयवाड़ा के हरीश कुमार हैं। घायलों को हैदराबाद के सरकारी गांधी अस्पताल, यशोदा अस्पताल और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

गया में एक ही परिवार के छह लोगों पर हमला, दो की मौत, चार घायल

गया (एजेंसी)। बिहार में गया शहर के रामपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति ने अपने ससुराल पक्ष के छह लोगों पर लोहे के रॉड से हमला कर दिया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी तथा चार अन्य घायल हो गये। रामपुर थानाध्यक्ष रवि कुमार ने यहां बताया कि जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मानपुर पोखरा मुहल्ला निवासी प्रभु मांझी कई महीनों से अपने ससुराल भुई टोली में रह रहा था। प्रभु मांझी ने आज सुबह ससुराल पक्ष के छह लोगों पर लोहे के रॉड से हमला कर दिया। इस घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि चार अन्य घायल हो गये। मृतकों में 40 वर्षीय कांति देवी एवं 08 वर्षीय चिंटू कुमार शामिल है। घायलों को अनुग्रह नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को बेहतर इलाज के लिये पटना रेफर कर दिया गया है। श्री कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपी प्रभु मांझी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। घटना के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। मामले की छानबीन की जा रही है।

शाह ने गुजरात में 519 विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात में 519 विकास योजनाओं और परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह गुजरात के विकास की कभी ना रुकने वाली यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के कार्यकाल का सफलतापूर्ण एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 1180 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मंगलवार को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 20 वर्षों में गुजरात की जनता के विश्वास और सरकार द्वारा किए गए विकास को गति देने का भी दिन है। गुजरात में पिछले 20 साल में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, उर्जा, कृषि, उधोग, समाज कल्याण और पर्यटन समेत हर क्षेत्र के अंदर एक आदर्श व्यवस्था बनाने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी ने ने जिस परंपरा की स्थापना कि

मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने उसे चरितार्थ कर दोगुनी गति से आगे बढ़ाया है और आज जमीन पर उसके परिणाम दिखाई दे रहे हैं। शाह ने कहा कि गत 10 वर्षों में गुजरात की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की विकास दर हासिल की है और कोरोना काल के बावजूद श्री भूपेन्द्र पटेल ने उस विकास दर को बनाए रखा है, जो एक बहुत बड़ी सिद्धि है। पिछले आठ साल में भारत में कुल 31.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया, उसमें से 57 फीसदी यानि लगभग 17.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश सिर्फ गुजरात में आया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात ने इस साल भी इस रिकॉर्ड को बरकरार रखा है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि भूपेन्द्र पटेल ने आज वेदांता के साथ 01 लाख 40 हजार करोड़ रुपये का एक एग्रीमेन्ट किया है जो समग्र गुजरात को आत्मनिर्भर बनाने में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

शाह का केजरीवाल पर पलटवार, बोले- सपनों का व्यापार करने वालों को नहीं मिलेगी सफलता

केंद्रीय गृह मंत्री ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग 'सपने बेचते' हैं वे गुजरात में कभी नहीं जीतेंगे। गुजरात में इस साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। डिजिटल तरीके से एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दो-तिहाई बहुमत के साथ गुजरात में एक बार फिर सरकार बनाएगी। शाह ने भूपेंद्र पटेल के मुख्यमंत्री पद पर एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गांधीनगर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, सपने बेचने वालों को गुजरात में कभी चुनावी सफलता नहीं मिलेगी। मैं गुजरात के लोगों को जानता हूं। सपने बेचने वालों को गुजरात में कभी सफलता नहीं मिल सकती क्योंकि जनता उन्हीं का समर्थन करती है जो काम करने में विश्वास रखते हैं। इसलिए लोग भाजपा के साथ हैं। भाजपा शानदार जीत हासिल करेगी।" शाह ने कहा, मैं भूपेंद्रभाई से कहना चाहता हूं कि गुजरात की जनता भाजपा के साथ है। मैं बहुत स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आपके नेतृत्व में भाजपा आगामी चुनावों में एक बार फिर दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।"

देश को अगले तीन वर्षों में 25 लाख प्रशिक्षकों को तैयार करने की जरूरत: धर्मेन्द्र

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि अगले तीन वर्षों में 25 लाख प्रशिक्षकों को तैयार करने की जरूरत है। कुशल प्रशिक्षकों को तैयार करने के हमारे समस्त प्रयास एमएसडीई के तहत प्रशिक्षण संस्थानों में केंद्रित होंगे जिसमें ये प्रशिक्षक अगली पीढ़ी की श्रमशक्ति के विकास में अहम भूमिका निभायेंगे। श्री प्रधान ने मंगलवार को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत 'री-इमेजिनेशन ऑफ ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स' (प्रशिक्षण संस्थानों की पुनर्कल्पना) पर आयोजित गहन विचार-सत्र में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर, एमएसडीई के सचिव राजेश अग्रवाल तथा कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन,

प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई), राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (एनआईईएसबीयूडी) तथा कौशल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री प्रधान ने कहा कि प्रौद्योगिकी तेजी से हमारी दुनिया को बदल रही है। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, कृषि से वित्त तक, हर सेक्टर प्रौद्योगिकी द्वारा प्रेरित अभूतपूर्व विकास का गवाह बन रहा है। इससे नये अवसर और नये कौशल परिदृश्य की आवश्वयकता पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में एक जीवन्त श्रमशक्ति के विकास के लिये प्रशिक्षकों की क्षमतायें बढ़ाना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण संस्थानों को कौशल इको-सिस्टम को मजबूत बनाने के उद्देश्य से समग्र और भावी रणनीति के लिये खुद को दोबारा चाक-चौबंद तथा दुरुस्त करने पर ध्यान देना होगा। श्री प्रधान ने देश को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने तथा कौशल इको-सिस्टम को चाक-चौबंद करने की दिशा में नयी सोच के साथ अधिक नवोन्मेष, संस्थागत सुधारों, नये विचारों, अंतरराष्ट्रीय सहयोगों और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का आह्वान किया।

क्या उप्र. के फूलपुर या प्रयागराज लोस सीट से चुनाव लड़ सकते हैं नीतीश?

- कृष्णमोहन सिंह

नयी दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यदि उप्र. के फूलपुर या प्रयागराज (इलाहाबाद) संसदीय सीट से 2024 में लोकसभा चुनाव मैदान में उतर जायें तो? इस बारे में जदयू के एक नेता का कहना है कि नीतीश कुमार न केवल बिहार बल्कि देश के भी बड़े नेता हैं। उत्तर प्रदेश में भी उनकी साख व धाक बढ़ी है। वहां की जनता चाहती है कि नीतीश कुमार यहां से चुनाव लड़ें। क्योंकि इसका संदेश देश भर में जायेगा। हाल -हाल तक जदयू का भाजपा से गठबंधन होने की वजह जदयू उप्र. में अपने फैलाव के बारे में गंभीरता से नहीं सोचती थी। अब चूंकि नीतीश ने कदम बढ़ा दिया है तो उप्र. की जनता को भी उनसे उम्मीद बढ़ गई है। उप्र. के लोग कहने लगे हैं कि नीतीश उप्र. जरूर आवें। इससे पूरा राजनीतिक माहौल बदल जाएगा। जिसका संदेश देशभर में जाएगा। इस सबके चलते जदयू ने उप्र. में संभावनाओं व रणनीतिक पोजिशनिंग के मद्देनजर विचार करना शुरू कर दिया है। एक पूर्व केन्द्रीय मंत्री का

कहना है कि बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं, जबकि उप्र. में 80 सीटें हैं। इसलिए उप्र. पर फोकस करना ज्यादा माहौल बनाने वाला व लाभ वाला रहेगा। उप्र. में जिसकी सीटें ज्यादा आएंगी उसका पलड़ा भारी रहेगा। इस बारे में एक अन्य नेता कहा कहना है कि यूँ ही नहीं साहब गुजरात से उप्र. आये और वाराणसी से चुनाव लड़े। गुजरात में तो लोकसभा की 26 सीटें ही हैं। उससे बात नहीं बनती, भाव व धमक नहीं बनता। इसलिए देश के सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य उप्र. को चुना गया, और उसमें भी वाराणसी को चुनाव लड़ने के लिए हर तरह से बेहतर पाया गया। जबकि वाराणसी में साहब की जाति के मतदाता मामूली हैं। राज्य में लगभग साढ़े तीन प्रतिशत हैं। जबकि जिस कुर्मी जाति के नीतीश कुमार हैं, उसकी उप्र. में जनसंख्या लगभग 7.5 प्रतिशत है। फूलपुर व प्रयाग राज में कुर्मी मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। वहां यादव व कोइरी व अन्य पिछड़ी जाति वाले भी अच्छी संख्या में हैं। इलाहाबाद से सटे फूलपुर से देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू चुनाव लड़ते थे। यदि इस सीट से नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो उनको हराने के लिए भाजपा सब कुछ झोंक देगी। फिर भी तब तक न केवल बिहार व उप्र. में बल्कि देश में कुर्मी के सबसे बड़े नेता होने का माहौल बन जाने के चलते नीतीश को हराना मुश्किल होगा। उनको सपा ,कांग्रेस व कुछ अन्य दलों का भी समर्थन मिलेगा। ऐसे में उनके जीत की संभावना ज्यादा रहेगी। यहाँ से लड़ने से बिहार उप्र. सहित अन्य राज्यों में भी जदयू, सपा, कांग्रेस व अन्य कुछ दलों के गठबंधन का माहौल बन जायेगा। इसके चलते इस गठबंधन को अच्छी संख्या में सीटें मिल सकती हैं।

सरकार सस्ती, गुणवत्ता युक्त दवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध : मांडविया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने सभी को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि किसी भी दवा के दाम अनाप-शनाप बढ़ने से रोकने की व्यवस्था की जा रही है। श्री मांडविया ने यहां 'राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची' जारी करते हुए कहा कि इस सूची में शामिल किसी भी दवा की कीमत संबंधित कंपनी अपने आप या मनमर्जी से नहीं बढ़ा सकती। सूची में शामिल सभी दवाओं की कीमत राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण करेगा। सूची में शामिल सभी दवाओं की कीमतें थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर तय होंगी। प्राधिकरण इन दवाओं का अधिकतम मूल्य तय करेगा।

सूची में शामिल सभी दवाओं की कीमतें जल्द संशोधित होंगी। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार और मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। राष्ट्रीय आवश्यक दवा सूची में 384 मूल दवा शामिल की गई है जिनके आधार पर 1,000 से अधिक दवाइयां बनाए जा सकती हैं। पिछली सूची वर्ष 2015 में जारी की गई थी। मौजूदा सूची को तैयार करने में 350 से ज्यादा विशेषज्ञों के साथ 140 से अधिक बैठकर की गई हैं। श्री मांडविया ने कहा, सरकार देश में सभी को और जब, जहां जरूरत हो, उसी समय सस्ती और गुणवत्ता युक्त दवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में स्वास्थ्य का मजबूत ढांचा तैयार कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र और प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि 15 लाख की आबादी पर आरोग्य केंद्र बनाए जा रहे हैं।

एक लाख टीबी मरीजों को गोद लेगा फिक्की

उद्योग संगठन भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ- (फिक्की) 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत एक लाख टीबी मरीजों को गोद लेगा और उनके इलाज की व्यवस्था करेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया के साथ फिक्की के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल एक बैठक के दौरान यह आश्वासन दिया। फिक्की से जुड़े उद्योगपति और उद्योग संस्थान नि:क्षय मित्र बनेंगे और टीबी रोगी की देखभाल करेंगे। सरकार ने भारत को टीबी मुक्त करने के लिए वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू किया है। इस अभियान में शामिल होने के लिए एक पोर्टल नि:क्षय शुरू किया गया है। इसमें टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने वाले व्यक्ति और संस्थान जुड़ सकते हैं।

न्यूज गैलरी

रिंग रोड, दलादली चौक में दुर्गापूजा पंडाल का किया गया भूमि पूजन

रांची। रिंग रोड, दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा दुर्गा मंदिर व हनुमान मंदिर स्थित पंडाल निर्माण कार्य को लेकर मंगलवार को यजमान के रूप में अभिषेक मिश्रा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। तथा प्रसाद के रूप में नारियल, लड्डू व इलाइंची दाना वितरण किया गया। पूजा उपरांत दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस अवसर पर दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष जनार्दन ओझा व सचिव अभिषेक मिश्रा ने बताया कि हर साल कमिटी के सक्रिय सदस्य व आस पास के क्षेत्रवासियों के सहयोग से दुर्गा पूजा बहुत ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। इस बार दो साल के कोरोणा काल के बाद पूजा बड़े हीं धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी हो रही है। इस बार बहुत ही भव्य आकर्षक पंडाल बनाया जाएगा। जिसमें कुशल कारीगरों के द्वारा दुर्गा मां की प्रतिमा का निर्माण कार्य किया जा रहा है। तथा विद्युत सज्जा भी काफी भव्य आकर्षक होगी। दुर्गा पूजा में सप्तमी से लेकर दशमी तक बुंदिया, खीर, हलवा व खिचड़ी भोग का वितरण होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष जनार्दन ओझा, सचिव अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, उपसचिव वीरेंद्र सिंह, रामाशिष शर्मा, सुनील कुमार सिंह, बबन सिंह, विनय कुमार, उदय सिंह, रितेश सिंह,वैभव कुमार, मंतोष कुमार आदि शामिल थे।

नाबालिग के अपहरण का मामला परिजनों ने आशीष टोप्पो पर लगाया

रांची। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र की रहने वाले 13 साल की एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया गया है। नाबालिग के अपहरण का आरोप आशीष टोप्पो नामक युवक पर लगा है। इस संबंध ने नाबालिग के पिता ने आरोपी आशीष टोप्पो के खिलाफ सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। परिजनों ने नाबालिग के साथ अनहोनी होने की भी आशंका व्यक्त की है। नाबालिग के पिता ने पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा है कि बीते दस सितंबर की शाम पांच बजे से उनकी पुत्री घर से गायब थी। खोजबीन में पता चला कि उसी इलाके के रहने वाले आरोपी आशीष उसे लेकर कहीं चला गया है। पिता ने यह भी बताया कि आरोपी अक्सर उसे बहला-फुसला कर ले जाता था। इसकी जानकारी मिलने के बाद वह आरोपी के परिजनों को समझाया और कहा कि उनकी पुत्री से दूर रहे। लेकिन आरोपी की मां ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद आरोपी दस सितंबर को उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर ले गया। हालांकि काफी खोजबीन भी की। लेकिन उनकी पुत्री का कुछ पता नहीं चला। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है।

दुष्कर्म मामले के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

रांची। विद्यालय जा रही नाबालिग का अपहरण कर तीन दिन तक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी नकुल बेदिया की जमानत अर्जी पोक्सो कोर्ट ने खारिज कर दी। वह 29 मार्च से जेल में है। बताया गया कि अनगड़ा प्रखंड में पांच मार्च को छात्रा विद्यालय के लिए निकली थी। तभी रास्ते से ही आरोपी ने अपहरण कर तीन दिन तक उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बुंडू निवासी संजय सिंह मुंडा के हवाले कर दिया। उसने 10 दिन तक शारीरिक शोषण किया था। इसके बाद 19 मार्च को वह घर लौटी। आठ दिन बाद अनगड़ा थाना में 27 मार्च को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दो दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

रसोईया संयोजिका का मानदेय प्रतिदिन 66 रूपए से बढ़ाकर 390 करने की मांग

रांची। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ के तत्वावधान में न्यूनतम मजदूरी की मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष जारी है। संघ ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार को हमारी मांगों से कोई लेना देना नहीं है। शायद इसलिए ही आज 47 वें दिन भी धरना का कार्यक्रम जारी है। जबत तक सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तब तक हमलोगों को धरना जारी रहेगा। आज धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिमडेगा के जलडेगा प्रखंड एवं गुमला जिला के सिसई प्रखंड रसोईया, संयोजिका और सहायिका ने भाग लिया। रसोईया संयोजिका की मांगों का समर्थन करते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने आज धरना स्थल पहुंच कर उनके साथ बैठे। धरना को संबोधित करते हुए मोर्चा के प्रवक्ता पुष्कर महतो ने कहा कि राज्य सरकार को रसोईया, संयोजिका और सहायिकाओं की मांगों पर विचार करना चाहिए। अपनी जायज मांगों को लेकर ये पिछले 47 दिनों से आंदोलनरत है। लेकिन सरकार की ओर से न तो कोई नेता और न ही कोई अधिकारी आया।

मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के सम्बन्ध में कार्यशाला का हुआ आयोजन

सभी को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलायें और राज्य को मुक्त बनायें : अपर मुख्य सचिव

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखण्ड सरकार, लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा आगामी 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक झारखण्ड के 8 फाइलेरिया प्रभावित जिलों (लोहरदगा, हजारीबाग, गिरिडीह, गढवा, पू० सिंहभूम, प० सिंहभूम, खूंटी और रांची) में कोरोना के दिशा- निदेर्शों के अनुसार शारीरिक दूरी, मास्क और हाथों की साफ-सफाई का अनुपालन करते हुए फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए) कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल किर्यन्वयन के लिए मीडिया सहयोगियों की प्रमुख भूमिका को देखते हुए आज अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य,

चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित संयुक्त निदेशक, एनसीवीबीडीसी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार डॉ. छवि पन्त जोशी ने कहा कि राज्य सरकार फाइलेरिया और कालाजार जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के उन्मूलन के लिए चरणबद्ध तरीके से कालाजार रोग से प्रभावित जिलों में कीटनाशी दवा का छिड़काव यानि आई.आर.एस. कार्यक्रम संपन्न करवा रही है और फाइलेरिया रोग से मुक्ति के लिए फाइलेरिया से प्रभावित जिलों में एमडीए कार्यक्रम आयोजित करवा रही है।

सरकार फाइलेरिया जैसी बीमारियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार फाइलेरिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य के उपरोक्त 8 फाइलेरिया प्रभावित जिलों में कोविड-19 दिशानिर्देशों के अनुरूप पात्र लक्षित 5237859 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवायें, डीईसी और एल्बेंडाजोल की निर्धारित निःशुल्क खुराक का सेवन 20951 प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा अपने सामने कराये जाने का लक्ष्य है। एमडीए के पहले दिन नामित बूथों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सभी आंगनबाडी केंद्रों, वार्ड कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों में किया जाएगा, बाकी दिनों में बचे गए लोगों को घर-घर जाकर दवाइयां खिलाई जाएंगी। ये दवायें पूरी तरह से सुरक्षित है। हालांकि ये दवाएं 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं दी जाएंगी। रैपिड रिस्पांस टीम दवा के सेवन के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं के साथ मौके पर सक्रिय रहेगी। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित मीडिया सहयोगियों को बताया कि फाइलेरिया एक ऐसी चुनौती है जो अर्थव्यवस्था को प्रभावित करके वैश्विक कल्याण में बाधा डालती है।

छात्राओं ने पोषण पर जागरुकता रैली निकाली

रांची। रांची वीमेंस कॉलेज, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से पोषण माह के तहत मंगलवार को नुक्कड़ नाटक के आयोजन के साथ जागरुकता रैली निकाली गई। नेतृत्व कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी उर्वशी ने किया। नुक्कड़ नाटक का विषय कुपोषण मुक्त भारत के सपने था। वहीं, रैली के माध्यम से लोगों को पोषण माह के बारे में जागरूक किया गया। पोषण रैली में कुपोषण मुक्त भारत के नारे लगाए गए और पोषण गीत गाकर कुपोषण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। बताया गया कि पोषण अभियान के तहत बच्चों में कम पोषण, कम वजन और किशोरावस्था में एनीमिया, स्तनपान करानेवाली माताओं में एनीमिया रोग रोकथाम और उन्हें स्वास्थ्य लाभ देने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत नवजात शिशुओं को पौष्टिक भोजन देने पर भी जागरूक किया जाएगा।

नये पीजी व पीएचडी छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम 19 सितम्बर को

सत्र 2021-22 में कुल 118 छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ

नवीन मेल संवाददाता

रांची । बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि, पशु चिकित्सा व पशुपालन तथा वानिकी संकायों में सत्र 2021-22 के तहत पीजी व पीएचडी छात्रों का नामांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। डीन आवासीय शिक्षा एवं स्नातकोत्तर संकाय डॉ एमके गुप्ता ने बताया कि सत्र के अधीन तीनों संकायों के विभिन्न पीएचडी-पीजी प्रोग्राम में कुल 118 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया है। इनमें 27 पीएचडी एवं 91 पीजी प्रोग्राम के छात्र है। कृषि संकाय में सर्वाधिक 24 छात्रों ने पीएचडी तथा 61 छात्रों ने पीजी प्रोग्राम में नामांकन लिया है। वहीं वानिकी संकाय में कुल 18 तथा पशु चिकित्सा व पशुपालन में कुल 15 छात्रों ने पीएचडी-पीजी प्रोग्राम में नामांकन कराया है। सभी नये नामांकित छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय की आवासीय शिक्षा प्रणाली के नियमों से रूबरू कराने के उद्देश्य से 19 सितम्बर को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति डॉ ओएन सिंह के निर्देश पर कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पुरे पीएचडी-पीजी पाठ्यक्रम एवं नियम व परिनियम की जानकारी से अवगत कराया जायेगा।

आरयू: तीन विभागों में निदेशक की नियुक्ति का साक्षात्कार संपन्न

रांची। रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस), इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) और स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन में अनुबंध पर निदेशक की नियुक्ति के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन मंगलवार को आईएलएस में सुबह 11 बजे से किया गया। ये सभी नियुक्तियां 11 माह के अनुबंध पर होंगी, जिसमें अवधि विस्तार दिया जा सकता है। इसमें निदेशक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के लिए 6 अभ्यर्थी, स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के लिए 4 अभ्यर्थी और इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक पद के लिए 3 अभ्यर्थी साक्षात्कार में शामिल हुए। इंटरव्यू बोर्ड में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रति कुलपति डॉ कामिनी कुमार, रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, उपनिदेशक सीवीएस डॉ स्मृति सिंह व वित्त समन्वयक डॉ विनय कुमार देवघरिया शामिल थे।

गोमिया विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कराया ध्यान आकृष्ट

राशि के अभाव में बेहाल हैं गंभीर बीमारियों के रोगी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा है कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का लाभ आम जनों को नहीं मिल पा रहा है। सैकड़ों आवेदन मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना से इलाज कराने के लिए पड़े हुए हैं। इन आवेदनों की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। कारण बताया जा रहा है कि पिछले तीन माह से मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का आवंटन नहीं है। उन्होंने इसको लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है और उनसे तत्काल जरूरी कदम उठाने का आग्रह भी किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि बोकारो जिला अंतर्गत उनके विधानसभा क्षेत्र गोमिया के सैकड़ों लोगों ने इलाज को लेकर संबंधित कार्यालय को आवेदन दिया है। जिले के संबंधित पदाधिकारी आवंटन नहीं होने का रोना रो रहे हैं। कई लोग काल के गाल में समा गये हैं। कई लोग इलाज कराने की लेकर इधर उधर की दौड़ लगा रहे हैं। यह स्थिति

कमोबेश पूरे झारखंड की है। कैंसर, हार्ड, किडनी, लीवर ट्रांसप्लांट आदि बीमारी से संबंधित आवेदन लंबित है। उन्होंने कहा कि आवेदन की स्वीकृति नहीं होने से लोगों में राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश है। लोगों में सरकार की कार्यशैली की आलोचना हो रही है। राज्य सरकार का संबंधित विभाग भी इस मामले में उदासीन बना हुआ है। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का हाल बेहाल है।

जेएससीए स्टेडियम के रेसिडेंशियल कांप्लेक्स से छलांग लगाने वाला घायल बादल की हुई मौत

रांची। धुर्वा थाना क्षेत्र के जेएससीए स्टेडियम के रेसिडेंशियल कांप्लेक्स के चौथे माले से छलांग लगाने से घायल हुए लाइफगार्ड बादल कुमार का इलाज के दौरान पारस अस्पताल में मंगलवार भोर को मौत हो गयी। उन्हें बीते सोमवार की सुबह पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को भोर में उनकी तबियत बिगड़ी और करीब तीन बजे सुबह चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद धुर्वा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर रिम्स में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद परिजन शव को लेकर पटना के लिए रवाना हो गए। मामले में परिजनो के बयान पर धुर्वा थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। इधर, पुलिस का कहना है कि बादल ने प्रेमिका से विवाद होने के बाद छलांग लगायी है। गौरतलब हो कि लाइफ गार्ड बादल कुमार सोमवार की सुबह वह काफी परेशान थे। स्टेडियम की एक महिला कर्मी से फोन मांगा और किसी युवती को फोन किया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच फोन पर बकझक भी हुई। सुबह आठ बजे वह स्टेडियम परिसर में बने रेसिडेंशियल कांप्लेक्स के चौथे माले पर गए और वहां से छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में स्थानीय लोग उन्हें नजदीक के एक अस्पताल ले गए, जहां उन्हें भर्ती किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद स्टेडियम के कई लोग अस्पताल पहुंचे थे। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

मांग के अनुरूप राशि न बढ़ने पर कृषक मित्रों की राज्यव्यापी हड़ताल शुरू

रांची। कृषक मित्रों को लेकर सोमवार को हुई सरकार की उच्च स्तरीय बैठक के बाद कृषि मंत्री ने प्रोत्साहन राशि बढ़ोतरी की घोषणा की। लेकिन मांग के अनुरूप घोषणा न होने पर राज्यभर के कृषक मित्र मंगलवार से हड़ताल पर चले गए। पूरे राज्य में कृषक मित्रों ने सरकार का पुतला फूंककर नाराजगी जताई। बता दें कि कृषक मित्र 10 साल से मानदेय लागू करने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार भगत ने कहा कि सरकार कृषक मित्रों की हमेशा अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा में विधायकों व मंत्री की उपस्थिति में कृषक मित्रों को ?4000 रुपये देने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने प्रति वर्ष मात्र 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया है कि कृषक मित्रों के मंगलवार को हड़ताल में चले जाने से किसान फसल राहत योजना, ईकेवाईसी, पीएम किसान डोर टू डोर निरीक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड आदि कार्य ठप हो गया है।

हत्यारोपियों के खिलाफ अविलम्ब कठोर कानूनी कार्रवाई हो

नवीन मेल संवाददाता

रांची। लगभग सभी जिला में धरना प्रदर्शन करने के बाद 12 सितम्बर को राजभवन के समझ महाधरना दिया गया। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू तथा संचालन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने किया। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रीका प्रसाद साहू इलाहाबादी ने कहा कि झारखण्ड की धरती पर सिर्फ साढ़े चार माह के भीतर तेली समाज के 6 लोगों की हत्याएं हो चुकी है। इन हत्याओं को लेकर पूरे झारखण्ड प्रदेश का तेली साहू समाज काफी मर्माहत और आक्रोशित हैं। 13 अप्रैल 2022 को कोडरमा जिला के डोमचांच थाना अन्तर्गत अर्जुन साव की हत्या, 29 अप्रैल 2022 को धनबाद जिला के झरिया थाना अन्तर्गत रंजित साव की हत्या, 16 जून 2022 को धनबाद जिला के ही टुण्डी थाना अन्तर्गत नारायण महतो की हत्या, 14 जुलाई 2022 को गिरिडीह जिला के गिरिडीह (मु.) थाना अन्तर्गत वासुदेव साव की हत्या , 14 अगस्त 2022 को खूँटी जिला के खूँटी थाना अन्तर्गत कलावती देवी की हत्या एवं 25 अगस्त को देवघर जिला के जसीडीह थाना अन्तर्गत शिबू मंडल की हत्या हो चुकी है।

पृष्ठ एक के शेष

राज्य के खिलाड़ियों को....
50 हजार रुपए दिए जाने का प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक उम्र सीमा के बाद यहां के खिलाड़ियों का भविष्य कैसे सुरक्षित हो सके इस निमित्त भी सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बन रहे स्टेडियमों को और गति देने की जरूरत है। राज्य सरकार स्कूलों में भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विचार कर रही है, इससे संबंधित कार्य योजना बनायी जाएगी।

जेर्ठई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करने...
बीएन एस पब्लिक स्कूल तेंदुआ से प्राप्त की है। यहां के शिक्षकों का मार्गदर्शन उसे इस परीक्षा में सफलता दिलाने में सहायक सिद्ध हुई है। सौरव को बधाई देने वालों में प्राचार्य विनोद सिंह, शिक्षक पंकज पाठक, विकास कुमार, दीपक कुमार, राकेश कुमार, रितेश कुमार, विमलेश कुमार, प्रिया कुमारी, अकाउंटेंट तनु मिश्रा के अलावे प्रसिद्ध व्यवसायी संजय गुप्ता, अजय गुप्ता सहित कई लोग शामिल हैं।

डीसी के साप्ताहिक जनता दरबार में...
पदाधिकारी को फोन कर उक्त किसान को भुगतान करने हेतु निर्देशित किया। आज के जनता दरबार मे विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 4 मामले आये। जिसमें वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शामिल थे। उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,विकलांग पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये । जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

इलाज के लिए...
गया था। रिन्यूअल के बाद उन्होंने 31 अगस्त को अपने अधिवक्ता के माध्यम से सीबीआई के स्पेशल जज की अदालत में पिछले महीने पासपोर्ट जमा कर दिया था।
चारा घोटाले के मामले में दोषी करार दिये जाने के बाद लालू प्रसाद की ओर से अपना पासपोर्ट अदालत में जमा कराया गया है। उनके विदेश से बाहर जाने पर भी रोक लगी हुई है और अदालत की अनुमति से ही वे विदेश यात्रा पर जा सकते है। लालू प्रसाद चारा घोटाले के पांच मामलों में सजायाफ्ता है और वर्तमान में सभी में जमानत पर है।

नेताओं के बच्चे ज्यादा तनाव...
डाउनिंग स्ट्रीट के सामने फोटो खिंचवाने से मना कर दिया है। क्योंकि बच्चों के सुर्खियों में आने से उनमें मानसिक परेशानी शुरू हो सकती है। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि राजनेताओं के बच्चों को लोगों की नजरों से दूर अपने निजी समय के लिए बहुत कम मौका मिल पाता है। यह एक बड़ा कारण है कि दुनिया के बहुत से देश के राजनेता अपने बच्चों को पढ़ने के लिए दूसरे देशों में भेज देते हैं। राजनेताओं के संस्मरण, मीडिया कवरेज या इंटरव्यू में उनके किशोरवय बच्चों का जिक्र आने से कई बार बच्चों के मन पर बहुत गहरा नकारात्मक असर पड़ता है। प्रोफेसर हुरेन अपनी रिपोर्ट में कहती हैं कि ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर की बेटी कैरल को हमेशा यह लगता था कि वह अपनी जिंदगी में कुछ भी अच्छा नहीं कर सकेगी , और हमेशा मार्गरेट की बेटी के तौर पर ही जानी जाएगी। इस रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि ब्रिटेन की प्रधानमंत्री ट्रस और उनकी कैबिनेट के मंत्रियों के कुल 47 बच्चे हैं। ये नेता अपनी पब्लिक लाइफ का असर बच्चों पर न पड़ने दें। उन्हें लोगों की नजरों में आने से बचाएं, जिससे वे मीडिया-सोशल मीडिया में निशाना बनने से बच सकें। विशेषकर किसी विवादित मुद्दों पर नीति बनाने के दौरान।

टेलिफोन कंपनियों को 28 के बजाय...
कम एक प्लान वाउचर, एक स्पेशल टैरिफ वाउचर और एक कॉम्बो वाउचर लाना ही होगा। इसके अलावा कंपनियों को नोटिफिकेशन की तारीख से 60 दिनों के अंदर नियमों के आदेश का पालन करने को कहा गया है। ट्राई ने अप्रैल के महीने में इस संबंध में कंपनियों को निर्देश जारी किया था कि उन्हें प्लान वाउचर और प्लान वाउचर रिन्यूअल कैटेगरी में कम से कम एक ऐसा टैरिफ लाना होगा, जिसकी अवधि 30 दिन की होगी। टेलीकॉम कंपनियों के मौजूदा प्लान को लेकर ट्राई को लगातार उपभोक्ताओं की शिकायत मिल रही थीं। उपभोक्ताओं का आरोप था कि मौजूदा टेलीकॉम कंपनियों की टैरिफ की कीमत लगातार बढ़ रही है, लेकिन वैलिडिटी घट रही है। ऐसे में हर साल उन्हें एक्स्ट्रा रिचार्ज करवाना पड़ता है। यदि वैलिडिटी 2 दिन बढ़ा दी जाएगी तो उन्हें राहत मिलेगी।

ट्राई ने शेयर किए सर्विस प्रोवाइडर्स के प्लान : मोबाइल टैरिफ में दो कैटेगरी हैं। पहली कैटेगरी वैलिडिटी पीरियड बेस्ड है। दूसरी कैटिगरी रिन्यूअल ऑन सेम डेट पर बेस्ड है। इसे एक महीने वाला प्लान भी कहते हैं। ट्राई की तरफ से अलग-अलग कैटेगरी को लेकर टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स की 30 दिनों की वैलिडिटी वाले प्लान की कंप्लीट जानकारी शेयर की गई है।
एअरटेल की 30 दिनों की वैलिडिटी वाला प्लान 128 रुपए का है, जबकि उसी तारीख को अगले महीने रिन्यूअल वाले प्लान का टैरिफ 131 रुपए का है। रिलायंस जियो की 30 दिनों की वैलिडिटी वाला प्लान 296 रुपए का है, जबकि अगले महीने उसी तारीख को रिन्यूअल वाले प्लान का टैरिफ 259 रुपए है। वहीं वोडाफोन-आइडिया की 30 दिनों की वैलिडिटी वाला प्लान 137 रुपए का है, जबकि अगले महीने उसी तारीख को रिन्यू होने वाला प्लान 141 रुपए का है। इसके अलावा बीएसएनएल का 30 दिनों का प्लान 199 रुपए का है, जबकि एक महीने की वैलिडिटी वाला प्लान 229 रुपए का है। एमटीएनएल का 30 दिनों वाला प्लान 151 रुपए का है, जबकि एक महीने यानी अगले महीने सेम डेट रिन्यूअल वाला प्लान 97 रुपए का है।ट्राई ने यह भी बताया है कि बीते वर्ष नवंबर 2021 के अंत तक मोबाइल कस्टमर्स की संख्या बढ़कर 119 करोड़ हो गई है।

जेजेएमपी के दो नक्सली गिरफ्तार...
उसके साथ उसके अन्य दो साथी भी भाग रहे थे । लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें दबोच लिया। चैनपुर थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों नक्सलियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दोनों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है। गिरफ्तार दोनों आरोपी जेजेएमपी के लिए लेवी, हथियार और अन्य सामग्री उपलब्ध करवाते थे। पुलिस सूरज की गिरफ्तारी के लिए सर्च अभियान चला रही है।

जातीय जनगणना से ओबीसी आरक्षण तय हो, नियोजन नीति की भी घोषणा करें

सरकार भ्रम न फैलाये, खतियान आधारित स्थानीय नीति को लागू करें सरकार : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि अगर जनभावना के अनुरूप स्थानीय नीति लागू करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं, तो सदन में कहेनुसार उसे लागू करें। राज्य को भ्रम में रखने से उन्हें बचना चाहिए। इसलिए कि एक बार वे विधानसभा में ही कह चुके हैं कि 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू नहीं किया जा सकता। जबकि पांच सितंबर को विधानसभा के विशेष सत्र में उन्होंने कहा है कि स्थानीय नीति लागू करेंगे और ओबीसी को आरक्षण भी देंगे। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आजसू प्रमुख ने कहा कि चुनाव में भी झामुमो ने वादा किया था कि नए सिरे से स्थानीय नीति लागू करेंगे। लेकिन सरकार के तीन साल होने को हैं, इस मुद्दे पर उनका रुख और रवैया स्पष्ट नहीं है।

सरना कोड को लेकर राष्ट्रपति से मिलेंगे

उन्होंने कहा कि जनगणना कॉलम में आदिवासियों के लिए जगह सुनिश्चित करने के लिए सरना कोड लागू करने की मांग भी आजसू की तरफ से लंबे समय से की जाती रही है। सदन से लेकर सड़क तक पार्टी के दिवंगत विधायक कमलकिशोर भगत इसे उठाते रहे। पार्टी ने निर्णय लिया है कि एक प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उनका ध्यान दिलायेंगे।

खेल नीति लागू करने से पहले नीयत स्पष्ट होनी चाहिए : सुदेश महतो ने आज लागू होनेवाली खेल नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि नीति लागू करने से पहले नीयत स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य केंद्र बिंदु इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करना होना चाहिए। राज्य में खेल को लेकर बहुत संभावनाएं हैं। सरकार को खेल को अतिरिक्त विषय के रूप में नहीं, बल्कि मूल विषय के रूप में देखना होगा।

नियोजन नीति की भी घोषणा करें : श्री महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री अगर सदन में कोई बात कहें, तो उसकी गंभीरता भी दिखनी चाहिए। स्थानीय नीति के साथ सरकार नियोजन नीति भी लागू करे। लेकिन स्थानीय नीति और नियोजन नीति को लेकर सत्ता की अगुवाई करने वाले झामुमो पर लोगों का विश्वास नहीं ठहरता। तब झामुमो के अतीत पर भी सवाल खड़े हो जाते हैं। अगर झामुमो चाहता, तो 1993 में झारखंड अलग राज्य बन जाता, लेकिन उसने सौदे की राजनीति चुनी।

23 सितंबर से शुरू करेंगे अभियान : उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति लागू करने में 1932 का खतियान केंद्र में रहना चाहिए। जबकि अंतिम सर्वे को इसका आधार बनाना होगा। आजसू पार्टी इस मुद्दे पर लगातार आवाज उठाती रही है और मौजूदा परिस्थितियों में सरकार पर दबाव बनाये रखने के लिए हम तत्पर हैं।

न्यूज गैलरी

लंबी कूद खिलाड़ी जेस्विन एल्ड्रिन ने 'गोल्डन फ्राई सीरीज मीट' में जीता गोल्ड



नयी दिल्ली (एजेंसी)। लंबी कूद में भारत के शीर्ष खिलाड़ी जेसविन एल्ड्रिन ने 8.12 मीटर के प्रभावशाली प्रयास के साथ लिकटेंस्टीन में आयोजित तीसरी 'गोल्डन फ्राई सीरीज एथलेटिक्स मीट' में स्वर्ण पदक जीता। एल्ड्रिन ने पहली बार भारत के बाहर आठ मीटर की बाधा पार की है। वह पिछले मुकाबलों में आठ मीटर की दूरी छूने में नाकाम रहे थे। एल्ड्रिन ने ट्वीट किया, लिकटेंस्टीन में 'गोल्डन फ्लाई सीरीज' में 8.12 मीटर के प्रयास के साथ वास्तव में खुश हूं। यह लंबा सत्र रहा, जिसमें अभी एक और स्पर्धा है। रविवार को इसमें चेक गणराज्य के राडेक जुस्का 7.70 मीटर के साथ दूसरे जबकि नॉर्वे के हेनरिक फ्लैटनेस 7.66 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर थे। लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा कर रहे त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावल 7.58 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे।

तरनदीप और रोहित रहे गढ़वाल के हीरो

नयी दिल्ली (एजेंसी)। गढ़वाल एफसी ने को रोहित गोसाईं के शानदार गोल और गोली तरणजीत के जानदार बचाव से दिल्ली प्रीमियर लीग के एक महत्वपूर्ण मैच में सुदेवा दिल्ली एफसी को हराकर न सिर्फ पूरे अंक पाये बल्कि पराजित टीम की खिताबी उम्मीदों को भी आहत किया। आज यहां नेहरू स्टेडियम पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में दो पेनल्टी गंवाने वाली सुदेवा अपनी हार के लिए खुद जिम्मेदार रही। गढ़वाल की जीत के हीरो गोलकीपर तरणजीत रहे, जिसने दो स्पॉट किक बचा कर वाहवाही लूटी। गढ़वाल ने भी मौके गंवाए लेकिन अंतिम मिनटों में रोहित गोसाईं ने दर्शनीय हेडर से विजयी गोल जमाया। आज के नतीजे से सुदेवा 16 मैचों में 28 और गढ़वाल 29 आकों पर है, जबकि दिल्ली एफसी 33 अंक लेकर शीर्ष पर चल रही है। खेलों इंडिया महिला प्रीमियर लीग में सिग्नेचर और हंस क्लब ने ग्रोइंग और रॉयल रेंजर्स को क्रमशः दो-दो गोलों से हराकर पूरे अंक अर्जित किये। सिग्नेचर के लिए प्लेयर ऑफ द मैच आशा और अनुष्का शमूएल ने गोल किए। हंस क्लब के दोनों गोल अनीता ने जमाये। प्रेरणा को श्रेष्ठ खिलाड़ी आंका गया।

कप्तानी पर आजीवन बैन को बदलने पर चर्चा करेंगे वॉर्नर व क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

सिडनी (एजेंसी)। डेविड वॉर्नर आगामी हफ्तों में खुद की कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध को समाप्त करने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से चर्चा करेंगे क्योंकि बोर्ड पूर्व वनडे कप्तान आरोन फिंच की जगह यह जिम्मेदारी किसी अन्य खिलाड़ी को सौंपना चाहता है। फिंच ने खराब फॉर्म के कारण रविवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जबकि अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिये महज 12 महीने का समय बचा है। टेस्ट कप्तान पैट कमिंस इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए प्रबल दावेदार हैं, लेकिन यह निर्भर करेगा कि वह अपना कार्यभार संभाल सकेंगे या नहीं। लेकिन वॉर्नर भी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं क्योंकि कई पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों ने उनके आजीवन प्रतिबंध को समाप्त करने की बात कही है। वॉर्नर ने कहा, मैंने निक हॉकले से बात की है, हम मिलने की कोशिश करेंगे।'

कोई उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि टीम के प्रयासों का परिणाम है : सविता

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता ने एफआईएच महिला गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड 2021-22 के लिए नामित होने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें लगता है कि वह सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। पिछले संस्करण में इसी श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाली सविता ने कहा कि उनके साथियों और कोचिंग स्टाफ का समर्थन मददगार साबित हुआ है। सविता ने कहा, लगातार वर्षों में नामांकित होने के बारे में मुझे काफी अच्छा लग रहा है। हमने पूरे साल टोक्यो 2020 ओलंपिक के बाद कड़ी मेहनत की। नामांकन प्राप्त करने से मुझे लगता है कि मैं प्रशिक्षण में सही दिशा में आगे बढ़ रही हूं।

32 वर्षीय सविता ने कहा, कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों ने काफी सहयोग किया है। हमने हमेशा हर प्रतियोगिता में एक साथ काम किया है। हम में से किसी के लिए कोई उपलब्धि व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि टीम के प्रयासों का परिणाम है। एक गोलकीपर के रूप में, मेरा काम यह सुनिश्चित करना है टीम मेरे प्रदर्शन से खुश है और हम सभी परिणाम प्राप्त करने में एक-दूसरे की मदद करने का प्रयास करते हैं। यदि हम में से एक को नामांकित किया जाता है, तो टीम के प्रत्येक सदस्य को प्रशंसा मिलती है और यही मुझे खुश करता है।

सविता ने एफईएच प्रो लीग 2021/22 के डेब्यू सीजन में कप्तान के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व किया, जहाँ टीम तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व किया, जहां भारत ने न्यूजीलैंड को 1-1 (शूट आउट में 2-1) से हराकर प्रतिष्ठित कांस्य पदक जीता।

दोहरी जिम्मेदारियों पर बोलते हुए, सविता ने कहा, गोलकीपर की स्थिति एक अलग जिम्मेदारी है। एक अनुभवी गोलकीपर के रूप में, मैं हमेशा इस मानसिकता के साथ प्रशिक्षण लेती हूं कि मुझे टीम की मदद करनी है। एक कप्तान के रूप में, आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है क्योंकि आपको अपने खेल का ध्यान भी रखना पड़ता है और अपनी टीम के प्रदर्शन को भी संभालें रखना होता है। उन्होंने कहा, यह संभव है कि किसी दिन आपकी टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हो, इसलिए आपको उन्हें एक कप्तान के रूप में प्रेरित करना होगा। लेकिन मुख्य कोच जेनेके शोपमैन के अंडर में काम करते हुए, हम जिम्मेदारियों को आपस में बांटने में सक्षम हैं, इसलिए मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिली है और हम बिना दबाव महसूस किए खुलकर खेल रहे हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम 29 अगस्त से प्रशिक्षण शिविर में है, क्योंकि वे दिसंबर में खेले जाने वाले आगामी एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप की तैयारी कर रही हैं। टीम अगले साल होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए भी उत्सुक है।

सविता ने बताया कि कैसे बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने से शिविर में सकारात्मक माहौल बना है। उन्होंने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने के बाद, हम सभी काफी प्रेरित महसूस कर रहे थे और हम सभी शिविर शुरू होने के लिए उत्सुक थे ताकि हम उन क्षेत्रों पर काम करना शुरू कर सकें जहां हम सुधार कर सकते हैं। सभी खिलाड़ी शिविर में वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और यह शिविर में काफी सकारात्मक माहौल है।

उन्होंने कहा, अगले साल हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण टूनामेंट एशियाई खेल है हम दिसंबर में एफआईएच नेशंस कप में भी भाग लेंगे, लेकिन हमारा मुख्य लक्ष्य अगले साल एशियाई खेलों के लिए तैयार होना है।

एशिया कप : कोहली की ओपनिंग निश्चित तौर पर भारतीय टीम के लिए बड़ा विकल्प : गावस्कर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत भले ही एशिया कप 2022 नहीं जीत पाया लेकिन धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म में वापसी से भारतीय प्रशंसकों को काफी खुशी हुई। पाकिस्तान के खिलाफ अपने 100वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 35 रन बनाते हुए वह बेहद खराब थे। लेकिन जैसे-जैसे टूनामेंट आगे बढ़ा, उनका प्रवाह बढ़ता गया। दो अर्धशतक और एक शून्य के बाद कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ 122 रनों की पारी खेली जिसमें 1020 दिनों के प्रारूप में अपने शतक का सूखा समाप्त हुआ। अब, भारत के पूर्व क्रिकेटर रोहन गावस्कर को लगता है कि कोहली अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी 20 विश्व कप से पहले बल्लेबाजी की शुरूआत करना एक बड़ा विकल्प बन सकते हैं।

रोहन ने कहा, देखो, विराट को ओपनिंग करनी चाहिए, मुझे लगता है कि यह एक बढ़िया विकल्प है। आप उनके टी 20 नंबरों को देखें, वे उत्कृष्ट हैं। उनका औसत लगभग 55-57 है और उनका स्ट्राइक रेट लगभग 160 है। वे अभूतपूर्व संख्याएं हैं। उनकी आखिरी पारी, फिर से 122 रनों की नाबाद पारी आपको बताती है कि उन्हें शायद ओपनिंग भी पसंद है। उन्होंने कोहली की एक पुरानी बात को याद करते हुए कहा कि वह आईपीएल में ओपनिंग करना चाहते थे। उन्होंने कहा था कि यही वह स्थान है जहां मैं बनना चाहता हूं। इसलिए, यह स्पष्ट रूप से कुछ ऐसा है जो वह करना चाहते हैं। इसलिए, यह निश्चित रूप से भारतीय टीम के लिए एक बड़ा विकल्प है। कोहली के फिर से अपने दबदबे वाले पुराने स्वर के लक्षण दिखाने के साथ उनके साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करने का मतलब होगा कि केएल राहुल को ग्यारह से बाहर होना होगा। सूर्यकुमार यादव को तीन पर धकेल दिया जाएगा। कुछ ऐसा जो गावस्कर के अनुसार एक संभावना हो सकती है।

जाफर ने सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले खिलाड़ियों को चुना, कोई भारतीय शामिल नहीं

पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज को एशिया कप 2022 में सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले खिलाड़ियों में से एक के रूप में चुना। इस लिस्ट में तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज भी शामिल हैं। गुरबाज ने पांच मैचों में 163.44 के स्ट्राइक रेट और 84 के शीर्ष स्कोर से 152 रन बनाकर टूर्नामेंट का समापन किया। एक शो में एशिया कप में उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले खिलाड़ियों के बारे में पूछे जाने पर जाफर ने कहा, सामान्य नामों के अलावा, मैं बिना किसी संदेह के साथ रहमानुल्ला गुरबाज का नाम लूंगा। उनके अलावा, मैं फजलहक फारूकी के साथ जाउंगा, भले ही उनके एशिया कप का मुख्य आकर्षण वे दो गेंदें (पाकिस्तान के खिलाफ) होंगी। लेकिन उनके पास बहुत कौशल है, जिस तरह से उन्होंने नई गेंद से गेंदबाजी की, खासकर दुबई की परिस्थितियों में, उनके बारे में बहुत कुछ पसंद है। जाफर ने पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज की भी तारीफ करते हुए कहा कि गेंद से उनका प्रदर्शन और भारत के खिलाफ बल्ले से कैमियो अच्छा था। मुंबई के पूर्व सलामी बल्लेबाज को भी लगता है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने उन्हें पर्याप्त गेंदबाजी नहीं करके फाइनल में एक चाल चली। मैं कहूंगा कि बाबर आजम ने आज (फाइनल) पर्याप्त गेंदबाजी नहीं करके एक चाल से चूक गए। लेकिन गेंदबाजी के लिहाज से वह काफी अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने बाएं हाथ के बल्लेबाजों को भी रन लेने नहीं दिया। उनके पास बहुत अच्छा टूर्नामेंट भी था।

मीडिया कप फुटबॉल : गंगा, दामोदर और मयूराक्षी भी सेमीफाइनल में

15 सितंबर को खेले जायेंगे सेमीफाइनल मुकाबले

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे मीडिया कप फुटबॉल के तीसरे दिन टीम गंगा ने टीम भैरवी को 3-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं टीम दामोदर ने टीम स्वर्णरेखा के साथ और टीम मयूराक्षी ने टीम अजय के खिलाफ मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रोक सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। मंगलवार को मुख्य स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में टीम गंगा ने मैन ऑफ द मैच भुवनेश्वर महतो के शानदार मैदानी गोल की बदौलत टीम भैरवी के खिलाफ पहले ही मिनट में 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद राजेश सिंह ने 21वें और प्रमोद सिंह ने 29वें मिनट में गोल दाग टीम को 3-0 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही गंगा ग्रुप। का विजेता बना। एथलेटिक्स प्रैक्टिस ग्राउंड में मयूराक्षी और अजय के बीच खेला गया पहला मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा। मयूराक्षी के कुमार सौरव ने मैच के 6ठे मिनट में गोल दाग बढ़त दिलाई लेकिन अजय के मनोज ने 15वें मिनट में गोल दाग मुकाबला बराबरी पर ला दिया। मैच का अंत इसी स्कोर पर हुआ और मयूराक्षी ग्रुप ठ से उपविजेता बनते हुए सेमीफाइनल में पहुंच गई। मुख्य स्टेडियम में दूसरा मुकाबला वॉक ओवर के साथ खत्म हुआ। निर्धारित समय तक अमानत के खिलाफ मैच के लिए शंख के मात्र 5 खिलाड़ी ही मैदान पहुंचे। इसके बाद रेफरी ने टीम पूरा करने के लिए शंख को 20 मिनट का वक्त दिया। इसके बाद टीम अमानत के पक्ष में फैसला सुनाया गया। एथलेटिक्स प्रैक्टिस ग्राउंड के दूसरे मुकाबले में टीम दामोदर ने टीम स्वर्णरेखा को 1-1 की बराबरी पर रोक सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैच के 21वें मिनट में नदीम जफर ने स्वर्णरेखा के लिए गोल किया। दामोदर को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए एक गोल की दरकार थी और दामोदर के शंकर ठाकुर ने 30वें मिनट में गोल दाग सेमीफाइनल का टिकट कन्फर्म करा दिया। पहले सेमीफाइनल में टीम गंगा और टीम मयूराक्षी के बीच होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में टीम अजय और टीम दामोदर के बीच खेला जाएगा। मंगलवार के मैच में गंगा बनाम भैरवी में भुनेश्वर महतो, मयूराक्षी बनाम अजय में मनोज कुमार और स्वर्णरेखा बनाम दामोदर में रंजीत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैन ऑफ द मैच क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा व पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह ने मैच के बाद ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच का चयन रेफरी और लाइंस मैन की टीम ने किया।

रेणुका सिंह गेंदबाजों की टी-20 रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंची, दीप्ति सातवें स्थान पर बरकरार

दुबई (एजेंसी)। भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में पांच पायदान की छलांग से 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि स्पिनर दीप्ति शर्मा सातवें स्थान पर बरकरार हैं। पिछले हफ्ते चेस्टर ली स्ट्रीट में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की नौ विकेट की हार के दौरान चार ओवर में सिर्फ 23 रन देकर किफायती गेंदबाजी करने वाली रेणुका के 612 रेटिंग अंक हैं। दीप्ति शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज बनी हुई हैं जबकि आलराउंडर की सूची में भी वह चौथे स्थान पर बरकरार हैं। बल्लेबाजों की सूची में वह तीन पायदान ऊपर 33वें और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष चार पायदान ऊपर 75वें स्थान पर पहुंच गईं। बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना (710 अंक) चौथे स्थान के साथ सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय खिलाड़ी हैं जबकि शेफाली वर्मा (686) और जेमिमा रोड्रिग्स (624) क्रमशः छठे और 10 वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की ऑलराउंडर सारा ग्लेन भारत के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद हमवतन सोफी एक्लेस्टोन के करीब पहुंच गई हैं। सारा करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की बराबरी करते हुए दूसरे स्थान पर हैं और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी से सिर्फ 13 रेटिंग अंक पीछे हैं।

टी-20 विश्व कप : भारतीय टीम में ऋषभ पंत के चयन से फैंस नाखुश

नयी दिल्ली। बीसीसीआई ने इस साल ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले 2022 टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। इस बीच चयनकर्ताओं ने आगामी टूर्नामेंट के लिए दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पंत का हाल ही में समाप्त हुए 2022 टी20 एशिया कप में बहुत खराब प्रदर्शन था। बाएं हाथ के बल्लेबाज को कुछ मौके दिए गए लेकिन वह बल्ले से प्रभाव डालने में नाकाम रहे और क्रिकेट विशेषज्ञों ने उनकी आलोचना की।

उर्वशी रौतेला ने पंत से हाथ जोड़कर मांगी माफी, वीडियो आया सामने

एक समय रिलेशनशिप में रहे भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के बीच कुछ दिनों पहले कहा सुनी हुई। जिसे के लेकर सोशल मीडिया पर भी दोनों सुर्खियों में रहे। लेकिन लगता है कि उर्वशी इस कॉंट्रोवर्सी को आगे ना बढ़ाते हुए यही पर इसका अंत करना चाहती हैं और हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने पंत से माफी मांगी है। उर्वशी से पूछा गया कि आरपी (ऋषभ पंत) के लिए कोई मैसेज हैं, आप थोड़ा सा घुमा रहे इसलिए मैं आपसे सीधे पूछता हूं? इस पर उर्वशी ने कहा, सीधी बात नो बकवास, इसलिए मैं कोई बकवास नहीं करूंगी। उर्वशी ने आगे कहा कि कुछ भी कहने को नहीं है, सॉरी, मुझे माफ कर दो। इसी के साथ ही वह कैमरे पर दोनों हाथ जोड़ते हुए भी नजर आई। गौर हो कि बीते दिनों ऊर्वशी ने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मिस्टर आर.पी. उनसे मिलने दिल्ली के होटल में आए थे। उन्होंने उनका 10 घंटे इंतजार किया और 17 बार कॉल भी की। ऊर्वशी ने इस दौरान पंत और उनके बीच हुए विवाद के लिए मीडिया को भी जिम्मेदार ठहराया था। पंत ने इसके बाद इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था- यह हास्यास्पद है कि कैसे लोग सिर्फ पॉपुलेरिटी और सुर्खियों में बने रहने के लिए इंटरव्यू में झूठ बोल लेते हैं। दुखद है कि कुछ लोग कैसे नाम और प्रसिद्धि के कितने प्यासे होते हैं। भगवान उनका भला करे। पंत ने पोस्ट में हैशटैग के साथ लिखा- मेरा पीछा छोड़ दो बहन, झूठ की भी लिमिट होती है। इसके बाद उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, 'छोटू भैया को बैट बॉल खेलना चाहिए। मैं कोई मुन्नी नहीं हूं बदनाम होने के लिए यंग किडो डार्लिंग्स तेरे लिए, रक्षाबंधन मुबारक हो, आरपी, छोटू भैया। इसी के साथ ही उन्होंने साइलेंट गर्ल का एडवांटेज ना ले वाला हैशटैग भी इस्तेमाल किया। हालांकि इसके बाद पंत ने कोई जवाब नहीं दिया।

ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में लोहरदगा के खिलाड़ियों का जलवा, कुडू पहुंचने पर जोरदार स्वागत

45 स्वर्ण, 41 रजत और 26 कांस्य सहित कुल 112 मेडल हासिल कर जिले को किया गौरवान्वित

नवीन मेल संवाददाता

कुडू-लोहरदगा। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली लोहरदगा की कराटे की टीम ने एक बार फिर 112 मेडल हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। क्रीड़ा भारती पलामू के तत्वाधान में आयोजित 10 से 11 सितंबर तक डाल्टेनगंज के गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में आयोजित ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2022 में 45 स्वर्ण, 41 रजत और 26 कांस्य सहित कुल 112 मेडल झटक कर जिले को गौरवान्वित किया है। मेडल जीत जिला लौटी कराटे टीम का प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में सीओ प्रवीण सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी, उप प्रमुख ऐनुल अंसारी आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया

और उज्ज्वल भविष्य का कामना करते हुए पुरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। टीम के कोच सह कराटे संघ लोहरदगा के अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार के बक्सर और महाराष्ट्र के नासिक की टीम के अलावा झारखंड से पलामू, लोहरदगा, गढ़वा, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, चाईबासा और रामगढ़ की टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमे 125 मेडल प्राप्त कर पलामू पहले, 112 मेडल के साथ लोहरदगा दूसरे और 77 मेडल प्राप्त कर गढ़वा की टीम तीसरे स्थान पर रही। लोहारदगा की टीम 'झांसी' में 70 सदस्य थे। इनमें से 61 लड़कियां जबकि मात्र 9 लड़के ही थे। सम्मान समारोह में संघ के चंद्रगुप्त महली, बिस सूत्री सदस्य रमेश उरांव, पसस मन्नान अंसारी सहित कई अभीभावक उपस्थित थे।

चार बेस्ट अवॉर्ड में तीन लोहरदगा के नाम

प्रतियोगिता में कुल चार बेस्ट अवार्ड में तीन लोहरदगा की झोली में आये। कुमितो में अभिषेक उरांव, काता में मरियम परवीन और अंजलि कुमारी को हासील हुए। सभी खिलाड़ियों को क्रीड़ा भारती के मुख्य संरक्षक, पलामू सांसद सह पूर्व डीजीपी बीड़ी राम, जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी, पलामू ओलंपिक एशोसिएशन के अविनाश वर्मा, प्रान्त मंत्री राजीव कुमार, विभाग प्रमुख श्याम बाबू, उपाध्यक्ष सनत चटर्जी, आईएसकेएफ के संस्थापक अध्यक्ष राशिद अनवर अंसारी सहित अन्य अतिथितियों द्वारा ट्रॉफी और ट्रेक शूट देकर पुरष्कृत किया।